# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, रविवार 18 मई 2025




विदेश मंत्रालय ने दी सफाई- तथ्यों की की गई गलत व्याख्या

# जयशंकर के बयान पर बवाल, पाक को थी पहले से ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े एक वीडियो के सामने आने के बाद देश में मचे राजनीतिक घमासान के बीच शनिवार को विदेश मंत्रालय के बाहरी प्रचार (एक्सपी) विभाग ने सफाई दी है। जिसमें बताया गया कि विदेश मंत्री ने कहा था कि हमने सैन्य अभियान को लेकर पाकिस्तान को शुरुआत में ही चेतावनी दी थी। जो कि साफ तौर पर ऑपरेशन सिंदूर के शुरू होने के शुरुआती चरण में थी। इसे गलत तरीके से ऑपरेशन शुरू होने से पहले की चेतावनी के तौर पर पेश किया जा रहा है। तथ्यों की पूरी तरह से गलत व्याख्या की गई है। जिसकी निंदा की जाती है।

## पीआईबी का पोस्ट

इन सबके बीच केंद्र सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने फैक्ट चेक कर एक्स पोस्ट के जरिए बताया कि विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत से पहले पाकिस्तान को सूचित करने जैसा कोई बयान नहीं दिया है। उन्हें और उनकी कही हुई बात को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

## राहुल ने साधा निशाना, पूछा- हमारी वायुसेना ने कितने विमान खोए?






## जयशंकर का वीडियो

एक वीडियो में विदेश मंत्री यह कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि हमने ऑपरेशन की शुरुआत में पाकिस्तान को एक संदेश भेजा था, जिसमें कहा गया था कि हम सेना पर नहीं बल्कि आतंकवादी ढांचों पर हमला कर रहे हैं। इसलिए पाकिस्तानी सेना के पास इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने यानी कुछ न करने का विकल्प है। लेकिन उन्होंने अच्छी सलाह नहीं लेने का निर्णय लिया। बताया जा रहा है, जयशंकर 7 मई की रात 1 से 1:30 बजे के बीच पाकिस्तान और पाक-अधिकृत कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई के बाद डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन्स (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई द्वारा पाकिस्तानी डीजीएमओ मेजर जनरल काशिफ अब्दुल्ला को की गई कॉल का जिक्र कर रहे थे।

## शुरुआत में पाक को बताना एक अपराध : राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने 17 मई को यह दावा किया कि सरकार ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत में ही पाकिस्तान को इस बारे में सूचित कर दिया था। जो कि एक अपराध है। उन्होंने इसे लेकर विदेश मंत्री के एक बयान का वीडियो एक्स पर साझा किया और कहा कि सरकार ने यह स्वीकार किया है कि उसने हवाई हमले की शुरुआत में पाकिस्तान को सूचित कर दिया था। इस बात को खुद विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। कांग्रेस नेता ने मामले पर सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि इसे किसने मंजूर किया? इसके चलते हमारी वायुसेना ने कितने विमान खोए?।

## 'तुम्हारे दिमागों में जो भूसा भरा है वो साफ होगा'



**नई दिल्ली।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तुर्की पर निशाना साधा और उसके पाकिस्तान का समर्थन करने को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि तुर्की को अपने रुख पर एक बार फिर से सोचना चाहिए। इसके अलावा पाकिस्तान में अपनी चर्चाओं पर कहा मुझे देखने सुनने से उनके ज्ञान में इजाफा होगा। दरअसल, पाकिस्तान में अपनी चर्चाओं को लेकर उन्होंने कहा कि हम ही पाकिस्तान के निशाने पर हैं। ओवैसी ने पाकिस्तानियों को लेकर कहा, 'देखते रहों दोस्तों, तुम्हारे दिमागों में जो भूसा भरा है, वो साफ होगा, तुम्हारे ज्ञान में इजाफा होगा और अज्ञानता भी कम हो जाएगी।'




## फ्लाइट में चोरी करने वाले चीनी गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट थाना पुलिस ने एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया है और तीन को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान बेनलाई पैन व हिरासत में लिए गए मेंग गुआंगयांग, चांग मांग और लियू जी के रूप में हुई है। आरोपित उस समय लोगों के बैग से क्रेडिट व डेबिट कार्ड और कीमती सामान चोरी करते थे, जब वह सो जाते थे। कार्ड का दुरुपयोग कर वह फेंक देते थे। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

*एयर इंडिया की उड़ान में चोरी की मिली जानकारी*

*आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस को हांगकांग से नई दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान में चोरी की जानकारी मिली थी। पुलिस कर्मी टर्मिनल-तीन के आगमन हाल में पहुंचे और एयर इंडिया कर्मचारियों और पीड़ित यात्रियों से मिले। एक यात्री प्रभात वर्मा ने बताया कि केबिन क्रू ने उनके ओवरहेड बैग के पास किसी को सामान चेक करते हुए देखा था।*

## गाजा में इजरायल का भीषण हमला 24 घंटे में 150 लोगों की हुई मौत

एजेंसी ▶▶| तेलअवीव

गाजा में इजरायली सेना कहर बरपा रही है। हमास को जड़ से खत्म करने के इरादे से आईडीएफ लगातार हमले कर रही है। शनिवार को भी जबरदस्त हमला हुआ, जिसमें 150 लोगों की मौत हो गई है। 450 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। यहां पिछले दो दिनों में 300 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, घेराबंदी और बमबारी वाले क्षेत्र में गाजा पट्टी हमले तेज हो गए हैं। इसी बीच हमास सीजफायर पर बातचीत के लिए तैयार हो गया है। दोनों के बीच कतर में शनिवार को वार्ता शुरू हो गई। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज़ ने कहा कि हमास ने युद्ध समाप्त किए बिना वार्ता से इनकार कर दिया था, लेकिन जबरदस्त हवाई हमलों के बाद हमास के प्रतिनिधियों ने चर्चा करने पर सहमति जताई है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इजरायल के ताजा बमबारी में बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं। ये सीजफायर खत्म होने के बाद हुए हमलों में अब तक का सबसे घातक अटैक माना जा रहा है।

### सीजफायर पर बातचीत के लिए हमास तैयार



### 300 से ज्यादा की मौत

गुरुवार से अब तक इजरायली हमलों में 300 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। जबकि इजरायल का दावा है उसने हमास के कई आतंकियों और उनके ठिकानों को निशाना बनाया है। जंग के बीच अरब देशों के नेता शनिवार को बगदाद में जमा हुए। गाजा में तत्काल युद्ध खत्म करने की मांग की है। इस दौरान फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने गाजा पट्टी की प्रशासनिक और सुरक्षा जिम्मेदारियों को संभालने की मांग की है और हमास को हथियार सौंपने की नसीहत दी है।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, रविवार 18 मई 2025







## खबर संक्षेप

### केदारनाथ में हेली एंबुलेंस की हुई आपात लैंडिंग

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के केदारनाथ में ऋषिकेश स्थित एम्स



द्वारा संचालित 'संजीवनी' हेली एंबुलेंस को तकनीकी खराबी आने के बाद आपात स्थिति में उतारा गया। 'हेली एंबुलेंस' में तीन लोग सवार थे। 'हेली एंबुलेंस' में दो चिकित्सक व एक पायलट सवार थे और वे सभी सुरक्षित हैं। सांस लेने में तकलीफ से पीड़ित एक तीर्थयात्री को बचाने के लिए 'संजीवनी' हेली एंबुलेंस केदारनाथ गई थी।

### धन वसूलने की साजिश के आरोप में दो भाई गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पश्चिमी जिले के पंजाबी बाग इलाके में



अपने दोस्त से धन वसूलने की साजिश रचने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। इस सिलसिले में रोहित नागपाल (35) और उसके छोटे भाई सागर (30) को गिरफ्तार किया गया है। भाइयों ने अपने व्यापार में भारी वित्तीय नुकसान उठाने के बाद बढ़ते कर्ज को चुकाने के लिए जबरन वसूली की योजना बनाई थी।

### बैंक का सर्वर हैक कर 11.55 करोड़ निकाले

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के सर्वर को साइबर



अपराधियों ने कथित रूप से बैंक के एक ग्राहक के मोबाइल फोन एप्लिकेशन के माध्यम से हैक कर लिया और 11.55 करोड़ रुपए की रकम निकाल ली। यह रकम 20 अलग-अलग खातों में भेजी गई। यह साइबर ठगी 11 और 12 मई को की गई।

### स्मारक और म्यूजियम में आज फ्री में एंट्री

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर पुरातत्व सर्वेक्षण भारत ने घोषणा की है कि 18 मई 2025 को देशभर के सभी एएसआई के संरक्षित स्मारकों और संग्रहालयों में आम जनता के लिए प्रवेश शुल्क नहीं लगेगा। हर साल मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का उद्देश्य संग्रहालयों की भूमिका को समझना है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने, शिक्षा को बढ़ावा देने और समुदायों व पीढ़ियों के बीच संवाद स्थापित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### स्टेशन की छत उड़ी, दीवार ढहने से 3 की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में शनिवार दोपहर को तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। न्यू



अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन पर छत पर लगी टीन की छत उखड़ गई। नबी करीम इलाके के अरकांशा रोड में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई। तीन मृतक में दो बिहार और एक उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। पहाड़गंज इलाके में निर्माणाधीन इमारत ढहने के बाद एनडीआरएफ और डॉग स्क्वायड की टीम घटनास्थल पर पहुंची है।

---

## बारिश से पहले रेत का जमकर अवैध भंडारण

# पारागांव में रेत के सैकड़ों टीले सेमरा में भी माफिया राज



*बारिश का सीजन शुरू होने से पहले जिले में रेत का अवैध भंडारण शुरू हो गया है। वैध रूप से संचालित खदानों के ठेकेदारों के साथ अवैध खदानों में भी इन दिनों माफिया रेत का जमकर उत्खनन और भंडारण करने में जुटे हुए हैं। आरंग क्षेत्र के पारागांव में रेत माफिया द्वारा जमकर भंडारण किया जा रहा है। इस गांव में नदी से महज पांच सौ मीटर दूरी से लेकर करीब दो किलोमीटर तक हजारों एकड़ जमीन पर रेत के सैकड़ों टीले बनाकर भंडारण किया गया है। रेत के इन टीलों को देखकर ऐसा लगता है, मानो जम्मू-कश्मीर का कोई ऐसा क्षेत्र है, जहां चारों तरफ बर्फ से ढके पहाड़ हों। पारागांव की तरह अभनपुर क्षेत्र के ग्राम सेमरा में भी रेत का जमकर अवैध खनन और भंडारण किया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए खनिज विभाग या राजस्व विभाग द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।*








हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आरंग के पारागांव में रेत का अवैध भंडारण करने में माफिया ने सारी हदें पार कर दी हैं। एक ओर जहां ठेकेदार द्वारा चेन माउंटेन मशीन, पोकलेन मशीनों को नदी के बीच में उतारकर रेत का उत्खनन कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गांव में जमकर रेत का अवैध भंडारण भी किया जा रहा है। बताया गया है कि इस खदान को विभाग ने ठेके पर दिया है, जहां वैध रूप से उत्खनन तो किया जा रहा है, लेकिन पर्यावरण नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। रेत का भंडारण भी नियमों के खिलाफ जाकर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### धमतरी में जगह-जगह रेत का पहाड़

इस साल बारिश में रेत की भरपूर डिमांड रहने की उम्मीद है। स्थिति को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग रेत भंडारण में लग गए हैं। अभी से 46 भंडारण केंद्रों में रेत डंपिंग का काम शुरू हो गया है। कई स्थानों पर रेत का पहाड़ खड़ा हो गया है। उधर खनिज विभाग ने भी नदी से अंधाधुंध रेत उत्खनन को देखते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। जिले में 15 जून तक मानसून प्रवेश करता है। इससे पहले ही ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सेमरा में भी जमकर खनन-भंडारण

अभनपुर ब्लॉक के सेमरा स्थित नदी घाट पर भी माफिया द्वारा जमकर रेत का उत्खनन कराने के साथ भंडारण कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस घाट में अवैध उत्खनन और भंडारण की शिकायतें कई बार खनिज विभाग से लेकर अभनपुर तहसील कार्यालय में भी की गई हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### टीम भेजकर कार्रवाई करेंगे

ग्राम सेमरा में नदी घाट पर रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की शिकायत आई है। कार्रवाई करने के लिए टीम भेजी जाएगी।

- रवि सिंह, एसडीएम अभनपुर

### *पारागांव के सरपंच, उपसरपंच ने पल्ला झाड़ा*

*एक ओर जहां पारागांव में जमकर अवैध रूप से रेत का भंडारण किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इस गांव के सरपंच एवं उप सरपंच इस अवैध भंडारण को लेकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। गांव की सरपंच अंजू बंजारे के पति शशिकांत बंजारे और उपसरपंच का कहना है कि उन दोनों को गांव का काम संभाले दो महीना ही हुआ है। खदान में रेत का खनन और भंडारण पहले से किया जा रहा है। भंडारण का लाइसेंस लेने वाले कौन-कौन हैं तथा कितना भंडारण करने की अनुमति विभाग से दी गई है, इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि विभाग से इस संबंध में जानकारी मांगी जाएगी। इसके बाद ही वे कुछ बता पाएंगे।*

### बिलासपुर-सरगुजा और कोरबा जिले में होने लगे रेत के अवैध भंडारण

**बिलासपुर/अंबिकापुर/कोरबा।** बारिश को बस एक महीना शेष है। इसके बाद नदियों में एक ओर जहां पानी का बहाव शुरू हो जाएगा, वहीं दूसरी ओर रेत चोरों की ग्राहकी भी चमक उठेगी। इसके लिए जोर-शोर से तैयारियां होने लगी हैं। कोई भी खाली जमीन रेत तस्कर नहीं छोड़ रहे हैं। गली-कूचों में रेत के अवैध भंडारण किए जा रहे हैं। शर्मनाक बात तो यह है कि रेत चोर मरघट तक की जमीन नहीं छोड़ रहे हैं। रेत के अवैध व्यवसाय से जुड़े लोगों में इन दिनों में अपने-अपने भंडारण केंद्रों को रीचार्ज करने की होड़ मची हुई है। नदियां पूरी तरह सूख चुकी हैं, लेकिन एक महीने बाद ही बारिश के आते ही जलभराव के बाद नदियों में बहाव शुरू हो जाएगा। तब नदी से रेत निकालना कठिन हो जाएगा, लेकिन पहले से भंडारण कर रखी गई रेत बेचकर भरपूर मुनाफा कमाना उतना ही आसान हो जाएगा। जिले के रेत माफिया इन दिनों अवैध भंडारण में ही लगे हुए हैं। जमीन मालिकों, किसानों से ▸▸ शेष पेज 5 पर



---

## छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था पर होगी बात, चिकित्सा क्षेत्र के दिग्गज जुटेंगे एक साथ

# हरिभूमि-आईएनएच का आयुष्मान भवः हेल्थ कानक्लेव आज, सम्मानित होंगे सामाजिक सरोकार से जुड़े डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि-आईएनएच का आयुष्मान भवः हेल्थ कानक्लेव-2025 का आयोजन रविवार 18 मई को होटल बेबीलोन केपिटल, वीआईपी चौक में किया जाएगा। इस अवसर चिकित्सकीय सेवा के साथ सामाजिक सरोकार के लिए कार्य करने वाले चिकित्सकों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। प्रदेश का स्वास्थ्य भविष्य में कैसे बेहतर हो, इस पर मंथन होगा। वरिष्ठ चिकित्सक भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर अपना सुझाव भी देंगे।

कार्यक्रम में मौजूद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल इस दौरान सामने आने वाले जिज्ञासाओं का निराकरण करेंगे। कार्यक्रम के दौरान उन सात चिकित्सकों का सम्मान भी किया जाएगा जिन्होंने अपने पेशे के अलावा सामाजिक सरोकारों में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

### यह होंगे सम्मानित

सम्मानित होने वालों में पंडित जवाहर लाल नेहरु स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डा. विवेक चौधरी, राजधानी के वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डा. राकेश गुप्ता, कैशलेस सत्यसाईं संजीवनी हास्पिटल में सेवा देने वाली पीडियाट्रिक हार्ट सर्जन डा. रागिनी पांडे, आँबेडकर अस्पताल के कार्डियोलॉजी प्रमुख डा. स्मित श्रीवास्तव, प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डा. दिनेश मिश्रा, डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के उप अधीक्षक डा. हेमंत शर्मा एवं अबूझमाड़ में सेवा देने वाले डा. बृजनंदन बनपुरिया का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में दो वरिष्ठ चिकित्सकों को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार भी दिया जाएगा।











### कार्यक्रम में शामिल होंगे बतौर अतिथि

हरिभूमि-आईएनएच के आयुष्मान भवः हेल्थ कानक्लेव-2025 के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह करेंगे विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव एवं श्री शंकराचार्य ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन एंड श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज के चेयरमेन आईपी मिश्रा शामिल होंगे।


### कई चुनौतियां के बीच छग में लेकर आए क्षेत्रीय कैंसर संस्थान

प्रदेश में कैंसर की बड़ी समस्या से निपटने और उपचार की सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता थी। क्षेत्रीय कैंसर संस्थान की स्थापना के लिए बड़ी चुनौतियां थी जिसका सामना आंबेडकर



अस्पताल के कैंसर विभागाध्यक्ष रहते डा. विवेक चौधरी ने किया और सफलता मिली। यहां हर साल प्रदेश के साथ दूसरे राज्यों के कैंसर पीड़ितों मरीजों को उपचार का लाभ मिल रहा है। डा. चौधरी ने आंबेडकर अस्पताल अधीक्षक के रूप में 13 साल तक सेवा दी। इस दौरान उपचार सुविधाएं जुटाई गई जिससे मरीजों का विश्वास आंबेडकर अस्पताल के प्रति बढ़ा। रेडियएशन आंकोलॉजी में एमडी स्वीटजरलैंड से फैलोशिप लेने वाले डा. विवेक चौधरी के नाम पर कैंसर से संबंधित की शोध का प्रकाशन हुआ। वर्तमान में डा. चौधरी शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के अधिष्ठाता के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं।

### सरकारी अस्पताल को डॉ. स्मित ने दिलाई अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर पहचान



हृदय संबंधी बीमारियों के इलाज की सुविधा सरकारी अस्पताल में मिलने के सपने को वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डा. स्मित श्रीवास्तव ने साकार किया। आंबेडकर अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग प्रमुख के रूप में उन्होंने ऐसे-ऐसे दुर्लभ प्रोसिजर किया की सरकारी अस्पताल को अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों के इलाज के लिए चौबीस घंटे और सातों दिन उपलब्ध रहने वाले डा. श्रीवास्तव ने अब तक 15 हजार से ज्यादा कार्डियक प्रोसीजर कर लोगों को नया जीवन दिलाया है। निजी अस्पतालों की तुलना में सबसे ज्यादा कार्डियक प्रोसीजर करने के साथ उनके द्वारा ऐसी समस्याओं का समाधान किया जिस पर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### आंखों के इलाज के साथ अंधविश्वास दूर करने का बीड़ा उठा रहे डॉ. दिनेश मिश्रा

शरीर में सबसे नाजुक अंग आंख होता है और समाज में सबसे खतरनाक अंधविश्वास का जहर होता है। डा. दिनेश मिश्रा दोनों बीमारियों



का इलाज करने के लिए अपना दायित्व निभा रहे हैं। वरिष्ठ चिकित्सक के साथ व्यवहार कुशल डा. मिश्रा दिवाली और होली के दौरान निशुल्क शिविर में नेत्र पीड़ा के साथ आने वाले मरीजों का उपचार करते हैं। उन्होंने राजधानी के अलावा गुजरात महाराष्ट्र और प्रदेश के धुर नक्सल प्रभावित इलाकों में भी अपनी सेवा दी है। सामाजिक कुरीतियों और फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी लोगों को समझाने का अभियान सालों से चला रहे हैं। चमत्कार, टोनही जैसे मुद्दों पर ▸▸ शेष पेज 5 पर

### विकलांग बच्चों को खोजकर सर्जरी करवा रहे डॉ. हेमंत शर्मा

डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट के रूप में कार्यरत डा. हेमंत शर्मा अपनी टीम के साथ दूरस्थ इलाकों में सेरिब्रल पाल्सी से पीड़ित बच्चों को खोजकर विकलांगता से छुटकारा दिलाने में



महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। 19 वर्षों से चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर एवं डीकेएस हॉस्पिटल में बस्तर एवं सरगुजा अंचल के जरूरतमंद एवं गरीब मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने में उनका बड़ा योगदान रहा है। उनके द्वारा सहयोगी चिकित्सकों की टीम के साथ दूरवर्ती जिलों में शिविर लगाकर स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई है। चिकित्सकीय पेशे के साथ वंचित वर्ग के बच्चों में शिक्षा का अलख जगाने के लिए भी उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है और इसके लिए एक सामाजिक संस्था के ▸▸ शेष पेज 5 पर

---

## घटना के दौरान मोबाइल से बात किए जाने की आशंका, मोबाइल हुआ ब्लास्ट

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ग्राम भटगांव में एक युवक की मौत हो गई है। घटना के दौरान युवक द्वारा मोबाइल पर बात करने की आशंका जताई जा रही है। शुक्रवार की देर शाम अचानक मौसम ने करवट ली। आंधी



तूफान व तेज-गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई। इसी दौरान रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम भटगांव निवासी रोहित सिन्हा पिता नकुलराम (30) पेशे से ट्रक चालक अपने घर पहुंचा। युवक अपने घर के पीछे बाड़ी में सेप्टिक व बाथरूम बनवा रहा है। जिसमें टाइल्स लगाने का काम चल रहा है। शुक्रवार को मिस्त्री व मजदूर टाइल्स लगाने का काम कर अपने घर चले ▸▸ शेष पेज 5 पर

### मोबाइल का डाटा चालू रहा होगा

घटना की जानकारी होते ही परिजन तत्काल बाड़ी में पहुंच बाथरूम के पास पड़े युवक को उपचार के लिए रक्तदान संस्था एंबुलेंस की मदद से पहले भटगांव के पीएचसी में ले गए। जहां से रिफर करने पर युवक को रात्रि में जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। मोबाइल की स्थिति देख आशंका जताई जा रही है कि घटना ▸▸ शेष पेज 5 पर




# तुर्की-अजरबैजान को बड़ा झटका, 23 संस्थानों से एमओयू रद्द

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का समर्थन करने पर तुर्की का बायकॉट तेज हो गया है। जामिया, जेएनयू और एलपीयू के बाद देश की अन्य विश्वविद्यालय भी तुर्की के शैक्षणिक संस्थानों से शैक्षणिक संबंध खत्म कर रहे हैं। हाल ही में नोएडा की शारदा यूनिवर्सिटी और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने भी मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) तोड़ दिया है।

शारदा यूनिवर्सिटी ने तुक्री के दो विश्वविद्यालयों इस्तांबुल आयदिन यूनिवर्सिटी और हसन काल्योनकु यूनिवर्सिटी के साथ अपने शैक्षणिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। वहीं चंड़ीगढ़ यूनिवर्सिटी ने तुर्की, अजरबैजान की 23 यूनिवर्सिटीज से संबंध तोड़ दिए हैं। यह निर्णय भारत और तुर्की के बीच बढ़ते तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की के प्रति देशव्यापी बायकॉट अभियान के बीच लिया गया है। इससे पहले जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू), जामिया मिलिया इस्लामिया और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) जैसे संस्थानों ने तुर्की से शैक्षणिक संबंध खत्म किए हैं।

## जामिया-जेएनयू के बाद चंडीगढ़, नोएडा के विश्वविद्यालयों ने लिया एक्शन

### 2.84 बिलियन डॉलर का व्यापार होगा प्रभावित

देशभर में तुर्की के सामानों, पर्यटन, और शैक्षणिक सहयोग के खिलाफ बायकॉट की लहर देखी जा रही है। शारदा यूनिवर्सिटी का यह कदम इस अभियान का हिस्सा है, जिसे व्यापारिक संगठनों, पर्यटन निकायों, और सामाजिक मंचों का समर्थन प्राप्त है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी व्यापारिक संबंधों को समाप्त करने का आह्वान किया है और 125 से अधिक व्यापारिक नेता इस बायकॉट में शामिल हो चुके हैं। यह कदम न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि भारत-तुर्की संबंधों पर भी गहरा प्रभाव डाल सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह बायकॉट अभियान तुर्की के साथ भारत के 2.84 बिलियन डॉलर के व्यापार को प्रभावित करेगा।




## हालिया तनाव में भारत के खिलाफ पाकिस्तान का किया था समर्थन



### शारदा यूनिवर्सिटी ने यह कहा

शारदा यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता के अनुसार, यह फैसला राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए लिया गया है। हर साल तुर्की से कई छात्र शारदा यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के लिए आते थे और इन एमओयू के तहत छात्र-शिक्षक विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त अनुसंधान, और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा दिया जाता था। हालांकि, तुर्की द्वारा पाकिस्तान के समर्थन और ऑपरेशन सिंदूर की निंदा के बाद भारत में तुर्की के खिलाफ लगातार बायकॉट किया जा रहा है।


### बॉयकॉट करने के लिए उठाए बड़े कदम

- पाकिस्तान को सपोर्ट करने के कारण तुर्की का भारत में बॉयकॉट हो रहा है। न केवल ट्रैवल कैंसिलेशन बढ़े हैं, बल्कि सेब और मार्बल सहित तुर्की से इंपोर्ट किए जाने वाले हर सामान का बॉयकॉट किया जा रहा है। भारत के ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म जैसे कि ईजमाईट्रिप और इक्सिगो ने सुरक्षा जोखिम और राजनीतिक तनाव का हवाला देते हुए तुर्की और अजरबैजान की यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी की है।
- भारत के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ अपने समझौते को निलंबित कर दिया। एएमयू ने भी शैक्षिक संबंध खत्म किए।
- पुणे के व्यापारियों ने तुर्की से सेब खरीदना बंद करने का फैसला किया है। इसके बजाय वे हिमाचल, उत्तराखंड, ईरान और अन्य क्षेत्रों से सेब खरीद रहे हैं। उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स एसोसिएशन ने मार्बल का आयात रोकने का सरकार से आग्रह किया है। कानपुर के व्यापारियों ने 80% ऑर्डर कैंसिल कर दिया है। जयपुर के कारोबारियों ने करोड़ों के ऑर्डर रोक दिया है।
- अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ग्राउंड हैंडलिंग सर्विसेज के लिए तुर्किए की फर्म सेलेबी के साथ अपनी पार्टनरशिप खत्म कर दी है।
- भारत में तुर्की का बॉयकॉट लगातार बढ़ता जा रहा है। ट्रैवल एजेंसियों और व्यापारी संगठनों के बाद देश के प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मिंत्रा और रिलायंस की स्वामित्व वाली एजिओ ने भी तुर्की का प्रोडक्ट बेचना बंद कर दिया है। इन प्लेटफॉर्म्स पर ये ब्रांड अब आउट ऑफ स्टॉक हो गए हैं।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर बड़ी कार्रवाई : धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई बताया। इस दौरान उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद किए गए ऑपरेशन सिंदूर और 2011 में अमेरिकी सेना द्वारा ओसामा बिन लादेन की हत्या के बीच समानताएं बताईं। साथ ही कहा कि अमेरिका ने ऐसे ही पाकिस्तान में घुसकर लादेन को मारा था। ऑपरेश सिंदूर को आतंकवाद के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी सीमा पार की गई भारत की कार्रवाई बताया। 11 सितंबर के हमलों के मास्टरमाइंड को खत्म करने के लिए 2 मई 2011 को पाकिस्तान में की गई अमेरिकी कार्रवाई का जिक्र किया।



### आरजेडी चीफ लालू यादव के घर की होगी कुर्की

**सिवान।** राष्ट्रीय जनता दल (RJD) प्रमुख लालू प्रसाद यादव की परेशानी बढ़ गई है। सिवान की एक अदालत ने उनकी संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया है। यह आदेश 2011 के एक मामले से जुड़ा है। लालू यादव पर चुनाव के दौरान नियमों को तोड़ने का आरोप है। अदालत ने यह फैसला उनकी लगातार गैरहाजिरी के कारण लिया है। 2011 में लालू यादव पर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है।



### मुंबई एयरपोर्ट और ताज होटल को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** ईमेल से आए दिन किसी ने किसी शहर में बम से उड़ाने की धमकियां आती रही हैं। कुछ ऐसी ही धमकी अब मुंबई एयरपोर्ट और ताज महल पैलेस होटल को लेकर आई है। इन दोनों को ही बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ईमेल के जरिए आई इस धमकी में दोनों ही प्रीमियम सार्वजनिक जगहों को बम से नेस्तानाबूद करने की बात कही गई है। ताज और मुंबई एयरपोर्ट को उड़ाने को लेकर ईमेल में आतंकी अफजल गुरु और सैवक्कू शंकर का जिक्र किया गया है।



### मथुरा में हिरासत में लिए गए 90 बांग्लादेशी नागरिक



**मथुरा।** यूपी के मथुरा में थाना नौहझील पुलिस ने अवैध रूप से रह कर ईट भट्टे पर मजदूरी कर रहे 90 बंग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है और पूछताछ करने में जुटी हुई है। बड़ी संख्या में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों पर शिकंजा कसने के साथ ही अन्य एजेंसियां भी पूछताछ में सक्रिय हो गई हैं। फिलहाल पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है और इनके भारत में एंट्री करने के नेटवर्क को खंगालना शुरू कर दिया है।

## एनआईए ने लिया 10 दिन की हिरासत में

# पुणे मॉड्यूल केस, मुंबई से पकड़े गए आईएसआईएस के दो आतंकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित आईएसआईएस आतंकी संगठन के स्लीपर मॉड्यूल के सदस्यों के रूप में पहचाने गए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अब्दुल्ला फैयाज शेख उर्फ डायपरवाला और तल्हा खान को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उस समय रोका गया था, जब वे जकार्ता से भारत लौट रहे थे। इसके बाद एनआईए की टीम ने उन्हें 16 मई को हिरासत में ले लिया।

दोनों आरोपी पिछले दो साल से फरार थे। उनके खिलाफ मुंबई में एनआईए की विशेष अदालत द्वारा गैर-जमानती वारंट भी जारी किए गए थे। एनआईए ने दोनों आरोपियों की जानकारी के लिए 3-3 लाख रुपए का इनाम रखा था। इस मामले में पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल के आठ सदस्य पहले से ही गिरफ्तार हो चुके हैं। उनको न्यायिक हिरासत में रखा गया है।

### ये है आरोप

इन पर भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के आईएसआईएस के एजेंडे को आगे बढ़ाने और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का आरोप है।पहले से ही गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों के साथ चार्जशीट किए गए ये दोनों लोग पुणे के कोंढवा में अब्दुल्ला फैयाज शेख द्वारा किराए पर लिए गए घर से आईईडी को एकत्र करने में लगे हुए थे। साल 2022-2023 की अवधि के दौरान उन्होंने आईईडी का परीक्षण करने के लिए एक नियंत्रित विस्फोट करने के अलावा ट्रेनिंग में भी हिस्सा लिया था। इससे पहले इसी केस में एनआईए ने सात आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर किया था। इन आरोपियों की पहचान मोहम्मद इमरान, मोहम्मद याकूब साकी, अब्दुल कदीर, नसीरुद्दीन काजी, जुल्फिकार अली, शमील साकिब नाचन और आकिफ अतीक नाचन के रूप में हुई थी. इनमें से दो आरोपी मध्य प्रदेश और पांच महाराष्ट्र के रहने वाले हैं।

मुंबई में विशेष एनआईए अदालत ने पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों अब्दुल्ला फैयाज शेख उर्फ डायपरवाला और तल्हा खान को 27 मई तक एनआईए हिरासत में भेज दिया।

**इंडोनेशिया से लौटते समय एयरपोर्ट पर किए गए गिरफ्तार**



पिछले दो साल से फरार थे दोनों आरोपी

### आईएसआईएस के लिए करते थे फंड इकट्ठा

इन के खिलाफ आरोप है कि ये इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के लिए आतंकी गतिविधियों को आगे बढ़ाने के इरादे से फंड इकट्ठा करते थे। एनआईए की चार्जशीट में कहा गया कि आरोपियों ने आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए थे। कई वांछित आतंकवादियों को शरण दी थी. आईईडी बनाने के लिए जरूरी सामान एकत्र कर रखा था। इन्होंने लोगों में आतंक की दहशत पैदा करने और धमकी देने के इरादे से आईएसआईएस की आतंकवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने की साजिश रची थी. ये सभी भारत की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के लिए खतरा हैं। एनआईए के एक अधिकारी ने कहा था, 'हमारी जांच में इन लोगों के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन का पता चला है। ये आईएसआईएस के संपर्क में थे।'

### कश्मीर के कई इलाकों में एसआईए की रेड

**श्रीनगर।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से प्रदेश में सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा लगातार आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर भी एक्शन लिया गया। सरकार ने इसके लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसी बीच राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने मध्य और उत्तरी कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की है। ये छापेमारी शनिवार सुबह को शुरू हुई। यह अभियान क्षेत्र में संदिग्ध आतंकवाद संबंधी गतिविधियों पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। कश्मीर के जिन इलाकों में छापेमारी की जा रही है, उनमें सोपोर, बारामूला, हंदवाड़ा, गांदरबल शामिल हैं। इसके अलावा भी श्रीनगर में कई जगहों पर तलाशी ली गई।

# फिर पलटे ट्रंप, भारत-पाक सीजफायर का लिया क्रेडिट

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फिर से चर्चा में हैं। और हर बार की तरह इस बार वजह है उनका एक और यू-टर्न. एक न्यूज वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने दावा किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूक्लियर युद्ध जैसे हालात को रोकने में उनकी कूटनीति ने बड़ी भूमिका निभाई।

यही नहीं, ट्रंप ने इसे अपनी सबसे बड़ी कामयाबियों में गिनाया। लेकिन हैरानी की बात ये है कि दो दिन पहले ही कतर में उन्होंने कहा था कि मैं यह नहीं कह रहा कि मैंने मध्यस्थता की, लेकिन मैंने जरूर मदद की। अब उनके बदले सुरों ने उनकी भूमिका पर सवालिया निशान और गहरा कर दिया है। गौरतलब है, पहलगाम आतंकी अटैक के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाक में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया था। इसके बाद तनाव बढ़ गया था।

**पहलगाम अटैक के बाद हुआ था सैन्य संघर्ष**



### 'एन वर्ड' तक पहुंचा तनाव

ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को दिए एक इटरव्यू में कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव इतना गहरा हो गया था कि अगला कदम एन वर्ड यानी न्यूक्लियर युद्ध हो सकता था। उन्होंने इंटरव्यू में दावा किया कि दोनों देशों के बीच संघर्ष बहुत गहराई तक जा रहा था। अगला कदम न्यूक्लियर युद्ध ही होता। और आप जानते हैं कि वो कितना भयानक होता है।उन्होंने यह भी कहा कि अगर उन्होंने दखल नहीं दिया होता, तो स्थिति और बिगड़ सकती थी।

### भारत का स्पष्ट जवाब, 'कोई तीसरा पक्ष नहीं

भारत सरकार ने ट्रंप के इस बयान पहले ही खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से जुड़े मुद्दे भारत और पाकिस्तान के बीच सीधे और द्विपक्षीय संवाद के ज़रिए ही सुलझाए जाएंगे. भारतीय सेना ने भी साफ किया कि संघर्ष विराम (सीजफायर) की सहमति दोनों देशों के डीजीएमओ (डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस) के बीच बातचीत के बाद बनी थी, न कि किसी बाहरी मध्यस्थता से।

## बनाई इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी

# दिल्ली में 'आप' टूटी, 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी को दिल्ली में बड़ा झटका लगा है। आप के 15 पार्षदों ने शनिवार को एक साथ इस्तीफा दे दिया। इन्होंने नई पार्टी (इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी) के गठन का ऐलान किया है। दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब पहुंचकर पार्षदों ने इस बात की जानकारी दी। कहा, नई पार्टी का नेतृत्व मुकेश गोयल करेंगे।

आम आदमी पार्टी का नेतृत्व करने पार्षदों में हेमचंद गोयल, रुनाक्षी शर्मा, हिमानी जैन, उषा शर्मा, राखी यादव, अशोक पांडेय, साहिब कुमार, मनीषा, सुमन अनिल राणा, राजेश लाडी, देविंदर कुमार और दिनेश भारद्वाज शामिल हैं।



### गोयल बोले-बीजेपी से गठबंधन नहीं

आप पार्षद मुकेश गोयल ने कहा, भाजपा के साथ हमारा कोई गठबंधन नहीं है। नई पार्टी (इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी) बनाई है। अब हम विपक्ष में बैठेंगे और लोगों की आवाज उठाएंगे। अपने वार्ड में विकास के लिए काम करेंगे। हम चाहते हैं कि अन्य पार्टी के नेता भी हमारे साथ जुड़ें।

### बगावत की वजह

आप के बागी पार्षद अशोक पांडेय ने मीडिया को बताया कि 2.5 साल से हम लोग आम आदमी पार्टी में ही थे, लेकिन वार्ड में विकास कार्य नहीं हो पा रहे थे। हमारी कॉलोनी अनधिकृत है, लिहाजा, साफ सफाई और जल भराव की समस्या बिकराल हो गई है।

### अप्रेल में हुए थे मेयर चुनाव

दिल्ली नगर निगम में पिछले महीने 25 अप्रैल को MसीD मेयर चुनाव हुए थे। आप ने चुनाव बहिष्कार कर दिया। लिहाजा, भाजपा-कांग्रेस में मुकाबला हुआ। कुल 142 वोट डाले गए। इनमें से भाजपा उम्मीदवार राजा इकबाल सिंह ने 133 वोटों प्राप्त कर जीत हासिल की। 8 वोट कांग्रेस को मिले थे। इससे पहले नवंबर-2022 से अप्रैल-2025 तक आम आदमी पार्टी सत्ता में थी।

### शक्ति हो तो दुनिया प्रेम की भाषा भी सुनती है

**जयपुर।** जयपुर में हाल ही में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने अपने विचार साझा किए. उन्होंने कहा कि शक्ति हो तो दुनिया प्रेम की भाषा भी सुनती है। उन्होंने अपने भाषण में भारत की प्राचीन संस्कृति और त्याग की परंपरा को याद दिलाया। उन्होंने बताया कि भारत के इतिहास में भगवान श्री राम से लेकर भामाशाह जैसे महान व्यक्तित्वों ने त्याग और सेवा की मिसाल पेश की है। मोहन भागवत ने कहा कि विश्व को धर्म सिखाना भारत का कर्तव्य है। धर्म के माध्यम से ही मानवता की उन्नति संभव है। उन्होंने विशेष रूप से हिंदू धर्म की भूमिका को महत्वपूर्ण माना और कहा कि विश्व कल्याण हमारा प्रमुख धर्म है।



## हथियार प्रणाली परीक्षण केंद्र का आगाज...



**चेन्नई।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने शनिवार को चेन्नई के निकट अवाडी में लड़ाकू वाहन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (सीवीआरडीई) में ऑटोमोटिव एवं हथियार प्रणाली परीक्षण केंद्र (एडब्ल्यूटीसी) का उद्घाटन किया।

## भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम का ऐतिहासिक 101 वां मिशन

# दुश्मनों पर नजर रखने आज लॉन्च होगा उपग्रह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के 101 वें मिशन के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के लिए तैयार है। 18 मई 2025 को सुबह 05:59 बजे, इसरो सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, शार में पहले लॉन्च पैड (एफएलपी) से पीएसएलवी-सी61 पर ईओएस-09 लॉन्च करेगा। इससे एलएसी और एलओसी बॉर्डर पर कड़ी निगरानी बढ़ाई जा सकेगी। इसरो ने एक वीडियो भी जारी किया है, जिसमें इस खास मिशन की तैयारियों को दिखाया गया है।

**एलएसी और एलओसी पर बढ़ेगी निगरानी**

### मिशन का परिचय और उद्देश्य

पीएसएलवी-सी61 मिशन ईओएस-09 (रीसैट—1बी) उपग्रह को ले जा रहा है, जो एक उन्नत रडार इमेजिंग उपग्रह है। यह उपग्रह 1,710 किलोग्राम वजन का है। सी-बैंड सिंथेटिक अपर्चर रडार (सार) से लैस है, जो इसे दिन-रात, किसी भी मौसम में हाई-रिज़ॉल्यूशन तस्वीरें ले सकता है। ईओएस-09 का मुख्य उद्देश्य कृषि, वन निगरानी, आपदा प्रबंधन, शहरी योजना और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मदद करना है। विशेष रूप से, हाल के सुरक्षा घटनाओं जैसे पहलगाम, जम्मू और कश्मीर में आतंकी हमले पर निगरानी रखी जा सके। इस उपग्रह की तैनाती को त्वरित किया गया है ताकि संवेदनशील सीमाओं और तटीय क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ाई जा सके।



*आज होगा सेटेलाइट लॉन्च : 18 मई 2025 को इसरो पीएसएलवी-सी61/ईओएस-09 मिशन लॉन्च करने जा रहा है। यह इसरो द्वारा 101वां लॉन्च होगा। सुबह 5:59 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया जाएगा। ये सी-बैंड सिंथेटिक अपर्चर रडार (सार) से लैस है, जो दिन-रात, किसी भी मौसम में हाई रिजॉल्यूशन तस्वीरें ले सकता है।*

### पाकिस्तान की बढ़ेगी टेंशन

पाकिस्तान चीन की सैटेलाइट का इस्तेमाल करता है। पहलगाम हमले के बाद जब भारत ने पाकिस्तान के आतंकी संगठनों को निशाना बनाने के लिए कदम उठाया था, उस वक्त भी पाकिस्तान चाइनीज सैटेलाइट के भरोसे रहा। इससे हाल की घटनाओं पहलगाम और जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले जैसी घटनाओं पर निगरानी रखी जा सकेगी। किसी भी आतंकवादी गतिविधियों और देश के ऊपर मंडरा रहे खतरे को भांपने में भी ये मददगार साबित होगा। इससे एलएसी और एलओसी बॉर्डर पर निगरानी बढ़ाई जा सकेगी। आपको बता दें कि इसरो भविष्य में अपनी अंतरिक्ष की ताकत को और भी बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। 2025-2030 तक इसरो 150-200 सैटेलाइट लॉन्च करने की तैयारी में जुटा हुआ है।

## केदारनाथ धाम में बाल-बाल बचे लोग

# इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान टूटा एम्स का हेलीकॉप्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केदारनाथ धाम में एक हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना सामने आई है। यह एम्स का सरकारी हेलिकॉप्टर बताया जा रहा है जिसका पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। हेलिकॉप्टर में सवार सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। फिलहाल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। केदारनाथ धाम में शनिवार को एक बड़ा हादसा टल गया जब एम्स ऋषिकेश का एक सरकारी हेलिकॉप्टर तकनीकी खराबी के चलते इमरजेंसी लैंडिंग करने पर मजबूर हुआ। राहत की बात यह रही कि हेलिकॉप्टर में सवार सभी तीन लोग, जिसमें पायलट भी शामिल था, सुरक्षित हैं।



*मरीज को लेने पहुंचा था हेलिकॉप्टर : हेलिकॉप्टर एक मरीज को लेने के लिए केदारनाथ पहुंचा था। लैंडिंग से ठीक पहले हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलीपैड से लगभग 10 मीटर पहले ही इमरजेंसी लैंडिंग कर दी. इस दौरान हेलिकॉप्टर का पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।*

रायपुर, रविवार 18 मई 2025 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी | वर्ष : 23, अंक : 300 | पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# शराब घोटाले में फिर एक्टिव ईओडब्ल्यू, पांच जिलों के 13 ठिकानों में दबिश, दस्तावेज और नकदी जप्त

- कवासी लखमा के करीबियों के ठिकानों पर की गई छापे की कार्रवाई
- तड़के छह बजे की गई छापे की कार्रवाई की जद में कांग्रेस नेता, कारोबारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले की जांच में जैसे-जैसे नए तथ्य मिल रहे हैं, जांच का दायरा बढ़ता जा रहा है। ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने शनिवार को रायपुर, सुकमा, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, अंबिकापुर में 13 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है, जिन लोगों के यहां छापे की कार्रवाई की गई है, वे सभी पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबी रहे हैं। सुकमा में सर्वाधिक ⏭ शेष पेज 5 पर

## छापे का दायरा बढ़ सकता है



रायपुर के साथ अन्य जिलों में जहां छापे की कार्रवाई की गई, उन ठिकानों से कई डिजिटल के साथ जांच एजेंसी कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त कर अपने साथ ले गई है। जब्त दस्तावेजों की पड़ताल पर आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में ईओडब्लू, एसीबी की टीम शराब घोटाले को लेकर और लोगों के यहां छापे की कार्रवाई कर सकती है।

## रिमांड पर पूछताछ के दौरान मिली थी अहम जानकारी



शराब घोटाला मामले में जेल में बंद कवासी लखमा से पूछताछ करने ईओडब्लू ने कोर्ट में आवेदन पेश कर रिमांड पर लिया था। पूछताछ के दौरान कवासी लखमा से जांच एजेंसी को कई महत्वपूर्ण तथ्य मिले। तथ्यों का मिलान करने के बाद ईओडब्लू ने छापे की कार्रवाई की है।

## दंतेवाड़ा सहित इन जिलों में छापा



रायपुर के साथ ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने दंतेवाड़ा में कांग्रेस नेता राजकुमार तामो के साथ लखमा के ड्राइवर बशीर के निवास पर छापे की कार्रवाई की। जगदलपुर में लखमा के करीबी हार्डवेयर कारोबारी, पेट्रोल पंप संचालक प्रेम मिगलानी के यहां दबिश दी गई। अंबिकापुर में ईओडब्लू की टीम ने कारोबारी फर्म ध्वजाराम विनोद कुमार के संचालक अशोक, विनोद अग्रवाल के ऑफिस तथा निवास पर छापे की कार्रवाई की। इनका कपड़ा का थोक के साथ रिटेल कारोबार है। अशोक, विनोद का सरकारी सप्लाई करने का बड़ा काम है। इनका नाम पूर्व में डीएमएफ घोटाले में भी आ चुका है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एक करोड़ के सोने के 10 बिस्कुट जब्त



**कोलकाता।** बीएसएफ ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बांग्लादेश से भारत में 1.1 करोड़ रुपए मूल्य के सोने के 10 बिस्कुट की कथित तस्करी के लिए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। हकीमपुर उत्तरपारा गांव के पास दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियां देखकर बीएसएफ जवानों ने उन्हें रोका और तलाशी लेने पर उनके पास से 1.167 किलोग्राम वजन के दस सोने के बिस्कुट बरामद हुए।

### 1500 किलो ड्रग्स पकड़ा गया, तीन आरोपी गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** पुलिस ने छापेमारी के दो अलग-अलग अभियानों के दौरान लगभग 1,500 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि गोलाघाट पुलिस ने तीन करोड़ रुपए मूल्य की 512.58 ग्राम हेरोइन जब्त की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि कोकराझार पुलिस ने एक अन्य अभियान में 963.19 किलोग्राम गांजा जब्त किया।

### पर्यटकों के वैन से टकराई बस, चार की मौत



**करूर।** तमिलनाडु के करूर में सेम्मादई के पास एक बस ट्रैक्टर से टकराने के बाद पर्यटकों की वैन से टकरा गई। इस हादसे में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना करूर-सेलम राजमार्ग पर हुई जब बेंगलुरु से नागरकोविल जा रही बस एक ट्रैक्टर से टकराकर दाईं ओर मुड़ गई जिसके बाद वह डिवाइडर को तोड़ते पर्यटक वैन से टकरा गई।

डेलिगेशन पर दंगल, कांग्रेस ने सूची भेजी पर उनसे से किसी का नाम नहीं

# ऑपरेशन सिंदूर पर टीम इंडिया तैयार सात सांसदों को थमाई गई 'कमान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश लेकर सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल प्रमुख साझेदार देशों का दौरा करेगा। इनमें से चार प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व सत्तारूढ़ दलों के नेता, जबकि तीन की अगुवाई विपक्षी दलों के नेता करेंगे। सरकार ने प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने के लिए जिन नेताओं का चयन किया है, उनमें सत्तारूढ़ दल भाजपा के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और जनता दल (यूनाइटेड) के संजय झा शामिल हैं। विपक्षी दलों से कांग्रेस के शशि थरूर, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की कनिमोई, राकांपा (एसपी) की सुप्रिया सुले शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व करने वाले विपक्षी नेताओं में कांग्रेस सांसद शशि थरूर का नाम प्रमुख है, हालांकि पार्टी ने जिन चार नेताओं की सूची सरकार को सौंपी थी उनमें थरूर का नाम नहीं है। कांग्रेस का कहना है कि उसकी तरफ से सिर्फ चार नेताओं आनंद शर्मा, ⏭ शेष पेज 5 पर


- पाकिस्तान को बेनकाब करने बनाई गई टीम में थरूर का नाम भी, कांग्रेस में शुरू हुई खींचतान

## किसके नेतृत्व में कहां की यात्रा



| रविशंकर प्रसाद | बैजयंत पांडा | एमके कनिमोझी | श्रीकांत शिंदे | शशि थरूर | सुप्रिया सुले | संजय झा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भाजपा | भाजपा | द्रमुक | शिवसेना | कांग्रेस | राकांपा | जदयू |
| सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया | पश्चिमी यूरोप में भारत की टीम का नेतृत्व करेंगे | रूस और स्पेन का दौरा करेंगी | यूएई और अफ्रीकी देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे | अमेरिका जाकर पाक को बेनकाब करेंगे | ओमान, केन्या दक्षिण अफ्रीका और मिस्र | जापान, सिंगापुर द.कोरिया, मलेशिया और इंडोनेशिया |

*भारत ने ठान लिया है कि पाकिस्तान के झूठ और आतंक की फैक्ट्री का दरवाजा दुनिया के मंचों पर खोला जाएगा। इसी के तहत 'ऑपरेशन डिप्लोमैटिक' वॉर शुरू हो चुका है। इस मिशन की कमान उन 7 सांसदों के हाथों में थमाई गई है, जो दुनिया को बताएंगे कि कैसे पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है। आतंकवाद पर शहबाज की सरकार कैसे दुनिया की आंखों में धूल झोंक रही है।*




### आतंकवाद के खिलाफ देंगे एकजुटता का संदेश

ये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका यूके यूएई दक्षिण अफ्रीका जापान और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अन्य सदस्य देशों का दौरा करेंगे। विदेश यात्रा के दौरान ये प्रतिनिधिमंडल यह बताएगा कि कैसे भारत आतंकवाद का मुकाबला कर रहा है, और क्यों पूरी दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की खबर है।

### थरूर बोले, सम्मानित महसूस कर रहा

शशि थरूर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए पांच प्रमुख देशों में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने के लिए सरकार के निमंत्रण से 'सम्मानित' महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा, जब राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की आवश्यकता होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा। जय हिंद

### डेलिगेशन की लिस्ट पर खींचतान


केंद्र सरकार की ओर से विदेश जाने वाले डेलिगेशन की लिस्ट सामने आते ही इस पर विवाद शुरू हो गया। कांग्रेस ने इस लिस्ट पर सवाल उठा दिया है। शुक्रवार सुबह संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी से बात की थी। उन्होंने विदेश भेजे जाने वाले डेलिगेशन के लिए 4 सांसदों का नाम मांगा था. कांग्रेस ने चार नाम- आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और राजा बरार के दिए थे।

### कांग्रेस से एक ही नाम पर जयराम खफा

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार ने कांग्रेस पार्टी से चार सांसदों-नेताओं के नाम मांगे थे। कांग्रेस ने चार नाम भेजे थे। उन्होंने कहा कि अत्यंत खेदजनक है कि कांग्रेस नेतृत्व द्वारा सुझाए गए चार नामों में से केवल एक को ही शामिल किया गया है। यह मोदी सरकार की पूरी तरह से असंवेदनशील और असत्यनिष्ठ राजनीतिक सोच को उजागर करता है, और यह दर्शाता है कि किस तरह वह गंभीर राष्ट्रीय मुद्दों पर भी घटिया राजनीतिक खेल खेलती है।

जासूसी का आरोप, पुलिस रिमांड पर ज्योति

# भारत के खिलाफ साजिश यूट्यूबर की खुली पोल



एजेंसी ⏭ चंडीगढ़

हरियाणा की एक यूट्यूबर को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि ज्योति नाम की आरोपी को हिसार के न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि यूट्यूबर के खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी से मुलाकात के मामले में शनिवार को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात पाकिस्तानी कर्मचारी एहसान उर रहीम उर्फ ⏭ शेष पेज 5 पर

### यूट्यूबर का पाकिस्तान से संबंध

कमीशन एजेंटों के माध्यम से वीजा प्राप्त करने के बाद मल्होत्रा ने 2023 में पाकिस्तान का दौरा किया था। अपनी यात्रा के दौरान, वह एहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश नामक एक अधिकारी के संपर्क में आई, जो नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में तैनात था।

### पाक के अनारकली बाजार के वीडियो बनाए

वीडियोज में ज्योति को अटारी-वाघा बॉर्डर पार करते हुए लाहौर के अनारकली बाजार में घूमते, बस यात्रा करते और पाकिस्तान के सबसे बड़े हिंदू मंदिर 'कटासराज मंदिर' का दौरा करते हुए देखा जा सकता है। जांच एजेंसियों का मानना है कि ज्योति मल्होत्रा को विदेशी एजेंटों ने अपने प्रभावशाली सोशल मीडिया प्रोफाइल के कारण चुना और उनसे पाकिस्तान की छवि को सकारात्मक दिखाने वाले वीडियो बनवाए गए।

## देशभक्ति के रंग में रंगा छत्तीसगढ़...

- तिरंगा यात्रा में प्रदेशभर में उमड़ा जनसैलाब
- मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों ने किया नेतृत्व
- हर जिले में गूंजा भारत माता की जय, हर गांव में लहराया तिरंगा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक' कार्यक्रम और 'ऑपरेशन सिंदूर' की वीरगाथा को जनमानस से जोड़ने के लिए शनिवार को पूरे प्रदेश में भव्य तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। यह आयोजन वीर शहीदों को श्रद्धांजलि, भारतीय सेना के साहस को सम्मान और नागरिक एकजुटता का स्पष्ट प्रतीक बन गया। जशपुर जिले के दुलदुला तहसील के चराईडांड़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में निकली ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में हजारों नागरिकों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्र की एकता का प्रतीक बताया। उन्होंने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर राष्ट्रीय संकल्प को जनआंदोलन में बदला।




पहली बार गिरफ्तार नक्सलियों के कब्जे से बरामद किए गए अत्याधुनिक हथियार

# करेंगुट्टा से भागे 20 नक्सली तेलगांना में हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित करेगुट्टा पहाड़ियों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अब तक के सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन के बाद भागने में सफल रहे 20 हार्डकोर नक्सलियों को तेलगांना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में 1 डिविजनल कमेटी सदस्य (डीवीसी), 5 एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम) और 14 पार्टी मेंबर शामिल हैं जिन पर 60 लाख रुपए से अधिक का ईनाम घोषित था। गिरफ्तार नक्सलियों से अत्याधुनिक हथियार ⏭ शेष पेज 5 पर

## इंसास, एसएलआर, थ्री नॉट थ्री, 8 एमएम रायफल, लाइव ग्रेनेड व 58 हजार नगद बरामद

### इन घटनाओं में शामिल थे गिरफ्तार नक्सली

गिरफ्तार किए गए सभी नक्सली तेलंगाना-छग व ओडिशा में कई नक्सल वारदातों में शामिल थे। इन वारदातों में मार्च 2017 में बीजापुर जिले के भेज्जी पुलिस थाने के अंतर्गत कोटाचेरुवु के पास पुलिस पर घात लगाकर हमला, जिसमें 11 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे तथा कई नक्सली ⏭ शेष पेज 5 पर



पकड़े गए नक्सली 60 लाख से अधिक के ईनामी

### गोरिल्ला बेस बनाने की फिराक में थे नक्सली

तेलगांना पुलिस ने प्रेसवार्ता में बताया कि सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान माओवादी इस क्षेत्र में आईईडी बिछाकर गोरिल्ला बेस बनाने की कोशिश में लगे थे। हाल ही में नक्सलियों ने इस क्षेत्र के आदिवासियों को जंगल में प्रवेश न करने की चेतावनी भी दी थी। इसके बाद पुलिस ने कुल 20 नक्सलियों को धर दबोचा है। गिरफ्तार किए गए सभी माओवादी अलग-अलग ⏭ शेष पेज 5 पर

**हर देश के लिए उसकी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है। जब कोई भी देश सैन्य तौर पर संघर्षरत होता है, तभी उसकी विदेश नीति की और उसके दोस्त देशों की वास्तविक कसौटी पर परख होती है। सैन्य युद्ध का विकराल और विकट दौर ही वस्तुतः इस तथ्य को सुनिश्चित कर देता है कि कौन सा देश किसके साथ खड़ा है। पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान आठ मई को उसने बड़ी तादाद में ड्रोन विमानों से भारत पर हमला किया, जो तुर्किये में निर्मित सोनगार ड्रोन थे। उसने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर के विरुद्ध पाकिस्तान को गोला-बारुद, समुद्री जहाज, ड्रोन और हरक्यूलिस विमान उपलब्ध कराकर रेखांकित कर दिया है कि वह दुनिया का सबसे अहसान फरामोश और कृतघ्न देश है। उसके लिए दोस्ती बेमानी है। तुर्किये वस्तुतः पश्चिम एशिया का अकेला मुल्क रहा जो कि पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ा हुआ। हालांकि वह भूल गया कि मुसीबत के समय में ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत द्वारा विमानों के जरिए तुर्किये को राहत सामग्री बड़े पैमाने पर भेजी गई थी। तब तुर्किये के तत्कालीन राजदूत फिरात सुनेल ने फरमाया था कि 'ऑपरेशन दोस्त' भारत और तुर्किये के मध्य गहन और संजीदा दोस्ती का इजहार करता है और सच्चे दोस्त हमेशा एक दूसरे की इमदाद किया करते हैं। आजकल के ताजा अंक में पेश है विश्लेषण...**

# कूटनीति में राष्ट्रहित सर्वोपरि



**विश्लेषण**

प्रभात कुमार रॉय

विदेश मामलों के जानकार

**ऐसा पहली दफा घटित नहीं हुआ है कि जब तुर्किये हुकूमत भारत बनाम पाकिस्तान के मध्य किसी मसले पर पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ी हुई है। संयुक्त राष्ट्र सरीखे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनेक दफा पाकिस्तान को तुर्किये की हुकूमत स्पष्ट समर्थन प्रदान कर चुकी है। विगत बीस वर्षों से भारत से दोस्ती का दम भरता हुआ और पाक परस्त मुजाहिदों के हाथों भयंकर जिहादी जख्म खाया हुआ अमेरिका, सैन्य संघर्ष के दौर में भारत और पाक को एक पलड़े में तोलता नजर आया। तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन द्वारा तुर्किये को पाकिस्तान का सगा भाई करार दिया गया। भारत ने राहत और बचाव कार्य के लिए तुर्किये और सिरिया में 'ऑपरेशन दोस्त' चलाया था।**

एक देखा परखा सिद्धांत है कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है। जब कोई भी देश सैन्य तौर पर संघर्षरत होता है, तभी उसकी विदेश नीति की और उसके दोस्त देशों की वास्तविक कसौटी पर देख परख हो जाती है। सारे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। इस महान उक्ति में निहित है, आत्ममुग्धता जोकि तल्ख वास्तविकता से कहीं दूर एक गलतफहमी है। सैन्य युद्ध के विकराल और विकट दौर ही वस्तुतः इस तथ्य को सुनिश्चित कर देता है कि कौन सा देश किसके साथ खड़ा है। भारत और पाकिस्तान के मध्य जब सैन्य संघर्ष जारी था, उस वक्त तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन 'पाकिस्तान तुर्किये दोस्ती जिंदाबाद' का नारा बुलंद कर रहे थे। तुर्किये की हुकूमत खुलकर पाकिस्तान की हिमायत कर रही थी और पाकिस्तान को आधुनिकतम हथियार उपलब्ध करा रही थी। ऐसा पहली दफा घटित नहीं हुआ है कि जब तुर्किये हुकूमत भारत बनाम पाकिस्तान के मध्य किसी मसले पर पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ी हुई है। संयुक्त राष्ट्र सरीखे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनेक दफा पाकिस्तान को तुर्किये की हुकूमत स्पष्ट समर्थन प्रदान कर चुकी है। विगत बीस वर्षों से भारत से दोस्ती का दम भरता हुआ और पाक परस्त मुजाहिदों के हाथों भयंकर जिहादी जख्म खाया हुआ अमेरिका, सैन्य संघर्ष के दौर में भारत और पाक को एक पलड़े में तोलता नजर आया।

## तुर्किये पाकिस्तान का सगा भाई

तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप अर्दोआन द्वारा तुर्किये को पाकिस्तान का सगा भाई करार दिया गया। पहलगाम के बर्बर और नृशंस हमले को लेकर तुर्किये के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के प्रस्ताव को भी अपनी हिमायत प्रदान की थी, जिस प्रस्ताव के तहत पेशकश की गई थी कि पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच करा ली जाए। पहलगाम हमले के कुछ वक्त बाद ही ड्रोन हथियारों से भरा हुआ है एक टर्किश एयर फोर्स का सी-130 फाइटर जेट पाकिस्तान में लैंड हुआ था। सैन्य संघर्ष शुरू होने से पहले हथियारों से लबरेज तुर्किये का एक युद्ध पोत भी कराची बंदरगाह पर पहुंचा। सैन्य संघर्ष के दौरान भारत ने दावा पेश किया कि आठ मई को पाकिस्तान ने बड़ी तादाद में ड्रोन विमानों से भारत पर हमला किया, जो तुर्किये में निर्मित सोनगार ड्रोन थे, हालांकि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने ड्रोन आक्रमणों के ज्वलंत तथ्यों से स्पष्ट इंकार किया। सोनगार ड्रोन अर्थात मानव रहित हवाई वाहन हैं, जिन्हें तुर्किये की डिफेंस फर्म और आसिस गार्ड ने डिजाइन किया और विकसित किया है। तुर्किये वस्तुतः पश्चिम एशिया का अकेला मुल्क रहा जो कि पाकिस्तान के साथ खुलकर खड़ा हुआ। गल्फ के दूसरे अरब मुल्कों ने पाकिस्तान के प्रति अपनी हिमायत व्यक्त करने से सख्त परहेज किया किया।



उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 के फरवरी महीने में जब तुर्किये और सीरिया में विनाशकारी भूकंप प्रकट हुआ था और उस वक्त हजारों लोगों की मौतें हुई और लाखों लोग बेघर हो गए।

## भारत ने की थी तुर्किये की मदद

हुकूमत ए हिंदुस्तान ने राहत और बचाव कार्य के लिए तुर्किये और सिरिया में 'ऑपरेशन दोस्त' का आगाज किया था। ऑपरेशन दोस्त के तहत भारत द्वारा विमानों के जरिए तुर्किये को राहत सामग्री बड़े पैमाने पर भेजी गई। तब तुर्किये के तत्कालीन राजदूत फिरात सुनेल ने फरमाया था कि 'ऑपरेशन दोस्त' भारत और तुर्किये के मध्य गहन और संजीदा दोस्ती का इजहार करता है और सच्चे दोस्त हमेशा एक दूसरे की इमदाद किया करते हैं। भारत द्वारा तुर्किये को उपलब्ध कराया गया इमदादी सामान वस्तुतः मानवीय मदद थी और इससे उम्मीद की जा रही थी कि ऑपरेशन दोस्त से दोनों देशों के परस्पर संबंध बेहतर हो जाएंगे। कूटनीतिक विडंबना देखिए कि तुर्किये द्वारा भारत को दोस्त करार दिया जाता है और पाकिस्तान को सगा भाई। परंपरागत तौर पर सऊदी अरब और यूएई पाकिस्तान के अत्यंत करीबी मुल्क रहे हैं, किंतु आजकल भारत के ताल्लुक़ात सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों के साथ बहुत मजबूत बन गए हैं। एक यक्ष प्रश्न है कि आखिरकार तुर्किये के साथ भारत के ताल्लुक़ात दोस्ताना क्यों नहीं बन पाए? तुर्किये और भारत के मध्य कूटनीतिक संबंधों की शुरुआत सन् 1948 में हो गई थी, लेकिन अनेक दशक व्यतीत हो जाने के पश्चात भी दोनों मुल्क करीबी दोस्त नहीं बन पाए। तुर्किये और भारत के मध्य कूटनीतिक के तनाव कायम बने रहने के मुख्य तौर पर दो स्पष्ट कारण रहे हैं।

## तनाव के पीछे मुख्य दो कारण

पहला कारण कश्मीर के जटिल विवाद पर तुर्किये का पाकिस्तान की तरफ सदैव से ही झुकाव बने रहना और दूसरा कारण रहा कि शीत युद्ध के दौर में तुर्किये का अमेरिकन सैन्य गुट नाटो में शामिल हो जाना। जबकि शीत युद्ध के दौर में भारत गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेतृत्व कर रहा था। शीत युद्ध में अमेरिका और सोवियत संघ के मध्य सन् 1947 से लेकर सन् 1991 तक एक दीर्घकालीन राजनीतिक और सैन्य दुश्मनी कायम बनी रही थी। जब शीत युद्ध का दौर समापन की ओर था तो उस दौर ए वक्त में तुर्किये के उदार राष्ट्रपति करार दिए जाने वाले तुरगुत ओजाल ने भारत के साथ कूटनीतिक ताल्लुक़ात को निकट बनाने की कोशिश भी अंजाम दी थी। सन् 1986 में तुरगुत ओजाल ने भारत का राजकीय दौरा किया। 1988 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी तुर्किये का शासकीय दौरा किया। राजीव गांधी के दौरे के पश्चात दोनों मुल्कों के कूटनीतिक रिश्तों में अनेक पहलुओं पर सुधार आया। सन् 2014 में नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए और सन् 2014 में आर्दोआन तुर्किये के प्रधानमंत्री पद से तुर्किये के राष्ट्रपति पद पर विराजमान हुए। सन् 2017 में राष्ट्रपति आर्दोआन भारत में राजकीय दौरे पर पधारे, किंतु प्रायः विदेशी दौरा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तुर्किये के आधिकारिक दौरे पर कभी नहीं जा सके। सन् 2019 में नरेंद्र मोदी को तुर्किये के शासकीय दौरे पर जाना निश्चित था, किंतु संयुक्त राष्ट्र महासभा में राष्ट्रपति आर्दोआन द्वारा कश्मीर पर दिए गए बयान के बाद, जिसमें उन्होंने कश्मीर में धारा 370 को निरस्त किए जाने का बाकायदा विरोध किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तुर्किये दौरा अनिश्चित कॉल के लिए स्थगित कर दिया गया। हुकूमत ए तुर्किये द्वारा पाकिस्तान का अंध समर्थन किए जाने के कारणवश भारत और तुर्किये के मध्य तल्ख हो चुके कूटनीतिक ताल्लुक़ात में फिलहाल सुधार आने की कोई उम्मीद दिखाई नहीं देती। भारत द्वारा कश्मीर के जटिल विवाद पर किसी अन्य राष्ट्र की मध्यस्थता को कदाचित स्वीकार नहीं किया गया है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके द्वारा पाकिस्तान और भारत के मध्य युद्ध विराम कराया गया है।

## युद्ध विराम मुद्दे पर ट्रंप की भूमिका संदिग्ध

पाकिस्तान ने भी युद्ध विराम कराने में अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की भूमिका को बाकायदा स्वीकार किया है। हालांकि भारत सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया में युद्ध विराम को द्विपक्षीय करार दिया है और युद्ध विराम में अमेरिकन राष्ट्रपति ट्रंप के नाम का उल्लेख तक नहीं किया है। अपनी सऊदी अरब की यात्रा के दौरान प्रेसिडेंट ट्रंप ने तकरीर में फरमाया कि भारत और पाकिस्तान के मध्य युद्ध विराम अंजाम दिलाने के लिए मैंने काफी हद तक व्यापार (ट्रेड) का बखूबी इस्तेमाल किया। प्रेसिडेंट ने दावा पेश किया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान पर यह कहते हुए सीज फायर अंजाम देने के लिए जबरदस्त दबाव डाला था कि अगर दोनों मुल्कों द्वारा सीज फायर नहीं अंजाम दिया गया तो वह दोनों के साथ अमेरिका के ट्रेड को खत्म कर देंगे। भारतीय विदेश विभाग के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने फरमाया कि 7 मई से 10 मई के मध्य भारत और अमेरिका के शीर्ष लीडर्स के मध्य बातचीत हुई थी, लेकिन ट्रेड को लेकर कोई भी बातचीत नहीं की गई थी। अब सीज फायर के यक्ष प्रश्न पर किसके दावे को सत्य करार दिया जाए? विश्व भर में निरंतर जारी सैन्य संघर्षों को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख का ठीक-ठाक अंदाजा लगाना बेहद मुश्किल रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर भारत-पाकिस्तान के मध्य सैन्य संघर्ष तक राष्ट्रपति ट्रंप वक्त बेवक्त अपने बयान परिवर्तित करते रहते हैं। इतना ही नहीं, वह डेनमार्क से ग्रीनलैंड खरीदने का दावा पेश करते हैं। पनामा नहर पर जबरन आधिपत्य स्थापित करने की बात करते हैं। कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने का दावा पेश करते हैं। साथ ही गाजा पट्टी पर भी आधिपत्य स्थापित करने का दावा करते हैं। इस तरह अनेक विवादित बयान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप निरंतर दुनिया की सरगर्म फिजाओं में फेंकते रहते हैं। भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य संघर्ष में युद्ध विराम कराने का राष्ट्रपति ट्रंप का दावा कितना सत्य है और कितना असत्य है?

इस तथ्य की सच्चाई को तो वक्त ही बताएगा? ऑपरेशन सिंदूर के ठीक एक दिन बाद अर्थात 8 मई को अमेरिका के वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस ने फॉक्स न्यूज को एक इंटरव्यू दिया। इसमें उन्होंने फरमाया कि भारत और पाकिस्तान के मध्य जारी सैन्य तनाव के प्रश्न पर अमेरिका दूरी बनाए रखेगा और सिर्फ कूटनीतिक रास्ते ही अख्तियार करेगा। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि भारत और पाकिस्तान आखिरकार युद्ध विराम करने पर और व्यापक मुद्दों पर बातचीत के लिए राजी हो गए हैं। अमेरिकन वाइस प्रेसिडेंट जेडी वेंस और मैंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तान फौज के कमांडर इन चीफ असीम मुनीर और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बातचीत की है। आखिरकार दोनों मुल्क तत्काल युद्ध विराम करने और व्यापक मुद्दों पर बातचीत के लिए राजी हो गए हैं। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी सोशल पोस्ट में कहीं भी अमेरिका के नाम का उल्लेख तक नहीं किया है कि अमेरिका द्वारा युद्ध विराम अंजाम देने के लिए दोनों देशों के मध्य मध्यस्थता की गई है। एक बात स्पष्ट तौर पर कही जा सकती है कि भारत को पाक अधिकृत कश्मीर को मुक्त करने का इतना शानदार अवसर पहले कभी उपलब्ध नहीं हुआ। तुर्किये को छोड़कर कोई भी अन्य देश पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हुआ। यहां तक कि चीन भी पाकिस्तान के पक्ष में खुलकर खड़ा नहीं हुआ। क्योंकि चीन अमेरिका के विरुद्ध निरंतर जारी ट्रेड वॉर में भारत को कदाचित नहीं खोना चाहता। दुर्भाग्यवश भारत के निकट दोस्त समझे जाने वाले अमेरिका ने पाकिस्तान को और हिंदुस्तान को एक ही तराजू में तोला। दुनिया के तमाम देश तुर्किये को छोड़कर पाकिस्तान द्वारा प्रेरित और परिपोषित जिहादी आतंकवाद से अत्यंत त्रस्त हो चुके हैं।

# तुर्किये को साइप्रस के मसले पर घेरे भारत



**कूटनीति**

अरविंद जयतिलक

वरिष्ठ स्तंभकार

संस्कृत की एक प्रसिद्ध कहावत है 'शठे शाठयम समाचरेत'। यानि दुष्ट के साथ दुष्टता का ही व्यवहार होना चाहिए। यूरेशिया में स्थित तुर्किये ऐसा ही एक दगाबाज देश है जिसके साथ इसी तरह का व्यवहार होना चाहिए। इसलिए कि उसने भारत के विरुद्ध आतंकियों के प्रश्रयदाता देश पाकिस्तान के साथ कंधा जोड़ने की हिमाकत की है। उसने भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर के विरुद्ध पाकिस्तान को गोला-बारुद, समुद्री जहाज, ड्रोन और हरक्यूलिस विमान उपलब्ध कराकर रेखांकित कर दिया है कि वह दुनिया का सबसे अहसान फरामोश और कृतघ्न देश है। उसके लिए दोस्ती बेमानी है। यह अलग बात है कि पाकिस्तान को दिए उसके सभी हथियार फुस्स साबित हुए हैं। भारत ने उसके सभी ड्रोन एवं उसके सैन्य ऑपरेटिव्स मार गिराए। इससे दुनिया भर में उसकी भद्द पीट रही है।

## भारत ने तुर्किये को दी थी मदद

तुर्किये कितना अहसान फरामोश है इसी से समझा जा सकता है कि वर्ष 2023 में वहां आए भीषण भूकंप में भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' के जरिए उसे राहत सामग्री भेजकर भरपूर मदद की थी। लेकिन उसने इस अहसान को दरिया में डालकर जेहादियों से गलबहियां कर बैठा। उसके इस कृत्य से भारत में आक्रोश और गुस्सा होना लाजिमी है। भारत के नागरिकों द्वारा उसके वस्तुओं के आयात को बंद किए जाने और उसके सामानों के बहिष्कार की मांग तेज हो गई है। भारतीय व्यापारी टर्किश सेब के बहिष्कार का ऐलान कर रहे हैं। पर्यटन पर निर्भर तुर्किये के लिए ट्रैवल एजेंसियों ने भी ट्रैवल पैकेज रद करने का ऐलान कर दिया हैं। मेक माई ट्रिप के मुताबिक तुर्किये की बुकिंग में तकरीबन 60 फीसदी की गिरावट आई है। जामिया और जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय समेत कई अन्य भारतीय विश्वविद्यालयों ने तुर्किये के विश्वविद्यालयों से अपना समझौता रद कर दिया है। मतलब साफ है कि अब तुर्किये को पाकिस्तान से कंधा जोड़ने की कीमत चुकानी ही होगी। उचित होगा कि भारत तुर्किये को सबक सिखाने के लिए उसकी दुखती रग साइप्रस का मसला उठाकर उसकी अंतरराष्ट्रीय घेराबंदी तेज करे। गौरतलब है कि तुर्किये ने साइप्रस के 36 प्रतिशत से ज्यादा हिस्से पर कब्जा जमा रखा है। साइप्रस के भौगोलिक परिदृश्य पर नजर डालें तो यहां मुख्य रूप से ग्रीस और तुर्किये समुदाय के लोग रहते हैं। इनके बीच दशकों पहले से नस्लीय विवाद चला आ रहा है। इतिहास में जाएं तो साइप्रस कभी अंग्रेजों की कॉलोनी हुआ करता था। 1878 से चले आ रहे ब्रिटिश उपनिवेश का अंत 1960 में हुआ और साइप्रस को एक नए देश के रूप में पहचान मिली।

## तुर्किये का साइप्रस पर कब्जा

चूंकि साइप्रस एक नया देश था लिहाजा वहां सत्ता-संघर्ष की स्थिति तेज हो गयी। 15 जुलाई, 1974 को तुर्किये की सेना ने साइप्रियट नेशनल गार्ड की अगुवाई में साइप्रस के अंदरुनी हालातों का फायदा उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून को ठेंगा दिखाकर उत्तरी हिस्से पर आक्रमण कर उसके महत्वपूर्ण शहर वरोशा पर कब्जा कर लिया। उस समय साइप्रस में सैन्य विद्रोह चल रहा था। इस



विद्रोह को ग्रीस का समर्थन प्राप्त था। तुर्किये कतई नहीं चाहता था कि साइप्रस में ग्रीस का हस्तक्षेप हो। वैसे भी ग्रीस और तुर्किये के बीच पहले से ही समुद्री क्षेत्र को लेकर तनाव चल रहा था। साइप्रस को हथियाने के खेल में तुर्किये भारी पड़ा और उसने उत्तरी हिस्से पर कब्जा कर उसे टर्किश रिपब्लिक ऑफ नॉदर्न साइप्रस नाम दे दिया। तब सुरक्षा परिषद के सभी देशों ने तुर्किये के इस कदम की निंदा की। 2 अगस्त, 1975 को तुर्किये और साइप्रस के बीच वियना में समझौता हुआ। तय हुआ कि तुर्किये अपने बलात् किए गए कब्जे वाले इलाके में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अपने मजहब को मानने की आजादी समेत सामान्य जीवन जीने में मददगार हर बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराएगा। लेकिन तुर्किये ने इस समझौते को ठेंगे पर रख अपना अत्याचार जारी रखा। तुर्किये के आक्रमण के कारण 162000 ग्रीक-साइप्रियोट अपने ही देश में शरणार्थी बनकर रह गए। जो लोग अपना घर छोड़ने के लिए तैयार नहीं हुए उन पर तुर्किये ने इस कदर कहर बरपाया कि वे अपनी संपत्ति छोड़कर भागने को मजबूर हो गए। आज इस इलाके में ग्रीक-साइप्रियोट की आबादी महज तीन सैकड़ा ही बची है। जिन लोगों ने तुर्किये के कब्जे का विरोध किया, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। तुर्किये ने इस इलाके में अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने के लिए हजारों तुर्क परिवारों को बसा रखा है। इस कारण दक्षिण और उत्तर साइप्रस के बीच यदा-कदा तनाव की स्थिति उत्पन होती रहती है। तुर्किये के कब्जे के बाद से ही यह द्वीप दो हिस्सों में बंट गया है। तुर्क साइप्रसवासियों ने अपने इलाके को टर्किश रिपब्लिक ऑफ नॉदर्न साइप्रस नाम दिया है। तुर्किये द्वारा जबरन कब्जाया गया साइप्रस का यह उत्तरी इलाका लोगों की जीविका और आमदनी का बड़ा स्रोत हुआ करता था। यह इलाका वर्ष भर पर्यटकों से भरा गुलजार रहता था। आर्थिक रूप से समृद्ध यह इलाका बहुमंजिली इमारतों के लिए भी जाना जाता था। लेकिन तुर्किये के अत्याचार ने इसे वीरान बना दिया है। किसी तरह का विरोध न हो, इसके लिए यहां उसने 40 हजार से अधिक सैनिकों का जमावड़ा कर रखा है। अब वक्त आ गया है कि भारत इस मसले को हवा देकर वैश्विक स्तर पर तुर्किये की फजीहत बढ़ाए। याद होगा वर्ष 2022 में भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में साइप्रस का मुद्दा उठाकर तुर्किये की चौधराहट की हवा निकाल दी थी। तब भारतीय विदेशमंत्री ने तुर्किये के विदेशमंत्री मेवलुत कावुसोग्लू से मुलाकात कर साइप्रस की स्वतंत्रता, संप्रभुता और स्वायत्तता की बात उठाई थी। उन्होंने ट्वीट कर यह भी कहा था कि वह संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के हिसाब से साइप्रस मुद्दे का शांतिपूर्ण हल निकाले। गौर करें तो तुर्किये ने न सिर्फ पाकिस्तान के साथ कंधा जोड़ा है बल्कि वह बार-बार कश्मीर का मुद्दा उठाकर भारत को असहज करने की चेष्टा करता है। वह अन्य मसलों पर भी भारत के खिलाफ जाकर पाकिस्तान का साथ देता है।

## ग्रीस व आर्मिनिया होंगे सहायक

गत वर्ष उसने पाकिस्तान की शह पर भारत के 56,877 मिलियन टन अनाज से लदे जहाज को वापस भेज दिया था। उसने ऐसा कर वैश्विक बाजार में भारतीय अनाज निर्यात की साख खराब करने की कोशिश की थी। यही नहीं, वह इंटरनेट मीडिया और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के जरिए भी भारत विरोधी केंद्र के रूप में इस्तेमाल हो रहा है। तुर्किये के आक्रामक व्यवहार को देखते हुए समय आ गया है कि भारत भी उसके विरुद्ध खुलकर पत्ते खेले।

भारत को न सिर्फ साइप्रस के मसले को उठाना चाहिए बल्कि ग्रीस और आर्मिनिया के साथ कंधा जोड़कर तुर्किये की तेज घेराबंदी करनी चाहिए। इसलिए कि ग्रीस और आर्मिनिया दोनों ही तुर्किये के शत्रु हैं और नीति भी कहती है कि 'शत्रु का शत्रु मित्र' होता है।

# देश में तैयार हो रही है रोबोट सेना



**प्रौद्योगिकी**

प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार

मनुष्य की सोच असीम संभावनाओं से जुड़ी है। कल्पना से शुरू होने वाले विचार सच्चाई के धरातल पर आकार लेते हैं, तो आंखें हैरान रह जाती हैं। भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वैज्ञानिक एक ऐसे मानव सदृश्य अर्थात ह्यूमोनॉइड रोबोट के विकास पर काम कर रहे हैं, जो सैन्य अभियानों में न केवल मानव सैनिकों के सहयोगी का काम करेंगे, बल्कि स्वयं भी युद्ध में भागीदार रहेंगे। इन रोबोट के निर्माण का उद्देश्य दुर्गम क्षेत्रों में लड़ने के लिए तैयार किया जा रहा है, जिससे मानव सैनिकों को रक्त बहाने की जरूरत न पड़े। डीआरडीओ की प्रमुख प्रयोगशाला रिसर्च एंड डवलपमेंट एस्टैब्लिशमेंट (इंजीनियर्स) इस ह्यूमोनॉइड रोबोट को विकसित करने में लगी है। इस मानव रोबोट के ऊपरी और निचले शरीर के भाग पृथक-पृथक मानव रूपों में तैयार किए जा रहे हैं। इन पर किए परीक्षणों से ज्ञात हुआ कि यह प्रयोग सफलता की ओर बढ़ रहा है। पुणे में आयोजित नेशनल वर्कशॉप ऑन एडवांस लेग्ड रोबोटिक्स में इस रोबोट को प्रदर्शित भी किया गया है। इस कार्य को आगे बढ़ाने में सेंटर फॉर सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी और एडवांस रोबोटिक्स की मदद भी ली जा रही है।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद तेजी

पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों के विरुद्ध चले ऑपरेशन सिंदूर के बाद इस अभियान में तेजी आ गई है। इजरायल पहले ही एक ऐसी 'रोक रोबोट' सेना तैयार कर चुका है, जो केवल युद्ध लड़ेगी, बल्कि सीमा पर इंसानी सैनिकों की जगह भी ले लेगी। इजरायल की विख्यात रक्षा कंपनी इल्बिट रोबो टीम ने इस सेना को तैयार किया है। रोबो टीम के सीईओ इलाजलेवी के मुताबिक आकाश में ड्रोन और हवाई रोबोट के जरिए होने वाले सभी काम अब धरती पर भी हो सकेंगे। मानव रहित रोक रोबोट के अंदर स्वयं ही खतरों को भांपकर फैसला लेने की क्षमता विकसित कर दी गई है। कृत्रिम बौद्धिक क्षमता से परिपूर्ण ये रोबोट जंग के मैदान में खराब होने पर इसके पुर्जे साथ चलने वाले रोबोट सैनिक बदल देंगे। इसकी इस विशेषता से रोबोट सैनिक एकाएक निष्क्रिय नहीं होंगे। 200 किलोग्राम वजन वाले इस रोक रोबोट की दौड़ने की क्षमता 30 किलोमीटर प्रतिघंटा है। यह 1200 किलोमीटर मारक क्षमता वाले हथियार लेकर चलने में सक्षम हैं। इसकी कीमत डेढ़ लाख डॉलर से लेकर तीन लाख डॉलर तक है। मसलन भविष्य के युद्ध रोबोट थल सेना लड़ेगी।

## एआई बनी चर्चा का विषय

कृत्रिम बौद्धिकता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पिछले एक दशक से अपनी हैरतअंगेज उपलब्धियों व भविष्य की संभावनाओं के चलते दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। एलन मस्क, बिल गेट्स और स्टीफन हॉकिंग ने इसकी अतिरिक्त बुद्धि एवं शक्ति से आशंकित होकर कई बार चेताया भी है। बावजूद अनेक ऐसे पूंजी-निवेशक और वैज्ञानिक हैं, जो एआई को एक बेहतर भविष्य के सपने के रूप में देखते रहे हैं। क्योंकि आज रोबोट कारखानों में मजदूरी के काम से लेकर शिक्षक, टीवी एंकर, नर्स और अब



सैनिक की भूमिका में अवतरित होने जा रहा है। मानव और मशीन के बीच पैदा होने वाले ये द्वंद्व हकीकत में किस सच्चाई के रूप में सामने आएंगे, यह तो फिलहाल भविष्य के गर्भ में है, लेकिन जब-जब कोई नया आविष्कार हुआ है तो वह शंका का कारण तो बना ही है। भारत सरकार इस कोशिश में है कि तीनों सेनाओं में कृत्रिम बुद्धि (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी) से निर्मित रोबोटिक हथियारों की संख्या बढ़ा दी जाए। इस नाते एक महत्वाकांक्षी रक्षा परियोजना की शुरुआत की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य मानव रहित टैंक, जलपोत, स्वचालित राइफल और रोबो आर्मी तक खड़ी की जाने की तैयारी है। हवाईयानों को भी रोबोटिक हथियारों से सक्षम बनाया जाएगा। यह परियोजना जब क्रियान्वित हो जाएगी तब भारत की थल, जल और वायु सेनाएं युद्ध लड़ने के लिए नई तकनीक से सक्षम हो जाएंगी। टाटा संस के प्रमुख एन चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाला एक उच्च स्तरीय समूह इस परियोजना को अंतिम रूप दे रहा है। इसमें भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भी सहयोग कर रहा है। दरअसल भविष्य के युद्धों में रोबोट और मानव रहित हथियार ही ज्यादा उपयोग में लाए जाएंगे। सेना को बदलते परिवेश की जरूरतों के अनुसार ढालना जरूरी है, क्योंकि पाकिस्तान और चीन की सीमा पर दृश्य दुश्मनों से कहीं ज्यादा अदृश्य दुश्मनों की चुनौती पिछले तीन दशक से पेश आ रही हैं। साफ है, इनसे निपटना आसान नहीं है। क्योंकि ये सामने तो दिखाई नहीं देते हैं, मगर इनका धोखे से किया गया हमला बड़ा खतरनाक होता है। ऐसे ही हमलों के चलते हम कश्मीर घाटी और पाक सीमा पर 42000 से भी ज्यादा नागरिक और सैनिक गवां चुके हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए इन आतंकियों ने 26 पर्यटकों के प्राण ले लिए थे। इसी की प्रतिक्रिया में ऑपरेशन सिंदूर जारी है। साफ है, इन धोखेबाज ताकतों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से जुड़े उपकरणों से ही निपटना बेहतर है। इस कड़ी में अब भारतीय रोबो सेना जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ने के लिए उतारने की तैयारी की जा रही है। ये रोबोट आतंकियों के गुप्त ठिकानों में दृश्य व अदृश्य शक्ति के रूप में उतरकर उनकी मौजूदगी की सटीक जानकारी तो देंगे ही, अलबत्ता उन्हें पलों में तबाह भी कर देंगे। ये रोबोट घाटी एवं नियंत्रण रेखा पर जो आतंक प्रभावित क्षेत्र हैं, उनमें सेना की आतंकरोधी इकाई और सुरक्षा बलों के लिए सुरक्षा के लौह कवच सिद्ध होंगे। इनकी सीमा पर उपलब्धता के साथ ही सेना को पूरी तरह हाईटेक बना दिया जाएगा। यही नहीं दुश्मन की घुसपैठ को नाकाम बनाने और पाकिस्तानी सेना के हमलों से मुकाबले में भी यह रोबोट सेना फलदायी सिद्ध होगी। कृत्रिम बुद्धि (एआई) वाले ये रोबोट सेना के रूप में सीमा पर शक्ति का पर्याय बनके दुश्मन पर कहर बनकर टूटेंगे।इसी मंषा के अनुरूप रक्षा मंत्रालय ने पहले चरण में 550 रोबोटिक्स सर्वेलांस यूनिट खरीद रहा है। इनकी खेप मिलते ही इन्हें सेना के सुपुर्द कर दिया जाएगा। ये आर्मी-रोबो किसी भी आतंकरोधी अभियान के दौरान आतंकियों पर हमला करने में सहायक की भूमिका निभाएंगे। सुरक्षा बलों के लिए आतंकियों के विरुद्ध कार्यवाही में सबसे बड़ी चुनौती उनकी सही संख्या और उनके पास उपलब्ध हथियारों की पूरी जानकारी लेने की होती है।

## मानव सैनिकों के लिए थर्मल जैकेट

भारतीय युद्ध और रक्षा प्रणालियों में आमूल-चूल परिवर्तन किया जा रहा है। सेना को रोबोटिक तकनीक से जोड़ने के लिए प्रौद्योगिकी संस्थान के विज्ञानियों ने सेना के लिए आधुनिकतम रक्षा उपकरण विकसित करके नए कीर्तिमान बनाए हैं। इन्होंने सैनिकों के भरोसेमंद साथी के रूप में इंटेलीजेंट रोबोट निर्मित किया है। दूसरा नवाचार थर्मल जैकेट का किया है, यह जानलेवा गर्मी से सैनिकों की सुरक्षा करेगी।

# तरकश

संजय के. दीक्षित

## रायपुर राजधानी या कस्बा?

पड़ोसी राज्य ओड़िसा को गरीब राज्य माना जाता है, मगर वहां की राजधानी भुवनेश्वर को देखकर लगता है अपना रायपुर 50 साल पीछे है। दरअसल, 25 साल में रायपुर को राजधानी बनाने, जिस तरह से सिस्टम डेवलप करना था, वो हुआ नहीं। दो-चार सड़कों का चौड़ीकरण कर सिस्टम ने वाहवाही लूट ली। आज भी रायपुर में कहीं आगजनी की घटना हो जाए, तो फायर ब्रिगेड के पास बीएसपी और सीमेंट प्लांटों का मुंह ताकने के अलावा कोई चारा नहीं, क्योंकि फायर ब्रिगेड के पास अपना कोई इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। तीन साल पहले गोलबाजार के होटल में आग लगी तो दमकल पहुंचता, उससे पहले दो लोगों की मौत हो चुकी थी। रायपुर में सिविल डिफेंस सिस्टम का हाल पूछिए मत। पाकिस्तान के साथ तनाव के दौरान भारत सरकार ने छत्तीसगढ़ के रायपुर समेत छह शहरों को मॉक ड्रील के लिए चुना। मगर सिर्फ भिलाई में इसकी खानापूर्ति हो सकी, क्योंकि सिस्टम में बैठे लोगों ने सिविल डिफेंस की कभी सुध नहीं ली। दूसरे राज्यों में जगह-जगह मॉक ड्रील हुआ और राजधानी रायपुर के लोग ताकते रह गए। पिछड़ा राज्य कहे जाने वाले झारखंड के जमशेदपुर पिछले दिनों जाना हुआ। वहां गाड़ी के ड्राईवर ने सीट बेल्ट लगाने कहा तो मैं चौंक गया। वहां बाइक में पीछे बैठे लोग भी हेलमेट लगाए हुए थे। मगर अपने रायपुर में...छत्तीसगढ़ियां, सबले बढ़िया। तेलीबांधा थाने के पास आईआईएम की छात्रा ट्रक के नीचे आकर जान गंवा बैठी। मगर हेलमेट लगाने की बात आएगी, तो पुलिस की वसूली शुरू हो जाएगी या फिर पुलिस के पास रायपुर के भईया लोगों का फोन आने लगेगा। रायपुर के लोग एयर कनेक्टिविटी पर गर्व कर सकते हैं, मगर वो भी कोल, स्टील और आयरन इंडस्ट्रीज की वजह से हुआ, उसमें सिस्टम का कोई रोल नहीं।

## जोगी का विजन और स्काई वॉक

रायपुर का विवादास्पद स्काई वॉक को फिर से बनाने का फैसला एक तरह से कहें तो राजधानी को कस्बा बनाने जैसा ही है। 50 करोड़ फूंकने के बाद फिर से 37 करोड़ की स्वीकृति देना नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पैसे में आग लगाने जैसा ही माना जाना चाहिए। सिस्टम को किसी की जिद की पूर्ति करने से पहले एक सर्वे करा लेना था कि वाकई इसकी जरूरत है क्या। मेरा दावा है कि कैबिनेट के न तो एक मंत्री इसके पक्ष में होंगे, न एक आईएएस अधिकारी। रायपुर के शास्त्री चौक पर खड़े 100 लोगों से उसकी उपयोगिता पूछ ली जाए, तो सभी एक ही जवाब देंगे, इस पर कौन चढ़ेगा? यह गंजेरी, भंगेरी और लड़के-लड़कियों के लंपटई का अड्डा बन कर रह जाएगा। ऐसे में अजीत जोगी की याद आती है। छत्तीसगढ के विकास के स्वप्नद्रष्टा जोगीजी ने तेलीबांधा से लेकर टाटीबंध और शास्त्री चौक से लेकर स्टेशन चौक तक फ्लाई ओवर बनाने का ड्राइंग-डिजाइन तैयार करा लिया था। उन्होंने सीजी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन को इसे बनाने का दायित्व सौंपा था। मुझे आज भी याद है....2004 में सीआईडीसी के तत्कालीन एमडी आईसीपी केसरी ने मुझसे कहा था, हमलोग फ्लाई ओवर का टेंडर करने जा रहे हैं। मगर पता नहीं किधर से चकरी चली कि इस पर ब्रेक लग गया। ये जरूर है कि जीई रोड के व्यापारी इसके विरोध में थे। वे नहीं चाहते थे कि फ्लाई ओवर से उनका बिजनेस मार खाए। असल में, एक परसेप्शन है कि फ्लाई ओवर बनने से उस इलाके में 30 परसेंट बिजनेस कम हो जाता है। इसलिए, रायपुर के भाई साहबों ने स्काई वॉक का ऐसा इंतजाम कर दिया कि भविष्य में कभी फ्लाई ओवर की गुंजाइश ही न रहे। जनता की गाढ़ी कमाई को पानी में बहाने से पहले नगरीय प्रशासन विभाग को एक बार और विचार करना चाहिए।

## सम्मानजनक विदाई

बजट सत्र से पहले छत्तीसगढ़ सरकार ने जिस गति से मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति की फाइलें दौड़ाई थीं, उससे लोगों को लगा था कि मुख्य सचिव स्तर पर समय से पहले बदलाव हो सकता है। मगर अब उनके एराइवल अधिकारियों ने भी मान लिया है कि जून से पहले कोई मौका नहीं है। अमिताभ जैन अब चार साल आठ महीने का कार्यकाल पूरा कर 30 जून को विदा होंगे। जाहिर है, यह एक बड़ा रिकार्ड होगा, जिसे तोड़ना किसी सीएस के लिए मुश्किल होगा। छत्तीसगढ़ बनने के बाद कोई मुख्य सचिव फोर ईयर क्लब में शामिल नहीं हुआ। विवेक ढांड चार साल पूरे होने के 20 दिन पहले अपना विकेट गंवा बैठे थे। पी० जॉय उम्मेन भी करीब सवा तीन साल सीएस रहे। अमिताभ के साथ एक प्लस यह है कि उम्मेन और ढांड एक ही सरकार में आउट हो गए, मगर अमिताभ दो सरकारों में रहे और अभी भी पिच पर मुस्तैदी से टिके हुए हैं। बहरहाल, ब्यूरोक्रेसी में उत्सुकता इस बात की है कि सम्मानजनक विदाई के साथ अमिताभ को पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग क्या मिलेगी। तीन साल वाला सीआईसी की कुर्सी या कोई और प्रतिष्ठित, ग्लेमरस पोस्टिंग? इसका जवाब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ही दे पाएंगे। वैसे, मई की गरमी में अमिताभ जैन सीएम के साथ पसीना बहाते देखे जा रहे, उससे लगता है कि कुछ बढ़ियां ही होगा।

## गृह मंत्री का दिल्ली दौरा

पाकिस्तान के साथ तनाव जब चरम पर था, तब बस्तर में एनकाउंटर की खबरें मीडिया की सुर्खिया बनी थी। लेकिन दिल्ली से पता नहीं ऐसा क्या हुआ कि गृह मंत्री विजय शर्मा को नक्सलियों के एनकाउंटर की खबरों का खंडन करना पड़ गया। हालांकि, उसके बाद सीआरपीएफ के डीजी दिल्ली से आए और प्रेस कांफ्रेंस कर 31 नक्सलियों के मारे जाने का खुलासा किया। खैर, युद्धकाल में देश के भीतर एनकाउंटर...गृह मंत्री का खंडन...ये संवेदनशील मसला है...इस पर फिलहाल नो कमेंट्स। मगर छत्तीसगढ़ के मीडिया के लिए ये हैरान करने वाला रहा कि नक्सलियों से मुठभेड़ में सीआरपीएफ के कुछ जवान जख्मी हुए...एयरलिफ्ट कर उन्हें कब दिल्ली ले जाया गया, किसी को पता नहीं चला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उन्हें देखने जब एम्स पहुंचे, तब इसकी जानकारी पब्लिक डोमेन में आई। हालांकि, सियासी गलियारों में हैरान करने वाला गृह मंत्री विजय शर्मा की फोटो भी रही। फोटो में अमित शाह के साथ विजय शर्मा को देख लोग चौंक पड़े...सबके मुंह से बरबस यही निकला, ये कैसे हुआ? विजय शर्मा क्या अमित शाह के इतने क्लोज?

## 15 महीने में 57 दौरा

बस्तर से नक्सलियों का सफाया करना भारत सरकार के कितने प्रायरिटी में है कि केंद्रीय गृह मंत्री पिछले एक साल में चार बार बस्तर का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने एक बार सीआरपीएफ के कैंप में भी रात्रि विश्राम भी किया। वैसे, बस्तर का दौरा करने में सीएम विष्णुदेव साय ने अपने पूर्ववर्ती मुख्यमंत्रियों को पीछे छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के 15 महीने में विष्णुदेव साय 57 बार बस्तर जा चुके हैं। हालांकि, पहले के सीएम भी बस्तर जाते थे...26 जनवरी को झंडारोहन के लिए बस्तर निश्चित था। मगर महीने में चार बार बस्तर का दौरा, ऐसा पहले नहीं हुआ। दरअसल, इसकी एक वजह यह भी है कि नक्सलियों के सफाए का डेडलाइन तय करने के साथ ही केंद्र बस्तर के डेवलपमेंट को लेकर गंभीर है। इसको देखते राज्य सरकार टूरिज्म और इंडस्ट्रीलाइजेशन का रोडमैप तैयार कर रही है। पिछले महीने सीएम दो दिन इसी काम को लेकर बस्तर में कैंप किए थे।

## छुट्टियों पर ब्रेक

छत्तीसगढ़ में अनगिनत सरकारी छुट्टियों से सिस्टम कॉलेप्स होता जा रहा है। सरकारी ऑफिसों में कामकाज ठप्प हो रहा तो स्कूलों के कोर्स कंप्लीट नहीं हो पा रहे। प्रायवेट स्कूल एसोसियेशन ने सरकार को ज्ञापन दिया था, जिसमें बताया गया था कि छुट्टियों के चलते किस तरह कोर्स प्रभावित हो रहा है। इसके लिए पिछली सरकार के समय छुट्टियों में क्लास लगाने की अनुमति मांगी गई मगर इसमें कुछ हुआ नहीं। बहरहाल, फाइव डे वीक से सबसे अधिक नुकसान होता है जब किसी सप्ताह शुक्रवार या सोमवार को छुट्टी पड़ जाए। इस चक्कर में तीन दिन सब कुछ बंद। पिछले हफ्ते 10 और 11 मई को सैटर्ड और संडे था, इसके अगले दिन सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा। याने लगातार तीन दिन छुट्टी। इससे पहले पिछले महीने 11 दिन में सात छुट्टियां रहीं। 10 अप्रैल को महावीर जयंती, 12 और 13 को सर्टडे, संडे। फिर 14 को आंबेडकर जयंती, 18 को गुड फ्रायडे, 19, 20 मई को सैटर्डे, संडे। गुड गवर्नेंस पर काम कर रही सरकार ऐसे में चिंतित है। सुनने में आ रहा कि सरकार छुट्टियों में कटौती करने पर विचार कर रही है। हो सकता है, सभी सैटर्डे की बजाए पहले की तरह सेकेंड और थर्ड सैटर्डे को छुट्टी वाला रुल फिर से लागू कर दिया जाए।

## कलेक्टरों को वार्निंग

गुड गवर्नेंस के तहत छत्तीसगढ़ सरकार अफसरों को टाईम पर ऑफिस आने ताकीद कर रही थी, जनवरी में जीएडी से कलेक्टर, एसपी के लिए जिलों में दौरे करने के निर्देश जारी हुए थे। मगर सरकार की नोटिस में ये बात आई है कि 80 परसेंट कलेक्टर घर और ऑफिस से बाहर नहीं निकल रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इसको लेकर नाराज बताए जा रहे हैं। राजनांदगांव की समीक्षा बैठक में उनके भीतर की बातें जुबां पर आ गई। उन्होंने कलेक्टरों, कमिश्नरों से फिर कहा कि अपने इलाकों के दौरे में कोताही न करें। सीएम ने सख्त लहजे में इन दोनों प्रशासनिक अधिकारियों को चेताया कि कोर्ट को तभी केंसिल करें, जब कोई बेहद अर्जेंट वर्क हो। जाहिर है, पिछले हफ्ते इसी तरकश स्तंभ में हमने कलेक्टरों के कोर्ट के प्रति बेरुखी का जिक्र किया था। अधिकांश कलेक्टर इन दिनों राजस्व के मामले अपर कलेक्टरों को सौंप दे रहे हैं। चलिये, सीएम की तल्खी से शायद अब कलेक्टर और कमिश्नरों की कोर्ट में लंबित प्रकरणों की अब सुनवाई में तेजी आए।

## कलेक्टर लांचिंग पैड

रायपुर विकास प्राधिकरण का गठन 2004 में हुआ था। इसके सीईओ का पोस्ट आईएएस के लिए तय किया गया। अमित कटारिया दो अलग-अलग टेन्योर में करीब तीन साल तक सीईओ रहे। अभिजीत सिंह भी आरडीए में रिपीट हुए। मगर 2018 के बाद पता नहीं, इस कुर्सी को कौन सा ग्रहण लगा कि कोई अफसर वहां टिक नहीं पा रहा। इस सरकार के सवा साल में अब तक चार सीईओ बदल चुके हैं। जनवरी 2024 में पहली लिस्ट में धमेंद्र साहू कलेक्टर बनकर गए तो उनकी जगह प्रतीक जैन को बिठाया गया। वे 10 महीने रहे। उनके बाद 14 जनवरी को कुंदन कुमार सीईओ बने। कुंदन तीन महीने में मुंगेली कलेक्टर बनकर चले गए। सरकार ने अब आकाश छिकारा को नया सीईओ बनाया है। वैसे धमेंद्र साहू से पहले अभिजीत सिंह पांच महीने, नरेंद्र शुक्ला सात महीना, प्रभात मलिक चार महीना, भीम सिंह छह महीना, ऋतुराज रघुवंशी चार महीना, अभिजीत सिंह दूसरी बार तीन महीना और चंद्रकांत वर्मा दो महीना सीईओ रहे हैं। आरडीए की पोस्टिंग की खास बात यह है कि अधिकांश सीईओ यहां से कलेक्टर बनकर निकले। अमित कटारिया रायगढ़ का कलेक्टर बनकर गए थे। इस फेहरिश्त में ऋतुराज रघुवंशी, प्रभात मलिक, अभिजीत सिंह, चंद्रकांत वर्मा, कुंदन कुमार, धमेंद्र साहू और प्रतीक जैन शामिल हैं। इन सभी के लिए आरडीए की पोस्टिंग शुभ रही थी। ऐसे में, आकाश छिकारा को नाउम्मीद नहीं होना चाहिए।

## दूसरा मोक्षित

छत्तीसगढ़ को हिलाकर मोक्षित जेल चला गया तो क्या हुआ, सीजीएमएससी के खटराल अधिकारियों ने दूसरा मोक्षित ढूंढ लिया है। राजधानी रायपुर के पड़ोसी जिले के इस कंपनी को मोक्षित की जब चलती रहे तो उसने उसे फटकने नहीं दिया। मगर वह जेल चला गया तो सीजीएमएससी में उसकी इंट्री हो गई। पता चला है, पिछले दो-तीन महीने में 80 से 90 परसेंट सप्लाई का काम इसी कंपनी को दिया गया है। कारस्तानियों का मोड भी वही है, जिसके लिए सीजीएमएससी बदनाम हुआ है। अब आप कहेंगे...ईओडब्लू जांच! तो दो-दो आईएएस के जेल जाने के बाद क्या छत्तीसगढ़ में करप्शन रुक गया? सरकार की चेतावनी के बाद 1.20 लाख के पीएम आवास में 25 हजार घूस का मामला हाल ही में पकड़ा गया। कुल मिलाकर कहा जाए तो सीजीएमएससी के सिस्टम में करप्शन का वायरस घूस गया है। अब ईओडब्लू आ जाए या ईडी, सीबीआई...वायरस को क्या फर्क पड़ने वाला है।

## अंत में दो सवाल आपसे

1. वो कौन सी अदृश्य शक्तियां है, जो सूबे के कई खटराल और बदनाम अफसरों के लिए कवच बन जा रही?
2. वो कौन से मंत्री हैं, जिन्होंने वसूली के लिए आरगेनाइज सिस्टम तैयार कर लिया है?















## जैकेट के शेष

### पारागांव में रेत ....

किया जा रहा है। नदी से दो किलोमीटर दूर पर रेत का भंडारण करने का नियम है। इस नियम का भी पालन नहीं किया गया है। नदी के 5 सौ मीटर की दूरी से ही रेत के जगह-जगह भंडारण किए गए हैं। रेत का भंडारण करने की अनुमति जमीन का रकबा और रेत की मात्रा यानी घन मीटर के अनुसार दी जाती है। इसके तहत गांव में कुछ जगहों पर लोगों ने रेत भंडारण की अनुमति ली भी है, लेकिन जितना घन मीटर रेत भंडारण की अनुमति ली है, उसकी तुलना में लोगों ने हजारों घन मीटर अधिक रेत का भंडारण करा लिया है। इससे शासन को भी करोड़ों रुपए का नुकसान होगा, क्योंकि अवैध रूप से भंडारण की गई रेत को अवैध रूप से ही बेचा जाएगा, जिसके कारण भंडारण लाइसेंस शुल्क सहित रायल्टी की राशि भी शासन को नहीं मिल पाएगी। **राजस्व विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश** : कलेक्टर गौरव सिंह ने खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर रोक लगाने तथा कार्रवाई करने के लिए खनिज विभाग के साथ राजस्व अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी आरंग और अभनपुर क्षेत्र में खदानों में रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण जारी है।

### धमतरी में जगह-जगह ....

जिले की रेत खदानों पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 10 जून से जिले के सभी वैध और अवैध खदानों से उत्खनन पर कड़ाई से पाबंदी लगा दी जाएगी। उधर जिले में 20 हजार से अधिक आवास स्वीकृत हुए हैं। इन आवासों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इनके अतिरिक्त बड़ी संख्या में भवन भी तैयार हो रहे हैं, जिसके चलते जिले में रेत की डिमांड काफी बढ़ गई है। यह डिमांड बारिश के मौसम में भी रहेगी। स्थिति का आकलन करते हुए लोगों ने रेत डंपिंग का काम शुरू कर दिया है। जिले में कुल 12 रेत खदानें वैध रूप से संचालित हो रही हैं। इससे कहीं अधिक अवैध रेत खदान चल रही हैं। सभी खदानों से रेत डंपिंग का काम जोरों पर है। अब तक 46 लोगों को कुल 3 लाख घनमीटर रेत भंडारण का लाइसेंस दिया गया है। इन लोगों को रेत भंडारण करने के लिए 9 जून तक का वक्त दिया गया है। उधर अभी से रेत भंडारण केंद्रों में रेत का पहाड़ बनने लगा है।

**कार्रवाई हुई तेज** : जिले में रेत के अवैध उत्खनन पर लगाम नहीं है। विधायक ओंकार साहू सहित अन्य लोगों ने शुक्रवार को कोलियारी के पास विरोध भी किया। लगातार आ रही शिकायत को देखते हुए शुक्रवार को खनिज विभाग के अमले ने रेत खदानों में छापामार कार्रवाई की। कोलियारी में कई ट्रैक्टर रेत भरते मिले। खनिज विभाग के अमले को देखते हुए अधिकांश ट्रैक्टर को लेकर ड्राइवर भाग निकले। विभाग ने इस खदान के जाने के रास्ते को जेसीबी से खुदवा दिया है। वहीं अमेठी, अछोटा सहित अन्य अवैध खदानों पर उत्खनन बंद करवा दिया गया है।

### बिलासपुर-सरगुजा और ....

जमीन किराए पर लेकर रेत डंप की जा रही है। बिलासपुर में लालखदान का एक ऐसा मामला सामने आया है एक रेत चोर ने मरघट की जमीन में रेत का भंडारण कर रखा है और यहीं से विक्रय भी किया जा रहा है। एक महीने पहले तक शहर में रेत की कीमत 19 सौ रूपए प्रति ट्राली थी, जो अभी 24 सौ रूपए प्रति ट्राली तक पहुंच चुकी है। सूत्रों का कहना है कि जुलाई महीने के आते-आते यह कीमत तीन हजार पार कर जाएगी, वहीं अगस्त-सितंबर में रेत की कीमत पैंतीस सौ से चार हजार रूपए प्रति ट्रैक्टर ट्राली तक पहुंच जाती है, जिसे लोग मजबूरीवश इन कीमतों में खरीदते भी हैं। **खनिज विभाग को शिकायत का इंतजार क्यों** : बिलासपुर जिले में खनिज विभाग द्वारा रेत के भंडारण के लिए सिर्फ जोंधरा में लाईसेंस जारी किया गया है। इसके अलावा पूरे जिले में नजर आ रहे रेत के भंडारण अवैध है। जब सारे रेत भंडारण अवैध हैं, तो खनिज विभाग को इनकी जब्ती की कार्रवाई करने के लिए किसी शिकायत का इंतजार क्यों है? विभाग अगर चाहे तो एक अभियान चलाकर एक महीने के भीतर ही पूरे जिले से रेत के अवैध भंडारण समाप्त कर सकता है। जबकि ऐसा नहीं हो रहा है। रेत के अवैध भंडारण व विक्रय के व्यवसाय से जुड़े लोग नए नहीं है, बल्कि सालों से इस खेल को अंजाम दे रहे हैं, जिसकी खनिज विभाग को भी भलीभांति जानकारी है। बस कार्रवाई इसलिए नहीं की जा रही क्योंकि विभाग शिकायत के इंतजार में बैठा है। समय-समय पर खानापूर्ति के लिए कार्रवाई कर दी जाती है।

**नए कलेक्टर को इंप्रेश करने में लगा खनिज विभाग?** : खनिज विभाग द्वारा मस्तूरी, तखतपुर व सीपत क्षेत्र के अलावा शहर में भी छापामार कार्रवाई कर चोरों की धरपकड़ वाली कार्रवाई बीते कुछ दिनों से ज्यादा ही नजर आ रही है। ऐसा बिल्कुल नहीं है रेत के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण करने वाले जिले में अचानक पैदा हो गए हैं। यह स्थिति पहले भी थी। बदलाव तो बस शहर के प्रशासन में हुआ है। नए कलेक्टर के रूप में प्रशासनिक बागडोर संजय अग्रवाल के हाथों में आने के दिन से ही खनिज विभाग की धरपकड़ वाली कार्रवाई हो रही है लेकिन बड़े रेत तस्कर बैक निकल रहे हैं।

### आकाशीय बिजली की ....

गए। रात्रि में घर पहुंचने के बाद युवक शुक्रवार को किए काम को देखने के लिए बाड़ी तरफ बन रहे बाथरूम में चला गया। युवक निर्माणाधीन बाथरूम में ही खड़ा था। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ अचानक बिजली गिर गई। युवक बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। वहीं उसका मोबाइल भी ब्लास्ट हो गया।

### मोबाइल का डाटा ....

के समय युवक के मोबाइल का डाटा चालू रहा होगा तथा काम को लेकर किसी से बात कर रहा होगा।

### सरकारी अस्पताल को ....

देश के कई हार्ट सेंटर हाथ खड़े कर चुके थे। उन्होंने तकायसु धमनीशोध का उपचार लेजर पद्धति से किया जो देश में पहली प्रक्रिया थी। उनके द्वारा कार्डियोलॉजी से संबंधित महत्वपूर्ण शोध का प्रकाशन हुआ है।

### आंखों के इलाज के साथ ....

इनके व्याख्यान से समाज को नयी दिशा मिली है। अपने सामाजिक सरोकार वाले दायित्वों के निर्वहन के लिए उन्हें राज्य के राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित भी किया जा चुका है।

### विकलांग बच्चों को खोजकर ....

मदद से ऐसे बच्चों का काउंसिलिंग करने की सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## पेज एक के शेष

### शराब घोटाले में फिर...

पांच स्थानों पर छापे की कार्रवाई की गई है। रायपुर में ईओडब्लू, एसीबी की टीम कंस्ट्रक्शन कारोबार से जुड़े देवेंद्र नगर निवासी जी. नागेश्वर राव तथा श्रीनिवास राव के यहां छापे की कार्रवाई करने पहुंची। श्रीनिवास ने निगम चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। जी. नागेश्वर कवासी लखमा तथा उनके बेटे हरीश का करीबी है। इसके अलावा रायपुर के संतोषी नगर में जांच टीम कमलेश नाहटा के निवास पर छापे की कार्रवाई करने पहुंची थी। रायपुर में छापे की कार्रवाई शाम साढ़े पांच बजे तक कंप्लीट कर ली गई।

### ऑपरेशन सिंदूर पर टीम...

गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम सरकार को दिए गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने शशि थरूर का नाम लिए बिना कहा, कांग्रेस में होने और कांग्रेस के होने में जमीन आसमान का फर्क है। वहीं, थरूर ने कहा कि राष्ट्र हित और उनकी सेवाओं की आवश्यकता होने पर वह पीछे नहीं रहेंगे।

### भारत के खिलाफ साजिश...

दानिश ने ज्योति मल्होत्रा को डिनर पर बुलाया था। इस दौरान दोनों के बीच बातचीत हुई और यूट्यूबर ने उसके साथ एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया था, बाद में दानिश और उसके साथी अली एहसान ने ज्योति को पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों से मिलवाया। ज्योति ने 'जट्ट रंधावा' नाम से सेव किए गए एक पीआईओ शाकिर उर्फ राणा शाहबाज से व्हाट्सएप, टेलीग्राम और स्नैपचैट जैसे एनक्रिप्टेड ऐप्स पर बातचीत की. ज्योति पर भारतीय दंड संहिता की धारा 152 और ऑफिसियल सीक्रेट्स एक्ट 1923 की धाराएं 3, 4 और 5 के तहत मामला दर्ज किया गया है. उनकी लिखित स्वीकारोक्ति ली गई है और मामला हिसार की इकोनॉमिक ऑफेंसेज विंग को सौंपा गया है।

**एक दिन पहले भी हुई थी गिरफ्तार** : एक दिन पहले ही 25 वर्षीय एक स्नातकोत्तर छात्रा को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से कथित तौर पर संबंध रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि कैथल जिले के गुहला इलाके के आरोपी देवेंद्र सिंह को, रविवार को सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ तस्वीरें अपलोड करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद गिरफ्तार किया गया। कुछ दिन पहले, 24 वर्षीय युवक नोमान इलाही को पाकिस्तान में कुछ लोगों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में पानीपत जिले से गिरफ्तार किया गया था।

### कर्रेगुट्टा से भागे...

इंसास, एसएलआर, थ्री नॉट थ्री, 8 एमएम रायफल, लाइव ग्रेनेड व 58 हजार नगद बरामद किया गया है। कररेगुट्टा ऑपरेशन के बाद नक्सलियों के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई है, जिसमें 20 माओवादी गिरफ्तार किए गए, वहीं 8 ने समर्पण किया है। यह गिरफ्तारी तेलंगाना के मुलुगु जिले के वाजेडु, वेंकटापुरम व कन्नईगुड़म थाना क्षेत्रों से की गई है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार नक्सली बड़ी घटना को अंजाम देने की कर रहे थे, तैयारी तभी उन्हे गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन के तहत वेंकटापुरम, वाजेडु और कन्नायिगुड़ेम थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार माओवादियों में 1 डिविजन कमेटी सदस्य के अलावा 5 एरिया कमेटी सदस्य तथा 14 पार्टी सदस्य शामिल हैं।

### इन घटनाओं में शामिल...

मारे गए थे। इसके अलावा अप्रैल 2017 में सुकमा जिले के बुरकापाल में हमला, जिसमें 25 सीआरपीएफ जवान शहीद हुए थे। मार्च 2018 में सुकमा जिले के किस्टाराम जंगल में आईईडी विस्फोट, जिसमें 9 सीआरपीएफ जवान शहीद, मार्च 2018 में बीजापुर जिले के चिन्नाउतापल्ली गांव में दो व्यक्तियों की पुलिस मुखबिर बताकर हत्या, फरवरी 2020 में बीजापुर जिले के इरापल्ली में 3 पुलिस कर्मियों की हत्या, मार्च 2020 में सुकमा जिले के मिनप्पा जंगलों में घात लगाकर हमला।

### गोरिल्ला बेस बनाने की...

राज्यों (तेलंगाना, छत्तीसगढ़ व ओडिशा) में माओवादी संगठनों के लिए काम कर रहे थे। सुरक्षा बलों की सतर्कता और सटीक कार्रवाई से नक्सलियों के मंसूबो का नाकामयाब किया गया है। गिरफ्तार माओवादियों के पास से 3 इंसास राइफल, 4 एसएलआर राइफल, एक 303 राइफल, 8 एमएम रायफल, 12 बोर हथियार कारतूस, लाइव ग्रेनेड, वॉकीटॉकी व नगद 58 हजार 155 रुपए बरामद किया गया है। पुलिस का यह अभियान जिले में माओवादी नेटवर्क को कमजोर करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।


**C/PDCL कार्यपालन अभियंता नगर संभाग (पश्चिम), भिलाई**
**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**

// बिजली बंद होने की आवश्यक सूचना //

समस्त सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि **मानसून पूर्व आवश्यक सुधार** कार्य हेतु निम्न दर्शाये गये जोन अंतर्गत दर्शाये गये **11 के.व्ही फीडर** में उनके सम्मुख दर्शित तिथि एवं समय में **विद्युत प्रवाह अवरूध्द** रहेगा। विवरण निम्नानुसार है -

| जोन का नाम | दिनांक व दिन | समय | 11 के.व्ही. फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| वैशाली नगर जोन | 19/05/25 सोमवार | सुबह 10.00 से 03.00 बजे तक | गोकुलधाम | कुरूद बस्ती, मनसा आई.टी.आई के आसपास का क्षेत्र, रुंगटा कॉलेज के आसपास का क्षेत्र, चन्द्र नगर, साकेत नगर, मंगल बाजार के आसपास का क्षेत्र, गोकुल नगर। |
| नेहरू नगर जोन | 19/05/25 सोमवार | सुबह 9.30 से 02.00 बजे तक | स्मृति नगर | स्मृति नगर, स्मृति नगर मार्केट, आनन्द नगर, पुष्पक नगर एवं आसपास का क्षेत्र, |
| | 21/05/25 बुधवार | | रॉयल ग्रीन | रॉयल ग्रीन, पार्क व्यु. के. शुभम मार्ट, चौहान ग्रीनवैली ब्लाक अ,ब, एवं आसपास का क्षेत्र |
| | 23/05/25 शुक्रवार | | खम्हरिया | जुनवानी बस्ती, चौहान ग्रीनवैली, दीनदयाल कॉलोनी, खम्हरिया कुटेलाभाटा एवं आसपास का क्षेत्र |
| सुपेला जोन | 19/05/25 सोमवार | प्रातः 8 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक | आकाश गंगा-2 | टी.वी.एस. शोरूम, अमोद भवन, सत्संग भवन, कान्ट्रेक्टर कॉलोनी, रिनॉल्ट शोरूम, शास्त्री हॉस्पिटल, सुधीर एस. रे, कमला मेडिकल, लक्ष्मी मेडिकल, पांच रास्ता आदि क्षेत्र। |
| | 20/05/25 मंगलवार | | दक्षिण गंगोत्री | दक्षिण गंगोत्री प्रिया कम्प्यूटर, कम्पू वर्ल्ड, एवन इलेक्ट्रानिक्स, टाइटन शोरूम, नवभारत प्रेस, खादीम शोरूम, व्यम. हॉस्पिटल, गुरूनाथ हॉस्पिटल, सर्कस ग्राउंड, प्रियदर्शनी परिसर आदि क्षेत्र। |
| | 21/05/25 बुधवार | | भीम नगर | इंदिरा नगर, राम मंदिर, राजेन्द्र प्रसाद चौक, दुबे पशु आहार, कलिम पान ठेला, पांच रास्ता, सुखराम आरामिल, वर्मा इंजीनियरिंग आदि क्षेत्र। |
| | 22/05/25 गुरूवार | | संजय नगर | वेंकटेश्वर टॉकीज, नूर मस्जिद लक्ष्मी मार्केट क्षेत्र, शंकरपारा, रावणभाठा, शीतला मंदिर शनि मंदिर तालाब आदि क्षेत्र। |
| | 23/05/25 शुक्रवार | | सिरसा रोड | गुरूनानक नगर, फैण्डस कैफे, पांच मदिर, अशोक आटा चक्की आदि क्षेत्र। |
| | 23/05/25 शुक्रवार | | सुपेला | आम्रपाली,गौरव पथ रोड, शासकीय स्कूल वृंदानगर, छपरा कॉलोनी, सुंदर नगर, जैन मंदिर आदि क्षेत्र। |
| | 24/05/25 शनिवार | | केम्प 1 | वृन्दा नगर, प्रेम नगर, केम्प - 1, अर्जुन नगर, 18 - नंबर रोड, अटल आवास, दशहरा मैदान, आंध्रा स्कूल, मुक्ति धाम, गौसिया मस्जिद आदि क्षेत्र। |
| | 24/05/25 शनिवार | | रामनगर | राजीव नगर, जहाज बिल्डिंग, आजाद चौक, भारत माता चौक, शकुन्तला विद्यालय, हनुमान मंदिर, गायत्री मंदिर, रामजानकी मंदिर आदि क्षेत्र। |

(विद्युत अवरोध की सूचना प्रभावित फीडरों के उपभोक्ताओं को एस.एम.एस. के माध्यम से दी जा रही है।)
उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिये खेद है।
कार्यपालन अभियंता नगर संभाग (पश्चिम)
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., भिलाई
संवाद-



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD), RANCHI**
**Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi- 834002**

e-Procurement (Very Short Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-6/2025-26
e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/6/2025-26 Date:-16.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Widening & Beautification/strengthening/ Reconstruction of Netarhat Awasiya Vidyalaya to Sunset Point road under Mahuadand block including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Latehar District in the State of Jharkhand. *Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 11 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 45 Days |
| 4 | Cost of Tender documents & Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/(Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 20000.00 as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 20.05.2025,17:00 PM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 27.05.2025 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 28.05.2025 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division, RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.
Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
PR 352798 Road (25-26)_D Road Construction Department, Ranchi



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, DUMKA**

VERY-VERY SHORT TIME
e-Procurement Notice
Tender Reference No. RCD/DUMKA/811 Date 17.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Ordinary Repair of Gobindpur-Sahebganj Road (Ch 126th Km to 141th Km) (Nischitpur to Phulojhano Chowk) under Non Plan (Shrawani Mela 2025) for the year 2025-26. |
| 2 | Estimated cost(In Rs) | Rs 1,50,00,000.00 |
| 3 | Time of completion | Three Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 26.05.2025 at 10.30 AM |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 02.06.2025 Up to 12.00 Noon |
| 6 | Date of opening of Tender | 03.06.2025 at 12.30 PM |
| 7 | Name & address of office Inviting tender | Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka. |
| 8 | Contact no. of Procurement Officer | 8252424164 |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Dumka
PR 352763 Road (25-26)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**ROAD DIVISION, DUMKA**

VERY-VERY SHORT TIME
e-Procurement Notice
Tender Reference No. RCD/DUMKA/812 Date 17.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Ordinary Repair of Gobindpur-Sahebganj Road (Ch 142th Km to 143th Km) (Nischitpur to Phulojhano Chowk) under Non Plan (Shrawani Mela 2025) for the year 2025-26. |
| 2 | Estimated cost(In Rs) | Rs 1,50,00,000.00 |
| 3 | Time of completion | Three Months |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 26.05.2025 at 10.30 AM |
| 5 | Last date/Time for receipt of bids | 02.06.2025 Up to 12.00 Noon |
| 6 | Date of opening of Tender | 03.06.2025 at 12.30 PM |
| 7 | Name & address of office Inviting tender | Office of The Executive Engineer Road Construction Department Road Division, Dumka. |
| 8 | Contact no. of Procurement Officer | 8252424164 |
| 9 | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer,
Road Construction Department,
Road Division, Dumka
PR 352764 Road (25-26)_D



**न्यायालय- तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.**
// उपस्थिति सूचना //
क्रमांक / / तह./2025 भखारा दिनांक 13/5/2025

न्यायालयीन राजस्व प्रकरण क्रमांक 202405132300035/अ-74 वर्ष 2023-24 पक्षकार संतोष कुमार पिता जरहूराम निवासी जोरातराई कास्तकार कोलियारी तहसील भखारा द्वारा ग्राम कोलियारी स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 432/2 रकबा 0.14 हे. वर्तमान भुईया अभिलेख में अनावेदकगण कृष्ण कुमार युवराज पिता नरोत्तम निवासी डुण्डा रायपुर कास्तकार कोलियारी के नाम पर दर्ज चले आ रहा है जिसे पूर्व अभिलेख अनुसार वाद भूमि को कम्प्युटर अभिलेख अपने नाम पर दर्ज किये जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त बाद भूमि को अनावेदकगण कृष्ण कुमार युवराज पिता नरोत्तम निवासी डुण्डा रायपुर कास्तकार कोलियारी द्वारा दिनांक 31/5/2010 को पंजीकृत बैनामा से विक्रेता नारायण दास पिता रामसुखदास राठी जाति माहेश्वरी कास्तकार कोलियारी हाल मुकाम अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर से क्रय करना बताया है। प्रकरण अनावेदक गण एवं वाद भूमि के विक्रेता नारायण दास पिता रामसुखदास राठी जाति माहेश्वरी के उपस्थिति हेतु नियत है। प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि 23/5/2025 नियत है। अतः एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित उपस्थिति सूचना पत्र के आधार पर नियत तिथि को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित कर अपना पक्ष रखे। नियत तिथि तक उपस्थित नही होने पर प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए आगे की कार्यवाही की जावेगी।
तहसीलदार
भखारा



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार,**
**जिला - बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक/91/ लो.नि.वि./ न.पा.प./2025 बलौदाबाजार, दिनांक 15.05.2025

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना - ( प्रथम निविदा आमंत्रण)
Main portal - http://cgeprocurement.gov.in
Sub portal - http:// uadd.cgeprocurement. gov.in
Email-cmobalodabazar@rediffmail.com

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा "अधोसंरचना मद" अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम टेंडर के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निर्धारित समयावधि | निविदा दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 168507 | वार्ड क्रमांक 01-21 तक छोटे-छोटे निर्माण कार्य (सी.सी. रोड / आर.सी.सी. नाली निर्माण / भवन निर्माण / बाऊण्ड्रीवॉल / सौंदर्यीकरण एवं पुल पुलिया कार्य) (PWD (B) SOR 2015 & PWD (R) SOR 2025) | 30.00 | 22500.00 | 1500.00 | 01 वर्ष | 06.06.2025 |

टीप :- उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurment.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cgeprocurment.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार



**Office of the Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Sahibganj**


Very Short Term Tender e-Procurement Notice (8th Call)
e-Tender Reference No. :- DWSD/SAHIBGANJ- 11/2024-25 Date- 16.05.2025

| Sl. | Name of Work | Name of Scheme | Group No. | Model No. | No. of Schemes | No. of FHTC | Estimated Cost (In Lac) | Earnest Money (In Lac) | Cost of BOQ (In Rs.) | Month |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | 1. Construction of rural water supply Scheme with 1.0 HP DC Solar motor pump complete set &Construction of DT/GPT/HYDT/HYGPT (as applicable) Bore wellfor Tolas/Village/Areas which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH at least 15/30 year for 24x7 supply under JJM in the state of Jharkhand. **(Model-IB)** 2. Construction of rural water supply Scheme with 2 Nos. 1.00 HP DC Solar motor pump complete set for Tolas/ Village/ Areas which is not included in MVS and has no electricity or less electricity on 2 Nos. DT/GPT/HYDT/HYGPT (as applicable) having potential to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 years for 24 x 7 supply under JJM in the state of Jharkhand. **(Model-3)** **3.**Construction of rural water supply Scheme with 2 Nos. 2.00 HP DC Solar motor pump complete set for Tolas/ Village/ Areas which is not included in MVS and no electricity or less electricity on 2 Nos. DT/GPT/HYDT/HYGPT (as applicable) having potential to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 years for 24 x7 supply under JJM in the state of Jharkhand.**(Model-4)** | Topara Group of SVS | SVS-03 | 1B | 21 | 616 | 193.38 | 3.90 | 10000.00 | 6 Months |
| 2 | Date & Time of Publication of Tender on website | | 19.05.2025/ 06:00 P.M | | | | | | | |
| 3 | Last Date & Time for receipt of Bid | | 24.05.2025/ 05:00 P.M | | | | | | | |
| 4 | **Last date/ time of Online submission of Earnest Money and Cost of BOQ**(As per Letter No.-120, dated-03.10.2023 of Secretary to Govt., Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) | | 24.05.2025/ 05:00 PM | | | | | | | |
| 5 | Date & Time of Opening of Tender | | 26.05.2025 / 05:00 PM | | | | | | | |
| 6 | Name & address of office inviting tender | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division,Sahibganj, Jharkhand | | | | | | | |
| 7 | Name & address of Opening officer | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Sahibganj Jharkhand | | | | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | | 9264195681 | | | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-procurement cell | | 9264195681 | | | | | | | |

Note:-
- No Claim shall be entertained because of disruption of internet service being used by the bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
- Estimated cost may be increase or decrease.

Executive Engineer
Drinking Water and Sanitation, Division Sahibganj
PR 352744 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D


## शब्द पहेली - 5870



**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 5869 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | स | ह | का | रि | ता | ■ | अ | चा | न | क |
| हा | र | ■ | य | ■ | ना | वि | क | ■ | त | र |
| थ | ■ | त | र | जु | मा | ■ | ल | ता | ■ | दा |
| मा | कू | ल | ■ | ■ | र | थ | ■ | क | वि | ता |
| र | ■ | घ | ■ | फ | ना | ■ | खा | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | रा | ज | म | ह | ल |
| ■ | थ | ■ | त | ■ | मो | ह | ■ | ह | ■ | प |
| क | ना | त | ■ | रा | ह | ■ | ■ | क | पा | ल |
| र | ■ | ना | प | ■ | त | म | क | ना | ■ | पा |
| ता | ना | ■ | ली | ड | र | ■ | थ | ■ | का | ना |
| र | च | यि | ता | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5880

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5879 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

हरिभूमि रविवार भारती
haribhoomi.com
छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
रायपुर, रविवार 18 मई 2025


कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

कुछ समय पहले वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने डिजिटल डिवाइसेस की लत को दुनिया भर में एक चिंताजनक समस्या बताया है। हर उम्र के लोग इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। इससे न केवल उनकी शारीरिक-मानसिक सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है, लोग अनिद्रा के भी शिकार हो रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम इस लत की गंभीरता को समझें और इससे बचने के लिए हर संभव प्रयास करें।





# डिजिटल डिवाइसेस की लत
# उड़ रही नींद-बिगड़ रही सेहत

हाल में फ्रंटियर्स इन साइकिएट्री जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार बिस्तर पर जाने के बाद एक घंटे तक स्क्रीन देखते हुए बिताने से अनिद्रा के लक्षण 59 प्रतिशत तक बढ़ जाने की संभावना होती है। स्मार्ट गैजेट्स की स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू लाइट के साथ समय बिताने से नींद का टाइम पीरियड भी 24 मिनट कम हो सकता है। अध्ययन में यह भी सामने आया है कि चाहे सोशल मीडिया पर समय बिताएं, रील्स देखें या ओटीटी प्लेटफॉर्म पर किसी तरह का कंटेंट देखा जाए, सोने से पहले स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी में बिताया जाने वाला समय ही मायने रखता है। माध्यम कोई भी हो, स्क्रीन टाइम अब लोगों की नींद को डिस्टर्ब करने वाली बड़ी वजह बन रहा है।

### नींद पर पड़ रहा बुरा असर

रात के समय लोगों का स्क्रीन टाइम बढ़ने की कई वजहे हैं। इनमें से एक वजह यह है कि दिन भर घर-दफ्तर की भाग-दौड़ के बाद रात को आराम का समय मिलने पर अधिकतर लोग स्क्रीन में ही झांकते रहते हैं। मेल, मैसेज या दूसरी जानकारियां देखने के साथ ही रात को सोने से पहले बहुत सा समय सोशल मीडिया स्क्रॉलिंग, रील्स और अलग-अलग तरह का कंटेंट देखने में भी लोग यूज करते हैं। स्मार्टफोन, लैपटॉप और टैबलेट जैसे डिजिटल डिवाइस अब बेडरूम में भी यूज किए जाते हैं। जिसके चलते कमोबेश हर उम्र के लोगों के सोने के समय का कुछ हिस्सा स्मार्ट डिवाइसेस के नाम हो गया है। हालिया अध्ययन कहता है कि स्क्रीन टाइम जितना ज्यादा होता है, नींद उतनी ही ज्यादा प्रभावित होती है।



### दूरी बनाना है जरूरी

उक्त शोध के अध्ययनकर्ताओं और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सोने से कम से कम एक घंटे पहले मोबाइल या अन्य किसी डिजिटल उपकरण का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है। असल में अच्छी नींद के लिए मन-मस्तिष्क का शांत रहना आवश्यक है। सोने से पहले देखा गया कंटेंट कई बार मानसिक उद्वेलन का भी कारण बनता है। इतना ही नहीं स्क्रीन स्क्रॉलिंग के कारण हुई आंखों और दिमाग की थकान भी ठीक से नींद आने में बाधा बनती है। समझना जरूरी है कि नींद चुराने वाली यह जीवनशैली सोने-जागने का पूरा पैटर्न ही बिगाड़ रही है। यही वजह है कि नॉर्वे के वैज्ञानिकों द्वारा 45,202 वयस्कों पर किए गए सर्वे के नतीजों को गंभीरता से लेना जरूरी है। बिस्तर पर जाने के बाद मोबाइल के यूज से अनिद्रा के जोखिम यानी इनसोमनिया से बचने के लिए स्क्रीन से दूरी बनाने के नियम बनाना और गंभीरता से उनका पालन करना बेहद जरूरी है।

### हेल्थ भी होती है प्रभावित

स्मार्ट स्क्रीन की ब्लू लाइट से नींद की गुणवत्ता तो खराब होती ही है, दिनचर्या भी बिगड़ जाती है। ठीक से आराम न मिल पाने के कारण डेली रूटीन ही नहीं, दिलो-दिमाग भी अस्त-व्यस्त रहते हैं। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के हर पहलू पर इसका नकारात्मक असर पड़ता है। हर दिन सोने के समय में होने वाली यह अनचाही कटौती बहुत सी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन जाती है। ये कंडीशंस हार्ट प्रॉब्लम्स, डायबिटीज, मोटापा, डिप्रेशन और उच्च रक्तचाप जैसी कई परेशानियों को बढ़ाती हैं। थका हुआ शरीर और उलझा सा मन जीवन से जुड़ी दूसरी जिम्मेदारियों के निर्वहन में भी बाधा बनता है। गैजेट्स की लत लग जाने के बाद स्क्रीन से दूरी मन में हताशा, असमंजस और बेचैनी भर देती है। वहीं नींद की कमी से बनी इस मनःस्थिति से या तो बार-बार कुछ खाते रहने की आदत लग जाती है या भूख कम हो जाती है।



किशोरों और युवाओं में तो नींद की कमी हार्मोन असंतुलन की बड़ी वजह बनती है, जिससे कम उम्र में ही ओबेसिटी की संभावना बढ़ जाती है। सही ढंग से आराम न मिलने और सुकून की नींद लेने के समय भी स्क्रीन पर कंटेंट देखते रहने से याददाश्त भी कमजोर होती है। किसी भी काम में फोकस करने की क्षमता घटती है। उलझे-बिखरे से रूटीन में क्रोध, स्ट्रेस और अजीबो-गरीब ढंग से मूड का बदलना परेशानियों को बढ़ाता जाता है। ध्यान रहे कि सोने के समय की अवधि और गहरी नींद शरीर के लिए स्वयं अपनी संभाल-देखभाल करने का समय होता है। हमारी बॉडी खुद को रिपेयर करती है। अगले दिन की भाग-दौड़ के लिए मन-मस्तिष्क और शरीर तैयार होते हैं। सुकून से और सही समय तक सोना हमारी इम्यूनिटी को बढ़ाता है। ऐसे में अपनी सेहत बचाने और दिनचर्या साधने के लिए सोते समय स्मार्ट गैजेट्स से दूरी बना लेना ही सही है। अगले दिन की स्फूर्ति भरी शुरुआत के लिए सोने के पहले का टाइम अपनों से संवाद, किताब पढ़ने या मेडिटेशन में लगाएं। दिन में भी जब समय मिले स्मार्टफोन और लैपटॉप में बिजी रहने के बजाय योगाभ्यास करना फायदेमंद होता है।

### डब्ल्यूएचओ ने किया आगाह

डब्ल्यूएचओ ने भी डिजिटल एडिक्शन से पूरी दुनिया के लोगों को आगाह किया है, क्योंकि हद से ज्यादा ऑनलाइन एक्टिविटीज और इंटरनेट का उपयोग दिन में टाइम मैनेजमेंट, ऊर्जा को सही दिशा देने और फोकस्ड रहने में असमर्थता और रात में नींद का पैटर्न बिगाड़ने या इनसोमनिया पैदा करने का कारण बनता है। ऐसे में जरूरी है कि डिजिटल होती जीवनशैली में तकनीक से मिली सुविधाएं अनुशासित होकर इस्तेमाल की जाएं। मनोरंजन, सूचनाएं, शिक्षा, काम-काज या सोशल मीडिया मंचों पर मौजूदगी, हर मामले में स्क्रीन की दुनिया से जुड़ते हुए संतुलन साधा जाए। तकनीक से घिरी आज की जिंदगी में कम से कम अपने बेडरूम को स्क्रीन-फ्री जोन जरूर बनाएं। याद रहे कि अपने लिए यह सीमा हमें खुद ही तय करनी है। *

### खुद करें हैबिट कंट्रोल

**आवश्यकता से** अधिक इस्तेमाल की गई कोई भी चीज नुकसानदेह ही होती है। तकनीक के मामले में भी यह बात लागू होती है। वर्चुअल व्यस्तता के इस दौर में स्क्रीन स्क्रॉलिंग को हैबिट बना लेने, डिजिटल डिवाइसेस पर हद से ज्यादा निर्भर हो जाने के कई खामियाजे भुगतने पड़ते हैं। खासतौर पर नींद की कमी की वजह से मेंटल और फिजिकल हेल्थ को बहुत नुकसान होता है। इस हैबिट की वजह से हर उम्र के लोगों में शारीरिक व्याधियां और मनोवैज्ञानिक समस्याएं देखने को मिल रही हैं। वयस्क लोग तमाम व्याधियों के शिकार हो रहे हैं तो बच्चे भी ऑनलाइन गेम्स के जाल में फंस रहे हैं। उम्र के हर पड़ाव पर अनिद्रा और बेचैनी लोगों के मन-मस्तिष्क को घेर रही है। यूके के फीलगुड कॉन्टैक्ट के आंकड़ों के मुताबिक भारत में स्क्रीन टाइम की बढ़ोतरी और नजर की कमजोरी में भी गहरा संबंध देखा जा रहा है। आंखों की रोशनी कम होने और नजर खराब होने की शिकायत के मामले में भारत दुनिया की सूची में सबसे पहले स्थान पर है। करीब 27.5 करोड़ भारतीय यानी हमारी आबादी का करीब 23 प्रतिशत, बहुत ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से नजर की कमजोरी से जूझ रहा है।

# सोशल मीडिया पर बढ़ रही प्रोफाइल लॉकिंग की टेंडेंसी

कुछ समय पहले तक सोशल मीडिया को ओपन ग्लोबल डिजिटल प्लेटफॉर्म माना जाता था। लेकिन अब अनेक वजहों से लोगों में अपनी प्रोफाइल लॉक करने का ट्रेंड बढ़ रहा है। इस ट्रेंड के बढ़ने की क्या वजहें हैं? इस सोशल मीडिया ट्रेंड पर एक नजर।



टेक्नोट्रेंड
नरेंद्र शर्मा

आजकल सोशल मीडिया में अपनी प्रोफाइल लॉक करने का ट्रेंड बढ़ रहा है। पहले आमतौर पर महिलाएं ही अपनी प्रोफाइल लॉक करके रखती थीं, लेकिन अब बहुत तेजी से यह प्रवृत्ति पुरुषों में भी बढ़ी है। सवाल है, एक ओपेन प्लेटफॉर्म के तौर पर जिस सोशल मीडिया का आगाज हुआ था, अचानक बीते एक-दो सालों में ऐसा क्या हुआ है कि जिसे देखो वही अपनी प्रोफाइल लॉक किए दे रहा है? सोशल मीडिया में प्राइवेसी को लेकर इस कदर सजगता बढ़ने की वजह क्या है? क्या यह कोई साइकोलॉजिकल सिंड्रोम है या कोई नई पैदा हुई ऐसी इमोशनल इनसिक्योरिटी है, जो अबके पहले इस स्तर पर नहीं थी?

**वजहें हैं कई:** अगर इस ट्रेंड पर गहराई से सोचें तो यह बिना किसी मकसद के घट रही घटना नहीं है बल्कि इसके पीछे कई किस्म के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े कारण जिम्मेदार हैं। भले इसे साइकोलॉजिकल सिंड्रोम कहना सही न हो, लेकिन इस प्रवृत्ति में भावनात्मक असुरक्षा, प्राइवेसी की बढ़ती चिंता जैसी कई बातें शामिल हैं। इनके अलावा साइबर क्राइम, फेक प्रोफाइल और डेटा चोरी से जुड़ी चिंताएं भी हैं। आजकल डीपफेक और फोटो मॉर्फिंग जैसे मामलों में भी तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। अनजान लोगों द्वारा प्रोफाइल तस्वीरों का गलत इस्तेमाल, डिजिटल स्टॉकिंग और साइबरबुलिंग का भी डर है। ये सब ऐसे कारण हैं, जिसकी वजह से कई लोग सोशल मीडिया पर अब अपनी निजी जिंदगी को ज्यादा एक्सपोज करने से बच रहे हैं। इनके प्रोफाइल लॉक करने से ये संकेत मिलते हैं कि वे केवल करीबी लोगों के बीच ही सीमित रहना चाहते हैं।



**लोग चाहते हैं डिजिटल डिटॉक्स:** लोगों में बढ़ते इस ट्रेंड की एक वजह डिजिटल डिटॉक्स और मानसिक शांति की चाहत भी है। ऐसे लोग अपनी ओपेन प्रोफाइल रखकर बार-बार लाइक्स, कमेंट्स और स्टोरीज के रिएक्शन पर ध्यान देने की बजाय अपनी डिजिटल मौजूदगी को सीमित कर रहे हैं। कुछ लोगों के मुताबिक इसकी एक वजह सोशल मीडिया का बदलता पैटर्न भी है। पहले लोग खुली प्रोफाइल रखते थे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उनकी पोस्ट देखें। लेकिन अब ट्रेंड बदल गया है और 'एक्सक्लूसिविटी' बढ़ रही है। लोग अब यह दर्शाना चाहते हैं कि वे हर किसी के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इससे एक अलग तरह की सोशल स्टेटस सिग्नलिंग होती है कि 'मैं केवल अपने करीबी लोगों के लिए हूं।'

**डिजिटल प्राइवेसी को लेकर बढ़ी एलर्टनेस:** मनोवैज्ञानिकों के मुताबिक इस प्रवृत्ति में एक किस्म की 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' साइकोलाजी भी छिपी है। जब लोग देखते हैं कि उनके ज्यादातर दोस्त या जानने वाले अपनी प्रोफाइल लॉक कर रहे हैं, तो वे भी ऐसा करने लगते हैं। यह एक तरह की 'डिजिटल हर्ड मेंटेलिटी' है। लोगों को लगता है कि अगर वे अपनी प्रोफाइल ओपेन रखेंगे तो वे अलग नजर आएंगे या उनकी डिजिटल सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। यह एक साइको सिंड्रोम से कहीं ज्यादा सामाजिक प्रवृत्ति और डिजिटल सुरक्षा की बढ़ती जागरूकता का संकेत है। हालांकि इसमें भावनात्मक असुरक्षा और सोशल मीडिया की बदली हुई डायनामिक्स का भी बड़ा योगदान है। यह दर्शाता है कि लोग अब अपनी डिजिटल प्राइवेसी और ऑनलाइन पहचान को लेकर ज्यादा सतर्क हो रहे हैं। कह सकते हैं कि यह एक सोशल ट्रेंड और डिजिटल सिक्योरिटी की बढ़ती एलर्टनेस का संकेत है। साथ ही यह भी दर्शाता है कि लोग अब अपनी डिजिटल प्राइवेसी और ऑनलाइन पहचान को लेकर कहीं ज्यादा एलर्ट हो रहे हैं।

**मॉनिटरिंग-ट्रैकिंग भी है जिम्मेदार:** सोशल मीडिया पर प्रोफाइल लॉक करने के पीछे विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा सोशल मीडिया पर की जाने वाली मॉनिटरिंग और ट्रैकिंग का भी असर है। सोशल मीडिया पर 'संदिग्ध' या 'एंटी-नेशनल' कंटेंट पोस्ट करने वालों को ट्रैक किया जाता है, इसके कारण भी लोगों को बहुत डर लगने लगा है कि अगर किसी ने उनके एकाउंट को हैक कर मिसयूज किया तो वे फंस सकते हैं। इस कारण आम लोग भी अब बहुत सतर्क हो गए हैं और अपनी प्रोफाइल लॉक करके रखना सही समझते हैं। कई लोग 'डिजिटल लिंचिंग' से बचने के लिए अपनी प्रोफाइल लॉक कर देते हैं ताकि कोई उनके पुराने पोस्ट न खोज सके। कुछ बैंकिंग और वित्तीय कारण भी हैं, क्योंकि आधार, बैंक अकाउंट, सरकारी सब्सिडी आदि से जुड़ी जानकारी लीक होने का डर तेजी से बढ़ रहा है।

**उभर रहा डिजिटल अंडरग्राउंड:** इस बढ़ते ट्रेंड की वजह से लगता है, जैसे धीरे-धीरे सोशल मीडिया, ओपन से क्लोज्ड स्पेस की ओर बढ़ रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोग प्राइवेट ग्रुप्स, टेलीग्राम चैनल्स और एनक्रिप्टेड चैट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। लॉक प्रोफाइल एक नए डिजिटल अंडरग्राउंड की तरह उभर रही है। डिजिटल अंडरग्राउंड यानी, एक ऐसी ऑनलाइन दुनिया, जो मुख्यधारा के खुले इंटरनेट से कटकर निजी, हिडेन और प्रोटेक्टेड प्लेटफॉर्म्स पर शिफ्ट हो रही है। *

गजल
अब्दुल कलाम

## ...जो होना था



लाख चाहा मगर हुआ वही जो होना था
अपनी तकदीर में लिखा फकत रोना था
किसी को हासिल थे तख्त व ताज यहां
कहीं फुटपाथ पर अखबार ही बिछौना था
सुनकर ही कलेजा मुंह को आ गया
मंजर आतंक का कुछ इस कदर घिनौना था
तब कहीं जाकर दुआ कबूल होती
अपना दामन हमें आसुओं से भिगोना था
बरसात में टपकती हुई छत के नीचे
नहीं महफूज घर में कोई कोना था
उन्हें सुविधा मिली और वे ही नामवर हुए
जिनको इस जहां में नफरत की फसल बोना था

कहानी / सुधा रानी तैलंग

# चौकीदार अम्मा

एक बिल्डर के यहां चौकीदारी करने वाली बूढ़ी अम्मा का एक बेटा तो था, लेकिन वह उनसे अलग रहता था। हालांकि कहने को अम्मा जी की देख-भाल करने वाले बहुत से अपने लोग थे, लेकिन सच यही था, वह एक पीड़ा के साथ अपनी जिंदगी जी रही थीं। एक मर्मस्पर्शी कहानी।



ठिगना कद, घुंघराले बाल, गेहुंआ रंग, चश्मे से झांकती हुई अनुभवी आंखें, लांगदार किनारे वाली साड़ी, पैरों में मर्दाना जूते और हाथ में बड़े डायल की पुरानी घड़ी, चौकीदार अम्मा की यही पहचान थी। उनका नाम तो शायद किसी को भी पता नहीं था, लेकिन पूरी कॉलोनी में वह चौकीदार अम्मा के नाम से ही पहचानी जाती थीं।

छत्रसाल कॉलोनी में एक बिल्डर के यहां अम्मा चौकीदारी का काम बरसों से कर रही थीं। बिल्डर के जितने भी प्रोजेक्ट होते थे, उन सबकी जिम्मेदारी वह एक बुजुर्ग महिला होने के बाद भी पूरी कर्मठता से निभा रही थीं। पैंसठ साल की उम्र में भी अम्मा में गजब की फुर्ती और आवाज में रौब था। उनकी एक ही आवाज से मजदूरों के रुके हुए हाथ काम करना शुरू कर देते थे। लेकिन मजदूर उनकी बहुत इज्जत भी करते थे। कितना सीमेंट, पत्थर, चूना, ईंटें में खर्च हो रहा है, इसका हिसाब मुंह जुबानी बता देती थीं। अम्मा कभी स्कूल नहीं गई थीं, लेकिन हिसाब-किताब में वह पढ़े-लिखे लोगों को भी मात कर देती थीं। अम्मा के कहने को तो एक बेटा था, वह अच्छी नौकरी में था, किंतु शादी के बाद वह अलग रहने लगा। एक ही घर में बहू-बेटे से अलग रहना स्वाभिमानी अम्मा को गवारा नहीं हुआ, वह अपना घर छोड़ कर चुपचाप चली आईं। अम्मा बताया करती हैं कि उनके पति प्राइवेट नौकरी में थे। अचानक ही एक रोड एक्सीडेंट में उनकी मौत हो गई। बेटा अमर जब तक स्कूल में पढ़ता रहा। उन्होंने घरों में काम-काज करके बेटे को पढ़ाया-लिखाया। बेटे की नौकरी लगने के बाद उसकी शादी भी कर दी, यही सोचकर कि अब उनके सुख के दिन आएंगे। लेकिन कुछ ही दिनों बाद बहू ने उनसे स्पष्ट शब्दों में ही कह दिया कि वह उनके साथ एडजस्ट नहीं कर पाएंगी। बेटे की खुशी के लिए उन्होंने अपना ही घर-बार छोड़ दिया और एक बिल्डर के यहां काम करने लगीं। अपनी ईमानदारी और मेहनत के बल पर अम्मा चौकीदारी के साथ दूसरे और कई काम भी संभालती थीं। बिल्डर को उन पर बहुत विश्वास था।

कॉलोनी के कोने के एक खाली प्लॉट में अम्मा का टीन शेड वाला एक कमरा था, उसमें एक मूंज की बुनी हुई खाट, प्लास्टिक की कुर्सी, छोटा-सा एक बर्नर वाला गैस का चूल्हा, कुछ बर्तन, रस्सी में टंगे कपड़े ओर एक छोटा-सा ट्रांजिस्टर ही अम्मा की पूंजी थी। ट्रांजिस्टर से उनको बहुत लगाव था। सुबह छह बजे से उसमें चिंतन, भजन, हनुमान चालीसा के अलावा बुंदेलखंडी लोकगीतों को सुनते हुए आठ बजे तक उनकी काम में जाने की तैयारी हो जाती। दिन भर बिल्डर के यहां काम करने के बाद शाम को जब काम खत्म हो जाता, अम्मा अपने कमरे में आकर खाना बनातीं और खाना खाकर सामने के पार्क में जाकर बैठ जातीं।

अम्मा के वहां पहुंचते ही बच्चों की भीड़ उनको घेर लेती। अम्मा उन्हें कभी परियों की कहानी सुनातीं तो कभी भक्त प्रह्लाद, ध्रुव, राम, कृष्ण, बाल गणेश की कथाएं सुनातीं तो कभी झांसी की रानी, दुर्गावती, भगत सिंह, गांधी, सुभाष, की जीवन गाथा सुनातीं। कई बार बच्चों को भी ताज्जुब होता था कि लोग तो कहते हैं कि अम्मा पढ़ी-लिखी नहीं हैं फिर भी इनको इतना ज्ञान कैसे है? अम्मा कॉलोनी के बच्चों की बेस्ट फ्रेंड की तरह थीं।

उनकी एक ही आवाज में बच्चे इकट्ठे हो जाते थे। कई बार तो कॉलोनी की औरतें अम्मा से कहतीं, 'अम्मा जी, आपने पता नहीं क्या जादू कर रखा है बच्चों पर, ये हमारा तो कहना ही नहीं मानते और आपकी हर बात खुशी-खुशी मानते हैं। कुछ महिलाएं तो अम्मा से अपने बच्चों की शिकायत करतीं, 'अम्मा आपका लाडला जब देखों तब पिज्जा, बर्गर, मोमोज ही खाने की जिद करता है, अब आप ही इसे समझाइए।' फिर अम्मा बड़े प्यार से बच्चों को समझातीं, 'देखो बच्चो, तुम पिज्जा, बर्गर और मोमो खाओगे तो कैसे स्वस्थ रहोगे। तुम्हें तो हरी सब्जी, फल, दूध और घर का ही बना खाना चाहिए। पौष्टिक खाना खाओ, खूब खेलो और खूब पढ़ो। अपनी अम्मा की बात मानोगे तो मजे से रहोगे।' ये सुनते ही बच्चे समवेत स्वर में बोलते, 'जरूर मानेंगे।'

अगर एक दिन भी अम्मा रात को पार्क में नहीं पहुंचतीं तो बच्चे उनको बुलाने उनके कमरे में पहुंच जाते। किसी दिन अम्मा जरा भी बीमार हो जातीं तो कोई बच्चा उनके लिए दवाई, तो कोई चाय, दूध और खाना लेकर पहुंच जाता। बच्चों का इतना प्यार देख कर अम्मा की आंखों में भी आंसू आ जाते। उन्हें अपने बेटे की याद आ जाती। एक दिन पता चला कि बिल्डर के प्रोजेक्ट का काम पूरा होने वाला है। कॉलोनी में सभी को चिंता थी कि काम पूरा होते ही बिल्डर के दूसरे प्रोजेक्ट की साइट पर अम्मा भी यहां से चली जाएंगी।

अम्मा के बिना तो कॉलोनी ही सूनी हो जाएगी। उनके बच्चों को जो संस्कार, प्यार, अपनापन मिल रहा है, वो अम्मा के जाने के बाद कहां मिल पाएगा।

गर्मियों के दिन थे। सुबह का वक्त था। अचानक ही चक्कर खाकर चौकीदार अम्मा बिल्डिंग की सीढ़ियों से गिर गईं। बिल्डर ने तुरंत उनको हॉस्पिटल पंहुचाया। अम्मा के हाथ में फ्रेक्चर था। बिल्डर के साथ-साथ कॉलोनी के सभी बच्चों के परिवार वालों ने भी उनके इलाज में कोई कमी नहीं रखी। जब तक अम्मा आईसीयू में रहीं, तब तक कॉलोनी के सारे बच्चे शिव मंदिर में भगवान से उनके ठीक होने की मन्नत मानते रहे। अम्मा के ठीक होने पर बच्चों की टोली अम्मा से मिलने हॉस्पिटल पहुंच गई। नींद में उनके मुंह से कई बार अमर शब्द सुनकर डॉक्टर ने पूछा, 'यह अमर कौन है?'

किसी ने बताया कि उनका बेटा है। डॉक्टर ने एक बार उन्हें बुलाने को कहा। कॉलोनी के बच्चों ने बिल्डर से पूछ कर अम्मा के बेटे अमर का पता लगाया। वे उसके पास गए। उन्होंने अम्मा के हॉस्पिटल में एडमिट होने के बारे में बताया, उससे रिक्वेस्ट की, वह अम्मा के पास चलें। छोटे-छोटे बच्चों के आग्रह ने असर दिखाया। अमर सोचने लगा कि छोटे-छोटे पराए बच्चों को भी कुछ ही समय में मां ने प्यार से अपना बना लिया है। एक वह है, बाबूजी के जाने के बाद मां ने मेहनत, मजदूरी करके उसे पढ़ाया-लिखाया, अपने पैरों पर खड़ा किया। अपनी शादी की, शादी के बाद वह स्वार्थ में इतना अंधा हो गया कि अपने फर्ज को भूल गया। अपनी गलती पर अमर मन ही मन में बहुत शर्मिंदा था।

अमर की पत्नी ने अमर से कहा, 'देर मत करो। अम्मा जी के पास चलो।' अमर पत्नी और अपने बेटे बंटी के साथ हॉस्पिटल गया। अम्मा ने जब उनको देखा तो वह खुशी से रो पड़ीं। बेटे, बहू ने अम्मा से माफी मांगी। अम्मा ने उनको गले लगा लिया। बेटे के साथ अपने पोते बंटी को देखते ही उनकी आधी बीमारी तो ठीक हो गई। हॉस्पिटल से छुट्टी मिलते ही अमर अम्मा को अपने साथ ले गया। सबकी आंखों में आंसू थे।

जो काम बरसों तक अम्मा खुद नहीं कर पाईं, वो छोटे-छोटे बच्चों ने कर दिखाया। कॉलोनी से जाते वक्त अम्मा के हाथ में ढेर सारे गिफ्ट थे, जो बच्चों ने मिलकर अपनी प्यारी अम्मा को दिए थे। जाते-जाते बच्चों ने अम्मा से रिटर्न गिफ्ट में एक प्रॉमिस लिया कि वह हर रविवार को उनसे मिलने जरूर आएंगी। अम्मा के चले जाने के बाद कॉलोनी सूनी वीरान-सी हो गई, लेकिन वो बच्चों से मिलने रविवार के दिन पार्क में आतीं। तब पूरी कॉलोनी अम्मा की कहानियों के बोल के साथ, बच्चों के ठहाकों से गूंज उठती थी। *

कोरोनाकाल के बाद ग्रामीणों की लाइफ स्टाइल में भी बड़ा बदलाव हुआ है। अब ग्रामीण भी लग्जरी लाइफ की तरफ जा रहे हैं। राजधानी के कारोबारियों का साफ कहना है, अब गांव के लोग महंगे मोबाइल, एसी, फ्रीज, कार और बड़ी महंगी एलईडी के साथ सोने के जेवर और महंगे कपड़े खरीद रहे हैं। ऐसे में इन सेक्टर के बाजारों में 20 से 25 फीसदी कारोबार में इजाफा हो गया है।

# ग्रामीणों में भी लग्जरी लाइफ का क्रेज

## खरीद रहे महंगे मोबाइल, एसी, कार एलईडी, सोने के जेवर और कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



ग्रामीण भी शौक के मामले में कम नहीं रहते, लेकिन ग्रामीण हमेशा से सोच समझ कर खर्च करते हैं, लेकिन कारोबारियों के मुताबिक बीते कुछ सालों से खासकर कोरोना काल के बाद से ग्रामीणों की खरीदी का पैटर्न भी बदल गया है। पहले गांव वाले ज्यादा महंगे सामान की तरफ ध्यान नहीं देते थे, लेकिन अब गांव वाले भी महंगे सामान खरीदने लगे हैं। ये भी अब लग्जरी लाइफ जीना चाह रहे हैं।

लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के राजेश वासवानी के मुताबिक कुछ साल पहले तक गांव वाले मोबाइल खरीदने आते थे तो उनकी मांग 10 हजार के अंदर वाले मोबाइल की रहती थी। बहुत कम गांव वाले 15 हजार तक का मोबाइल लेते थे, लेकिन अब तो वन प्लस के 70 हजार के मोबाइल के साथ एप्पल के डेढ़ लाख तक के मोबाइल ग्रामीण ले रहे हैं। यही नहीं, अब गांवों में एसी की डिमांड भी ज्यादा हो गई है। यही वजह है कि इस साल सवा लाख के आस-पास एसी बिके हैं। बीते तीन साल में एसी की बिक्री डबल हो गई है। आने वाले समय में मोबाइल और अन्य सामानों का कारोबार भी गांवों की डिमांड के कारण डबल हो सकता है। गांव वाले अब महंगी एलईडी एक लाख से ज्यादा वाली भी खरीद रहे हैं। इसी के साथ महंगे फ्रिज भी ले रहे हैं। पहले वाशिंग मशीन जैसे सामान गांव वाले नहीं खरीदते थे, लेकिन आज गांव वाले भी वाशिंग मशीन लेने लगे हैं।



**पैसों का भरपूर उपयोगः** कारोबारियों का कहना है कि प्रदेश में भारतमाला परियोजना के तहत किसानों की जमीन गई है तो उनको बहुत पैसा मिला है। इसी के साथ किसानों को धान की कीमत भी ज्यादा मिल रही है। किसानों के पास ज्यादा पैसे आ रहे हैं, इसका किसान भरपूर उपयोग भी कर रहे हैं। किसान खेती के लिए ट्रैक्टर तो लेते ही हैं लेकिन अब किसान अपने बच्चों को महंगी कारें, बाइक भी दिला रहे हैं।

### सोने और कपड़ों का क्रेज

सोने और चांदी के जेवर हमेशा से ही गांव वाले लेते रहे हैं। लेकिन अब महंगे डिजाइन वाले जेवरों की भी खरीदी गांव वाले कर रहे हैं। कपड़ों के मामले में भी गांव वालों का नजरिया बदला है। पड़री थोक कपड़ा बाजार के चंदर विधानी के मुताबिक पहले गांव वाले महंगे कपड़े नहीं लेते थे, लेकिन अब तो शादियों के समय भी महंगे कपड़े ले रहे हैं। दुल्हन के लिए 50 हजार से ज्यादा शादी का जोड़ा भी लिया जा रहा है। इसी तरह से त्योहारी सीजन में भी महंगे कपड़े आज कल गांव वाले ले रहे हैं।

### कारोबार बढ़ा

इलेक्ट्रॉनिक्स में गांव से ज्यादा डिमांड आने पर इसका कारोबार लगातार बढ़ रहा है। मोबाइल से लेकर अन्य सेक्टरों में 20 फीसदी से ज्यादा कारोबार बढ़ गया है। एसी की डिमांड तो गांवों में आसमान छू रही है।

\- राजेश वासवानी, संचालक, लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स

## खबर संक्षेप

### 21 साल मुकदमा लड़ने के बाद 304 ए के आरोप से 4 किसान दोषमुक्त

**बिलासपुर।** थ्रेशर का बिजली लाइन से कनेक्शन जोड़ने के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। सत्र न्यायालय ने मामले में 4 किसानों को दोषी माना था। इसके खिलाफ 21 साल तक किसानों ने मुकदमा लड़ा। हाईकोर्ट ने परिस्थितियों को देखते हुए मौत के लिए मृतक की लापरवाही को ही कारण माना है। कोर्ट ने कहा है कि मृतक व्यस्क व सवेंदनशील व्यक्ति था। वह बिजली मिस्त्री नहीं था और यह जानता था कि करंट लगने से मौत हो जाएगी। इसके बाद भी वह खंभे पर खुद से चढ़ा था। याचिकाकर्ता शमीम खान एवं अन्य तीन निवासी तेलईधार थाना सीतापुर ने अपने गेहूं फैसल के लिए थ्रेशर मशीन स्थापित किया था। मई 2004 में उन्होंने गांव के शाहजहां को बिजली पोल से मशीन का लाइन जोड़ने बुलाया। बिजली पोल में चढ़ने के दौरान उसे करंट लग गया और अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सीतापुर पुलिस ने विवेचना उपरांत मृतक को इस कार्य के लिए बुलाने वाले किसानों के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चालान पेश किया। अंबिकापुर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी ने किसानों को 6-6 माह कैद एवं 400 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। इसके खिलाफ उन्होंने सत्र न्यायालय में अपील पेश की। सत्र न्यायालय ने 2010 में अपील खारिज कर सजा की पुष्टि की। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका पेश की। हाईकोर्ट ने अब आदेश पारित करते हुए याचिकाकर्ताओं को दोषमुक्त किया है।

### 14 पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच

**भिलाई।** जिले में कानून व्यवस्था बेहतर करने के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल ने तीन एएसआई, दो हवलदार समेत 14 पुलिस कर्मियों को लाइन अटैच किया है। जिसमें एसीसीयू सउनि पूर्ण बहादुर, भिलाई नगर शमित मिश्रा, ट्रैफिक विनोद सिंह, हवलदार सुपेला जसपाल सिंह, एसीसीयू चंद्रशेखर वंजीर और आरक्षको में एसीसीयू अनूप शर्मा, संतोष गुप्ता,पन्ने लाल,विक्रांत यदु, शहबाज खान नेवई शमिम खान, छावनी अमित दुबे ,बोरी जुनैद सिद्धीकी, खुर्रम बक्श को पुलिस लाइन अटैच किया गया है। बताया जा रहा है कि जिले के कुछ और थानेदारों पर गाज गिरने वाली है।

### बंद फैक्ट्री के सेप्टिक टैंक में मिला नर कंकाल

**धमतरी।** बंद फैक्ट्री के गोदाम के सेप्टिक टैंक में चार से पांच साल पुराना नरकंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस टैंक से खोपड़ी व हड्डियों को निकाल आगे की कार्रवाई में जुटी है। अर्जुनी थाना क्षेत्र ग्राम भोयना में पांच साल पहले पुट्ठा बनाने की फैक्ट्री चल रही थी जो किसी कारण से बंद हो गई थी। शनिवार की सुबह बंद पड़ी फैक्ट्री के मालिक कुछ लोगों के साथ उक्त जमीन की नापजोख करने गए थे। गोदाम के पास सेप्टिक टैंक स्थित है, जिसका ढक्कन खुला हुआ था। इसी दौरान नापजोख कर रहे लोगों की नजर सेप्टिक टैंक के भीतर पड़ गई। टैंक में भरी मिट्टी के उपर मानव खोपड़ी का उपरी हिस्सा दिखाई दिया।

### 30 जिलों के संग्रहण केंद्र में रखे 22000 स्टेक धान की नीलामी अभी शेष

# नीलामी में अब तक 12 लाख टन धान की बिक्री, 26 लाख टन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**छत्तीसगढ़ में चल रहे अतिशेष धान की नीलामी का पहला चरण पूरा होने के बाद अब तक लगभग 12 लाख टन से अधिक धान का निराकरण हो गया है। अभी भी कई जिलों में बेस दर की बोली न लगने के कारण 30 जिलों के संग्रहण केंद्र में रखे 22000 स्टेक धान की नीलामी शेष है। मार्कफेड द्वारा लगातार इसकी प्रक्रिया की जा रही है। रायपुर जिले में अब तक 1400 स्टेक धान की नीलामी पूरी हो चुकी है। यहां लगभग 2000 स्टेक धान की नीलामी अभी शेष है।**

छत्तीसगढ़ सरकार 35 लाख मीट्रिक टन धान की खुली नीलामी कर रही है। 17 से 23 अप्रैल तक नीलामी के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के बाद 29 अप्रैल को ऑनलाइन बोली शुरू हुई। 33 जिलों में से 30 जिलों के संग्रहण केंद्रों में रखे धान की नीलामी कर विक्रय किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ सरकार ने 25.49 लाख किसानों से 149 लाख टन धान की खरीदी की थी। इसमें से 123 लाख टन धान को एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम के जरिए कस्टम मिलिंग के लिए भेजा जा चुका है। शेष 35 लाख टन धान अब भी संग्रहण केंद्रों में रखा है। मार्कफेड ने जानकारी दी है कि यह नीलामी "जैसे हैं, वैसे की स्थिति" में की जाएगी और ई-ऑक्शन के जरिए प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पहले चरण की नीलामी पूरी होने के बाद अब तक लगभग 10 हजार स्टेक धान की बिक्री हो चुकी है। 22000 स्टेक शेष धान के लिए प्रक्रिया की जा रही है।

खास खबर

### संग्रहण केंद्रों से हो रही नीलामी

धान के संग्रहण केंद्रों में रखे धान की मात्रा के अनुसार अलग-अलग स्टैक तैयार किए गए हैं। 1200 क्विंटल का एक स्टेक बना है। बोली लगाने वाले तीन स्टेक या उससे अधिक की बोली लगा सकते हैं। सरकार द्वारा तय किए गए बेस रेट से कम कीमत आने पर उन्हें प्राइज मैचिंग का आप्शन दिया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अभी नीलामी का प्रथम चरण पूरा हुआ है। अब दूसरे चरण में व्यापारियों के द्वारा बोली लगाने की प्रक्रिया पूरी होगी। धान का निराकरण बारिश से पूर्व करने का प्रयास किया जा रहा है।



### 1400 से 1700 क्विंटल की लगी बोली, प्राइज मैचिंग आप्शन

नीलामी में व्यापारियों ने अधिकांश जिलों में 1900 से 1950 रुपए की बोली लगाई। वहीं दुर्ग और राजनांदगांव जिले के कुछ जगहों पर संग्रहण केंद्र में रखे धान के लिए 2050 से 2100 रुपए की बोली लगाई है। अधिकांश जिलों में व्यापारियों ने 1400 रुपए से लेकर 1700 रुपए तक की बोली लगाई है। उक्त नीलामी में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम दर वाले एच-1 निविदाकर्ता को 5 से 6 मई तक ऑनलाईन प्लेटफार्म के माध्यम से प्राईस मैचिंग का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। यदि किन्ही कारणों से एच-1 निविदाकार द्वारा प्राइज मैच नहीं किया गया हो तो उनको प्राइज मैचिंग के लिए पुनः अवसर प्रदान किया जा रहा है।

### शहर में और घुसपैठिए होने की आशंका

## वीजा अवधि समाप्ति के बाद भी जमे थे देश में, भिलाई से बांग्लादेशी जोड़ा गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई में तीसरे बांग्लादेशी की गिरफ्तारी हुई है। इस बार दंपती पुलिस के हत्थे चढ़े हैं, जिनकी वीजा अवधि समाप्त हो गई थी, इसके बाद भी पिछले 5 से 7 सालों से वे भिलाई में रह रहे थे। इतना ही नहीं उन्होंने आधारकार्ड, पेनकार्ड से लेकर मतदाता परिचय पत्र, बैंक संबंधित दस्तावेज तक तैयार कर लिया था। स्पेशल टास्क फोर्स ने उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों पर जुर्म दर्ज किया है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी सुपेला में ज्योति नामक महिला नाम बदलकर निवास कर रही है। उसका असली नाम शाहिदा खातून है। महिला का पति रासेल शेख है। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच करना शुरू किया।

### आरोपी दंपती 16 साल पहले भारत आए थे

एसएसपी विजय अग्रवाल बताया कि शाहिदा खातून 2009 में भारत आ चुकी थी। उसने भारत बांग्लादेश अंतराष्ट्रीय बोंगा बॉर्डर को अवैध तरीके से पारकर नॉर्थ 24 परगना पश्चिम बंगाल में प्रवेश किया। वो हावड़ा होते हुए मुंबई पहुंची और वहां मेहनत मजदूरी करने लगी। यहां उसकी पहचान बांग्लादेश निवासी मो. रासेल से हुई। दोनों मुंबई से वापस पश्चिम बंगाल आ गए। यहां शाहिदा ने अपना नाम बदलकर ज्योति रख लिया।

### लोरमी थाना के गांधीडीह का मामला

## शिक्षक दंपती शादी में शामिल होने गए थे बाहर, 20 लाख रुपए का माल किया पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोरमी



शिक्षक दंपती शादी में शामिल हुए होने बाहर गए थे। इधर चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 15 तोला सोना, 50 ग्राम चांदी के गहने व 4 लाख नकदी सहित 20 लाख का माल पार कर दिया। पुलिस मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

घटना लोरमी थाना अंतर्गत पंडरिया मुख्य मार्ग पर बसे ग्राम गांधीडीह नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 9 निवासी शिक्षक सत्यनारायण त्रिपाठी के मकान में शुक्रवार शनिवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने घर के चैनल गेट व मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर के भीतर प्रवेश किया। आलमारी व वार्डरोब में सोने व चांदी के गहने जिसमें सोने का 3 तोले का हार, 2 तोले का कंगन, 10 नग सोने की अंगूठी, 5 ग्राम की चैन, 2 ग्राम का हाय, 15 ग्राम का मंगलसूत्र, 5 पत्ती वाला 5 ग्राम का मंगलसूत्र, 14 ग्राम की चैन, 1 तोले का सिक्का, 12 ग्राम के 2 झुमके, 10 ग्राम के 2 झुमके, चांदी की 50 तोले की पायल 5 नग, 5 नग चांदी के सिक्के कुल 15 तोला सोना, 50 ग्राम चांदी व 4 लाख नकद सहित 20 लाख का माल पार कर दिया।

### घर के सामने में 50 बिस्तर अस्पताल

ज्ञात हो कि त्रिपाठी के घर के सामने में 50 बिस्तर अस्पताल है। जहां शाम होते ही अस्पताल के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। लोग देर रात तक यहां शराबखोरी करते रहते हैं। आए दिन यहां हंगामा होते रहता है। लगातार चोरी होने से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है व दहशत का माहौल है।

### गठित की गई तीन टीम

एसडीओपी नवनीत पाटिल ने बताया कि मामले में तीन टीम गठित की गयी है,घटनास्थल पर खोजी डाग की मदद लेकर पुलिस बारीकी से जांच कर रही है।

### डेढ़ माह पूर्व हुई चोरी का कोई सुराग नहीं मिला

ज्ञात हो कि शिक्षक के मकान के पास ही रहने वाले शिक्षक आलोक सोनी के घर 3 अप्रैल की रात अज्ञात चोरों ने उनके ज्वेलर्स दुकान व घर में धावा बोलकर आलमारी में रखे सोने, चांदी के गहने, 20 हजार नकदी सहित 3 लाख 50 हजार का माल पार कर दिया था। चोर अभी तक पुलिस पकड़ से बाहर हैं।

## नशे की हालत में उपजे विवाद के बाद दोस्त को मौत के घाट उतारा, आरोपी को आजीवन कारावास

**दुर्ग।** नशे की हालत में उपजे विवाद के बाद दोस्त पर टंगिया से वार कर मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावस से दंडित किया। न्यायाधीश दीपक कुमार कोशले के न्यायालय से यह फैसला आया। कोर्ट ने 100 रुपए का अर्थदंड भी लगाया। राशि अदा नहीं करने पर आरोपी को 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। शासन की तरफ से मामले में पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजकक नंदिनी चंद्रवंशी ने की। प्रकरण के मुताबिक घटना 10 मई 2023 की सुबह करीब 8 बजे की बताई गई है। इससे पहले 9 मई की रात मृतक निखिल उर्फ गुल्लू बंजारे और आरोपी मुकेश पिता मेहतरू मिर्ची मुर्गा सब्जी बनाकर गांव के मंगल भवन में बैठकर नशा कर रहे थे। रात करीब 8 से 9 बजे के बीच दोनों में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। तभी मुकेश मिर्ची ने उसके पुत्र निखिल बंजारे का मोबाइल फोन जमीन पर पटक दिया। दोनों में विवाद बढ़ गया।

## विद्युत विभाग में नौकरी का झांसा देकर 60 लाख की ठगी, कार्यपालन अभियंता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

विद्युत विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 60 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गरियाबंद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कुलेश्वर कुमार साहू वर्तमान में बलौदाबाजार जिले में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ है, जबकि पूर्व में वह गरियाबंद जिले में भी इसी पद पर कार्य कर चुका है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी महेंद्र साहू ने 14 मई को थाना पांडुका में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि आरोपी कुलेश्वर साहू ने उन्हें, उनके परिवार और परिचितों से विद्युत विभाग के विभिन्न पदों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र



जारी कर 60 लाख रुपये की ठगी की। मामले की जांच में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) के तहत अपराध दर्ज किया।

### जुए में भारी नुकसान

पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह विगत तीन वर्षों से ऑनलाइन जुए की लत में फंस गया था और भारी नुकसान होने पर उसने इस ठगी को अंजाम दिया। आरोपी ने ठगी की रकम से अपने कर्ज उतारने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन, सीपीयू, बोलेरो वाहन, ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े दस्तावेज तथा प्रार्थी से प्राप्त 40 हजार नकद बरामद किए हैं। पुलिस रिमांड के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### 18 साल की उम्र में सेना में भर्ती होने में कामयाब रहा

# ऑपरेशन सिंदूर में शामिल रहा कांकेर का लाल, आठ साल पहले सेना में हुआ था भर्ती




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकियों के गोलाबारी का जवाब देने वालों में कांकेर का लाल भी शामिल रहा। ऑपरेशन खत्म होने के बाद परिजनों ने जब बात की तो उसने कहा कि सब ठीक है। हरिभूमि ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल कांकेर का लाल कोमल पटेल से संपर्क किया तो, उसका यही कहना था कि अब सब शांत है, हम ज्यादा बात नहीं कर सकते। जानकारी के अनुसार कांकेर जिला से लगभग 8 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम लारगांव मरकाटोला निवासी कोमल पटेल 8 साल पहले सेना में भर्ती हुआ था। 12वीं की पढ़ाई लारगांव मरकाटोला में करने के उपरांत कॉलेज में प्रवेश लिया था, परंतु 18 साल की उम्र में सेना में भर्ती होने में कामयाब रहा।



### गर्व का क्षण

मरार समाज के युवा प्रकोष्ठ टीम जिला सचिव राकेश पटेल का कहना है कि कोमल पटेल का ऑपरेशन सिंधुर में शामिल होना कांकेर जिला के लिए सौभाग्य की बात है। मेरे गांव और समाज के लिए यह गर्व का क्षण है और मुझे उम्मीद है कि उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव और समाज को प्रेरणा मिलेगी।

### हैदराबाद में मिली ट्रेनिंग

शुरूआती दौर पर हैदराबाद में प्रशिक्षण मिला और 3 साल से जम्मू में तैनात है। वह यहां तोपखाना रेजीमेंट में नायक के पद पर तैनात है। उनके परिजनों ने बताया कि 7 मई को एयर स्ट्राइक होने के बाद पाकिस्तान की ओर से गोलाबारी 8 मई को शुरू कर दी गई, तभी रेजीमेंट को आदेश आया कि सभी को सतर्क होना है और पाकिस्तान को जवाबी गोलाबारी कर बर्बाद किया। शुरूआत पाकिस्तान की आर्मी ने गोलाबारी करने प्रारंभ की थी, तभी रेजीमेंट की ओर से जवाब दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न जम्मू के साथ-साथ पूरे देश में मनाया जा रहा है।

किसी शेयर को लंबे वक्त तक होल्ड करना सबसे बड़ी भूल

- इससे आपने जो मुनाफा कमाया है वह सुरक्षित रहेगा
- भविष्य में होने वाले नुकसान से भी बचा जा सकेगा
- पोर्टफोलियो संतुलित रहेगा, निवेश को परेशानी नहीं
- और बेहतर मौका मिले तो पैसा लगाने की स्वतंत्रता मिलेगी



किसी शेयर को लंबे वक्त तक होल्ड करना बड़ी भूल साबित हो सकती है, खासकर जब वह आपके लक्ष्यों से भटक गया हो या लंबी होल्डिंग के बाद भी अपेक्षित रिटर्न नहीं मिल रहा है तो बाहर निकलना बेहतर रणनीति है। इसमें बने रहना उतना ही खतरनाक है, जितना किसी गलत शेयर में पैसा लगाना। एक सोची-समझी एग्जिट रणनीति भावनाओं को काबू रखती है। गलत फैसले लेने से बचते हैं।

# लंबी-होल्डिंग के बाद भी मनचाहा रिटर्न नहीं तो बाहर निकलना सही

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेशक हैं और अच्छा खासा पैसा निवेश कर रखा है। इसके बाद भी मनचाह रिटर्न नहीं मिल रहा है तो आपका निवेश से बाहर निकल जाना ही बेहतर है। इससे आपने जो मुनाफा कमाया है वह सुरक्षित रहेगा और आपको भविष्य में मौका मिले तो निवेश करने के लिए आपके पास लिक्विडिटी बनी रहेगी। हालांकि यह निर्णय कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे कि आपके निवेश लक्ष्य, जोखिम सहनशीलता, और बाजार की स्थिति। यदि आपने लंबी अवधि के लिए निवेश किया है और आपको लगता है कि आपका निवेश आपके लक्ष्यों को पूरा नहीं कर रहा है, तो आप कुछ विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। आपको अपने निवेश का पुनः मूल्यांकन करना चाहिए और और देखें कि क्या आपको अपने निवेश को समायोजित करने की आवश्यकता है। अपने निवेश को विविध बनाने पर विचार करें ताकि आप अपने जोखिम को कम कर सकें। शेयर बाजार में सही एंट्री जितनी मायने रखती है, उतनी ही सही एग्जिट भी। रिटेल निवेशकों के लिए यह तय करना मुश्किल होता है कि शेयर से कब निकलें। इसका नतीजा यह होता है कि वे कई बार अच्छा मुनाफा नहीं कमा पाते या नुकसान उठा लेते हैं। इसलिए, जब भी किसी स्टॉक में निवेश करें, तो निकलने की रणनीति जरूर बनाएं। यह आपको सही समय पर प्रॉफिट बुक करने, नुकसान को कम करने या किसी अन्य बेहतर अवसर पर ध्यान देने में मदद करेगा।




### जरूरत से ज्यादा होल्ड अच्छी रणनीति नहीं

किसी शेयर को लंबे वक्त तक होल्ड करना बड़ी भूल साबित हो सकती है, खासकर जब वह आपके लक्ष्यों से भटक गया हो। या लंबी होल्डिंग के बाद भी अपेक्षित रिटर्न नहीं मिल रहा है तो बाहर निकलना बेहतर रणनीति है। इसमें बने रहना उतना ही खतरनाक है, जितना किसी गलत शेयर में पैसा लगाना। एक सोची-समझी एग्जिट रणनीति भावनाओं को काबू रखती है।

### तय लक्ष्य हासिल करने पर

अगर आपने किसी शेयर को खरीदते समय टारगेट तय किया है। वह पूरा हो गया है तो प्रॉफिट बुक करना अच्छा फैसला है। बिना किसी रणनीति के किसी शेयर में लंबे समय तक बने रहना सही नहीं है।

### फंडामेंटल्स या वित्तीय सेहत में गड़बड़ी

कंपनी की वित्तीय सेहत पर नजर रखें। कई तिमाहियों में आय या मुनाफे में गिरावट है, कर्ज बढ़ रहा है, मैनेजमेंट में ऐसा बदलाव जो कंपनी के हित में नहीं है, कंपनी कानूनी या नियामकीय कार्रवाई के घेरे में आती है तो ऐसे निवेश से निकलने पर विचार करें।

### सेक्टर का खराब प्रदर्शन

कभी-कभी, किसी शेयर के प्रदर्शन पर बाहरी फैक्टर हावी होते हैं। नीतियों में बदलाव, किसी खास सेक्टर का खराब प्रदर्शन और आर्थिक मंदी जैसे कारणों से शेयर पर असर पड़ सकता है। ऐसे में निकलने पर विचार करें।

### बिना वजह ओवरवैल्युएशन

यदि कोई स्टॉक किसी वजह के अपने ऐतिहासिक औसत या समान कंपनियों से काफी ऊपर ट्रेड करता है तो भविष्य में करेक्शन आ सकता है। ऐसे में उससे बाहर निकलने या होल्डिंग कम करने पर विचार करना चाहिए।

### डर या लालच में फैसला न करें

किसी शेयर में इसीलिए न बने रहें क्योंकि किसी परिचित या अन्य ने उसे होल्ड किया है। किसी शेयर को घाटे में भी इस उम्मीद में होल्ड करना कि कभी तो वह वापस उछलेगा, सही रणनीति नहीं है। किसी लालच या डर के बजाय फंडामेंटल पर ध्यान देना जरूरी है।

### पोर्टफोलियो की नियमित समीक्षा करें

किसी शेयर से कब बाहर निकलना है, यह जानना आपके लॉन्ग टर्म के निवेश परिणामों में सुधार कर सकता है। अपने पोर्टफोलियो की नियमित समीक्षा करें। वास्तविक लक्ष्य तय करें। कंपनी और बाजार के घटनाक्रमों पर नजर रखें। ऐसा करके आप तर्कसंगत तरीके से किसी शेयर से बाहर निकलने का फैसला कर सकते हैं।

### यह भी रखें ध्यान

#### निवेश लक्ष्य

यदि आपके निवेश लक्ष्य बदल गए हैं या आपको लगता है कि आपका वर्तमान निवेश उन लक्ष्यों को पूरा नहीं कर रहा है, तो आपको अपने निवेश को पुनः मूल्यांकन करने की आवश्यकता हो सकती है।

#### जोखिम सहनशीलता

यदि आप अपने निवेश में अधिक जोखिम नहीं उठा सकते हैं या आपको लगता है कि आपका वर्तमान निवेश आपके जोखिम सहनशीलता से अधिक जोखिम भरा है, तो आपको अपने निवेश को समायोजित करने की आवश्यकता हो सकती है।

#### सहनशीलता

बाजार की स्थिति भी एक महत्वपूर्ण कारक है। यदि बाजार में बदलाव आया है और आपको लगता है कि आपका निवेश अब उतना आकर्षक नहीं है, तो आपको अपने निवेश को पुनः मूल्यांकन करने की आवश्यकता हो सकती है।

#### निवेश की गुणवत्ता

यदि आपको लगता है कि आपका निवेश अब उतना मजबूत नहीं है जितना पहले था, तो आपको अपने निवेश को पुनः मूल्यांकन करने की आवश्यकता हो सकती है। तभी आप अपने निवेश का ध्यान रख पाएंगे।




अगर आप वेतनभोगी हैं, तो आपको आईटीआर फाइल करने से पहले फॉर्म 16 का इंतजार करना होगा। यह फॉर्म आपके एम्पालयर द्वारा जारी किया जाता है, जिसमें आपकी सैलरी और उस पर काटे गए टैक्स (टीडीएस) की जानकारी होती है।

# शेयर बाजार से कमाया है मुनाफा 1.२५ लाख तक के एलटीसीजी पर आईटीआर फाइल करना आसान

कर की बात

बिजनेस डेस्क

वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की प्रक्रिया में सरकार ने कुछ बड़े बदलाव किए हैं। खास तौर पर, अगर आपने शेयर बाजार या म्यूचुअल फंड से 1.25 लाख रुपये तक का लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (एलटीसीजी) कमाया है, तो आपके लिए रिटर्न फाइल करना अब पहले से कहीं ज्यादा आसान हो गया है। यह बदलाव छोटे निवेशकों और वेतनभोगी लोगों को ध्यान में रखकर किया गया है, ताकि उनकी टैक्स फाइलिंग प्रक्रिया सरल और कम जटिल हो। यहां हम समझेंगे कि ये नए नियम क्या हैं, ये कैसे काम करेंगे, और आपके लिए क्या फायदा होगा।

### एलटीसीजी-आईटीआर : पहले क्या थी दिक्कत

पहले अगर किसी व्यक्ति को शेयर या इक्विटी म्यूचुअल फंड की बिक्री से लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन मिलता था, तो उसे आईटीआर-2 या आईटीआर-3 जैसे जटिल फॉर्म भरने पड़ते थे। ये फॉर्म छोटे निवेशकों या वेतनभोगी लोगों के लिए मुश्किल हो सकते थे, क्योंकि इनमें कई तरह की वित्तीय जानकारी देनी होती थी। उदाहरण के लिए, अगर आपने शेयर बेचकर 50,000 रुपये का एलटीसीजी कमाया, तब भी आपको आईटीआर-1 जैसे सरल फॉर्म का इस्तेमाल नहीं करना पड़ता था। इससे टैक्स फाइलिंग में समय और मेहनत दोनों ज्यादा लगती थी। लेकिन अब इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इस समस्या को समझते हुए नियमों में बदलाव किया है। नए नियमों के तहत, अगर आपका एलटीसीजी 1.25 लाख रुपये तक है, तो आप आईटीआर -1 (सहज) या आईटीआर -4 (सुगम) जैसे आसान फॉर्म का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### आईटीआर-1 और आईटीआर-4 में क्या बदला

- इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 फॉर्म को अपडेट किया है। इन फॉर्म्स को 29 अप्रैल 2025 को नोटिफाई किया गया था। अब इन फॉर्म्स में 1.25 लाख रुपये तक के एलटीसीजी को शामिल करने का विकल्प जोड़ा गया है। इसका मतलब है कि अगर आपने लिस्टेड शेयर या इक्विटी म्यूचुअल फंड बेचकर 1.25 लाख रुपये तक का मुनाफा कमाया है।
- आईटीआर-1, जिसे 'सहज' फॉर्म भी कहते हैं, उन लोगों के लिए है जिनकी कुल आय 50 लाख रुपये तक है और आय का स्रोत वेतन, एक मकान की संपत्ति, ब्याज, या 5,000 रुपये तक की कृषि आय है।

बिजनेस साइट

# एलन कोटा में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को मिलेगी नीट की निशुल्क कोचिंग

**कोटा।** एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा संबल योजना की वर्ष 2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के तहत 2026 में नीट की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग, आवास और भोजन की सुविधा दी जाएगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संकल्प कैम्पस में आयोजित कार्यक्रम में योजना के दूसरे वर्ष के पोस्टर का विमोचन एलन निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, डॉ. नवीन माहेश्वरी और डॉ. बृजेश माहेश्वरी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर न्यास के ट्रस्टी डॉ. नवीन माहेश्वरी ने बताया कि यह योजना हिन्दी भाषी सात राज्यों - बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सरकारी स्कूलों के हिंदी माध्यम के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई है। योजना के तहत उन्हीं विद्यार्थियों का चयन होगा, जिन्होंने सत्र 2024-25 में जीव विज्ञान विषय से 12वीं उत्तीर्ण की हो। परीक्षा 22 जून को उक्त सात राज्यों के 63 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 जून तय की गई है। जुलाई में परीक्षा परिणाम के आधार पर कुल 126 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा, जिसमें 81 छात्राएं और 45 छात्र होंगे।



शिक्षा संबल योजना 2025 के लिए आवेदन शुरू
7 राज्यों के 126 विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

# एसईएमएल ने बालको मेडिकल सेंटर को दी अत्याधुनिक एसीएलएस एम्बुलेंस

**रायपुर।** आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड (एसईएमएल) ने एक सराहनीय पहल करते हुए बालको मेडिकल सेंटर (बीएमसी) को एक उन्नत कार्डियक लाइफ सपोर्ट (एसीएलएस) एम्बुलेंस दान की है। बीएमसी, जो वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा संचालित एक प्रमुख ऑन्कोलॉजी संस्थान है, अब और अधिक प्रभावी ढंग से गम्भीर रोगियों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा सकेगा। यह अत्याधुनिक एम्बुलेंस कार्डियक मॉनिटर, वेंटिलेटर, डिफाइब्रिलेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट जैसी सभी आवश्यक जीवन रक्षक सुविधाओं से लैस है, जिससे रोगी को अस्पताल तक पहुंचाने के दौरान संपूर्ण देखभाल संभव होगी। चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि यह एम्बुलेंस एक जीवन रेखा के समान है और हमारे कैंसर मरीजों के लिए समय पर और गुणवत्तापूर्ण आपातकालीन सेवाएं सुनिश्चित करेगी।

# बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच ब्लूचिप फंड में निवेश करना सबसे कम रिस्की


- एक साल में दिया 16% तक रिटर्न और जोखिम भी न के बराबर
- लंबे समय तक एसआईपी के जरिए निवेश करना सबसे बेहतर
- ब्लूचिप फंड्स या लार्ज कैप फंड्स ने बेहतर रिटर्न दिया

बिजनेस डेस्क

अगर आप शेयर बाजार में निवेश करना चाहते हैं, लेकिन ज्यादा रिस्क नहीं लेना चाहते, तो ब्लूचिप फंड्स एक बेहतर विकल्प हो सकते हैं। एसआईपी के जरिए लंबी अवधि में निवेश करके आप सुरक्षित और अच्छा रिटर्न पा सकते हैं। पिछले कुछ महीनों में शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव काफी देखने को मिला है। इस वजह से कई निवेशकों का पोर्टफोलियो नुकसान में चला गया। हालांकि इसी बीच म्यूचुअल फंड की ब्लूचिप फंड्स या लार्ज कैप फंड्स ने बेहतर रिटर्न दिया है। पिछले एक साल में लार्ज कैप ने 16% तक का रिटर्न दिया है। लंबे समय तक सिस्टमैटिक इन्वेस्प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश करके आप इस फंड में आप अच्छा रिटर्न बना सकते हैं। अंततः, ब्लूचिप फंड एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है यदि आप लंबी अवधि के लिए निवेश करना चाहते हैं और कम जोखिम वाले निवेश विकल्प की तलाश में हैं। ब्लूचिप फंड्स को लार्ज कैप म्यूचुअल फंड्स भी कहा जाता है। ये ऐसे फंड होते हैं जो देश की टॉप 100 बड़ी कंपनियों में निवेश करते हैं। उदाहरण के तौर पर- एसबीआई ब्लूचिप फंड, आईसीआईसीआई प्रू ब्लूचिप फंड, एक्सिस ब्लूचिप फंड, कोटक ब्लूचिप फंड आदि। इन फंड्स को नियम के अनुसार अपनी 80% से ज्यादा राशि टॉप 100 कंपनियों में निवेश करनी होती है। बड़ी कंपनियों में निवेश होने के कारण इनमें रिस्क कम होता है और लॉन्ग टर्म में अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना ज्यादा होती है।

### क्यों करें ब्लूचिप फंड में निवेश

- कम रिस्कः बड़ी और मजबूत कंपनियों में निवेश होता है, इसलिए बाजार की गिरावट का असर कम होता है।
- अच्छा रिटर्नः लंबे समय तक निवेश करने पर 12% से 16% तक सालाना रिटर्न मिल सकता है।-एसआईपी से निवेश आसानः हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा लगाकर लंबी अवधि में बड़ा फंड तैयार किया जा सकता है।
- लिक्विडिटीः इसमें कोई लॉक-इन पीरियड नहीं होता, जरूरत पड़ने पर पैसा निकाला जा सकता है।



### किसके लिए सही है ये निवेश

- जो लोग कम रिस्क के साथ शेयर बाजार में निवेश करना चाहते हैं।
- जो 3 से 5 साल या उससे ज्यादा समय तक निवेश कर सकते हैं।
- नौकरीपेशा लोग, नए निवेशक और रिटायरमेंट प्लानिंग करने वाले लोग इसमें निवेश कर सकते हैं।

### निवेश से पहले ध्यान दें

1. फंड का पिछला प्रदर्शन देखें।
2. फंड मैनेजर का अनुभव और रिकॉर्ड देखें।
3. एक्सपेंस रेशियो (फीस) ज्यादा न हो।

### ब्लूचिप फंड के फायदे

1. स्थिरता और कम जोखिमः ब्लूचिप फंड आमतौर पर कम जोखिम वाले निवेश विकल्प माने जाते हैं।
2. लंबी अवधि में अच्छा रिटर्नः ब्लूचिप फंड लंबी अवधि में अच्छा रिटर्न प्रदान कर सकते हैं।


## कार्यालय तहसीलदार एवं व्यवस्थापक राजगामी सम्पदा राजनांदगाव

क्रमांक / 123/ रा.स./ 2025 राजनांदगांव, दिनांक 16.05.2025

निविदा सूचना

श्रीमति सूर्यमुखी देवी राजगामी सम्पदा न्यास राजनांदगांव की 02 ग्राम में स्थित कृषि भूमि को दिनांक 01.06.2025 से 15.05.2026 तक की अवधि के लिए लायसेंस पर कृषि कार्य के लिये दिया जाना है। इस बाबत मोहरबंद निविदा दिनांक 27.05.2025 दिन मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे खोली जावेगी। निविदादाता चाहे तो उपस्थित रह सकते हैं।

| क्र. | ग्राम का नाम | रकबा एकड़ में | निविदा के साथ डी.डी. | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाण्डादाह | 98.06 | 4,65,000.00 | 50,000.00 | 300.00 |
| 2 | रौनाभाठा | 7.70 | 30,000.00 | 6,000.00 | 300.00 |

निविदा की शर्तें, कृषि भूमि के चक की विस्तृत जानकारी एवं अन्य जानकारी कार्यालय व्यवस्थापक राजगामी सम्पदा राजनांदगांव में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।

तहसीलदार एवं व्यवस्थापक
राजगामी सम्पदा राजनांदगांव

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्युशन कं. लिमि.

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.म.की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

// बिजली बंद की सूचना //

(स./सं.) संभाग छ.स्टे. पॉ. डिस्ट्री. कं. लिमि. कसडोल संभाग के वितरण केन्द्र चांदन उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि प्री मानसून पूर्व लाईन मेंटेनेंस कार्य हेतु निम्नांकित दिनांक को प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक नीचे दशार्य गये क्षेत्रानुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | प्रस्तावित फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 19.05.2025 | 11 के.व्ही. रिकोकला व चांदन बस्ती फीडर | चांदन, सुखरी, छतवन, रिकोकला |
| 2 | 20.05.2025 | 11 केव्ही. सोनपुर बस्ती फीडर | सोनपुर, बरपानी, भानपुर |
| 3 | 21.05.2025 | 11 केव्ही. राजादेवरी फीडर | राजादेवरी |
| 4 | 22.05.2025 | 33 के.व्ही. चांदन फीडर | राजादेवरी एवं चांदन सबस्टेशन से निकलने वाले समस्त फीडरो के अंतर्गत आने वाले ग्राम |
| 5 | 23.05.2025 | 11 के.व्ही. बेलारी बस्ती पुराना फीडर | मानदिप, नगरदा, छाता, कुरमाझर, कलमिदादर, कवहाजुनवानी, बानीखार, मगरदरहा, थरगाँव, निठोरा |
| 6 | 24.05.2025 | 11 के.व्ही. थरगांव बस्ती फीडर | थरगॉव |
| 7 | 25.05.2025 | 11 के.व्ही. सोनाखान बस्ती फीडर | सोनाखान, कुम्हारी, कोर्राडीही, कसोंदी, भुषडीपाली, महकम |
| 8 | 26.05.2025 | 33 के.व्ही. सोनपुर | सोनपुर एवं सोनपुर सब स्टेशन से निकलने वाले 11 के.व्ही के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 9 | 27.05.2025 | 11 के.व्ही. कुशमाठा बस्ती फीडर | कुशभाठा, खैरा, भानपुर, कुशगढ़ |
| 10 | 28.05.2025 | 33 के.व्ही. नगेडा | नगेडा एवं नगेडा सब स्टेशन से निकलने वाले 11 के.व्ही के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 11 | 29.05.2025 | 11 के.व्ही. देवरूम फीडर | देवरूम, गोलाझर, देवगांव, बाघमाडा |
| 12 | 30.05.2025 | 33 के. व्ही. राजपुर फीडर | मानदीप एवं नगेडा सब स्टेशन से निकलने वाले 11 के.व्ही के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 13 | 31.05.2025 | 11 के.व्ही. अचानकपुर फीडर | अचानकपुर |
| 14 | 01.06.2025 | 33 के.व्ही. राजादेवरी फीडर | राजादेवरी एवं राजादेवरी सब स्टेशन से निकलने वाले 11 के.व्ही के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 15 | 02.06.2025 | 11 के.व्ही. बेलारी बस्ती पुराना फीडर | मानदिप, नगरदा, छाता, कुरमाझर, कलमिदादर, कवहाजुनवानी, बानीखार, मगरदरहा, थरगाँव, निठोरा |
| 16 | 03.06.2025 | 11 के.व्ही. नगेडा बस्ती | गनीयारी, नगेडा, करमेल, सराईपाली, गांजरडिही, अर्जुनी, बेलारी |

आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभव है।

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा का संरक्षण करें"

बी. के. वर्मा 91549939
कार्यपालन यंत्री (सं.सं.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.कि. कं. लिमि.-कसडोल

## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, रामगढ़

Email ID :- eedbramgarh@gmail.com

-:: शुद्धि पत्र ::-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणवश इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या ZP/RAMGARH/01/2025-26, PR No.- 352355 अन्तर्गत प्रकाशित निविदा के क्रम संख्या– 09 में अंकित " **जिला परिशद्, रामगढ़ के अंतर्गत पंजीकृत समुचित श्रेणी के संवदेक** " के स्थान पर " **विद्युत विभाग, झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत श्रेणी– I में पंजीकृत संवेदक** " पढ़ा व समझा जाय।
शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, रामगढ़।

PR.NO.352784 District(25-26):D

## कार्यालय नगर परिषद, पाकुड़

E-Procurement cell
Office of the Executive Officer Nagar Parishad, Pakur
Urban Development & Housing Department

e-procurement Notice
Short Tender Notice No.- E-Tender/NPP/06/2025-26
Corrigendum (PR no-351929)

| SL. No | E-Tender REF NO. | NAME OF WORK | TENDER VALUE | TIME OF COMPLETION | EARNEST MONEY | BID DOCUMENT FEES |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NPP/06/2025-26 | Construction of Faecal Sludge Treatment Plan (FSTP) of Capacity 20 KLD at Pakur Nagar Parishad, Pakur & Operation and Maintenance for 5 years | Construction Cost: Rs. 4,14,08,531.00; Operation & Maintenance Cost : Rs. 2,28,36,215.00; Total Rs. 6,42,44,746.00 | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 month of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLPs | Rs. 642447.00 | Rs. 25,000/- (Rupees Twenty Five Thousand Only); non-refundable. |
| 2 | Date of Publication of tender on website | | | 19.05.2025 | | |
| 3 | Date of Pre-Bid Meeting | | | 22.05.2025 | | |
| 4 | Closing date and time for receipt | | | 02.06.2025 Up to 05:00 PM | | |
| 5 | Opening date and time of opening of technical bid | | | 03.06.2025 Upto 03:30 PM | | |
| 6 | Name and address of office inviting tender | | | Executive Officer,Nagar Parishad, Pakur | | |
| 7 | Helpline number of e-procurement cell | | | 9771198870 / 7004792039 | | |

NOTE: AUTHORITY RESERVES THE RIGHT TO CANCEL TENDER WITHOUT ASSIGNING ANY REASON THERE OF. FURTHER DETAILS CAN BE SEEN ON WEBSITE http://jharkhand tendwrs.gov.in

PR 352777 (Urban Development)25-26*D कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद, पाकुड़

## खबर संक्षेप



### यू मुंबा ने कोर टीम को बरकरार रखा

**मुंबई।** सुनील कुमार प्रो कबड्डी लीग में यू मुंबा की अगुवाई करना जारी रखेंगे, जिसमें टीम ने टूर्नामेंट के 12वें सत्र के लिए रेडर रोहित राघव सहित अपने नौ प्रमुख खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। दायीं ओर से डिफेंडर की भूमिका निभाने वाले सुनील पीकेएल इतिहास में सबसे सफल कप्तान हैं तो वहीं राघव पिछले सत्र में टीम के लिए तुरूप का इक्का बनकर उभरे थे। नीलामी में किसी भी फ्रेंचाइजी से बोली हासिल करने में नाकाम रहे राघव ने चोटिल खिलाड़ी के विकल्प के तौर पर टीम से जुड़कर पिछले सत्र में 68 रेड पॉइंट और 11 टैकल पॉइंट के साथ प्रभावित किया था।

### जीव आयरिश लीजेंड्स में संयुक्त चौथे स्थान पर

**किलकेनी।** भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने यहां 'आयरिश लीजेंड्स गोल्फ टूर्नामेंट' के दूसरे दिन पांच अंडर 67 का संयुक्त रूप से दिन का सबसे बेहतर कार्ड खेला जिससे वह दो दौर के खेल के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर है। उन्होंने पहले दौर में 70 का कार्ड खेला था जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर का है। उनके और तालिका में शीर्ष पर काबिज कीथ हॉर्न (65-68) के बीच चार शॉट का फासला है। जीव पिछले साल इस स्पर्धा में संयुक्त आठवें स्थान पर रहे थे।




### भारत जीत का मजबूत दावेदार

**यूपिया।** भारतीय टीम सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप के फाइनल में रविवार को यहां चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश टूर्नामेंट में अब तक के दबदबे वाले अजेय क्रम को जारी रखने की होगी। ग्रुप चरण में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद भारत जीत का प्रबल दावेदार है। टीम ने ग्रुप चरण में श्रीलंका को 8-0 और नेपाल को 4-0 से धूल चटाने के बाद सेमीफाइनल में मालदीव को 3-0 से रौंदा। बांग्लादेश भी अब तक अजेय है। उसने मालदीव के साथ 2-2 से ड्रॉ खेला।



### युकी और गैलोवे सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** भारत के युकी भांबरी और उनके अमेरिकी जोड़ीदार रॉबर्ट गैलोवे ने शनिवार को क्वेंटिन हैलिस और अल्बानो ओलिवेटी की गैरवरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी को सीधे सेट में हराकर बॉरडॉक्स चैलेंजर के पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत और अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे आठ मिनट चले मुकाबले में अपने गैरवरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों पर 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की।



### हॉकी इंडिया ने घोषित की जूनियर महिला टीम

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना के रोसारियो में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए शनिवार को 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की जिसमें गोलकीपर निधि को कप्तान बनाया गया है जबकि हिना बानो उप-कप्तान होंगी। यह टूर्नामेंट 25 मई से दो जून तक खेला जाएगा जिसमें भारत और मेजबान अर्जेंटीना के अलावा उरुग्वे और चिली की टीम हिस्सा लेंगी। दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम प्रत्येक टीम के खिलाफ दो मैच खेलेगी जो उसे अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने, टीम संयोजन का आकलन करने और रणनीतियों को बेहतर करने में मदद करेगा।

---

आईपीएल : रॉयल्स की टीम मौजूदा सत्र में कर रही औसत प्रदर्शन

# पंजाब की नजरें प्ले ऑफ पर, प्रतिष्ठा बचाने आज उतरेगा राजस्थान रॉयल्स

एजेंसी ▶▶| जयपुर

पंजाब किंग्स की टीम रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक और शानदार प्रदर्शन के साथ प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। रॉयल्स की टीम मौजूदा सत्र में अच्छे खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद औसत प्रदर्शन भी नहीं कर पाई है। एक सप्ताह के ब्रेक के बाद सवाई मानसिंह स्टेडियम में वापसी करते हुए श्रेयस अय्यर की टीम आठ मई के उस बुरे सपने को भूलने की उम्मीद करेगी जब भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल के खिलाफ उनका मैच रद्द करना पड़ा और खिलाड़ियों को अंधेरे में अपने ड्रेसिंग रूम में लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस और जोश इंगलिस टीम में फिर से शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं लेकिन वे आईपीएल के बहाल होने के बाद पंजाब के पहले मैच में नहीं खेल पाएंगे जिससे टीम को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका द्वारा वापस बुलाए गए तेज गेंदबाज मार्को यानसेन की अनुपस्थिति पंजाब की टीम को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाएगी।






### फार्म में बल्लेबाज

पंजाब के पास कप्तान अय्यर, सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और नेहल वढेरा की मौजूदगी में भारतीय खिलाड़ियों का एक मजबूत दल है और भारत-पाकिस्तान तनाव के बाद विदेशी खिलाड़ियों के जाने के बावजूद टीम पर अधिक असर नहीं पड़ा है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और फॉर्म में चल रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल से टीम को काफी उम्मीद होगी।

### मेजबान प्लेऑफ से बाहर



मेजबान टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और 12 मैच में केवल तीन जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। रॉयल्स की टीम अपने घरेलू प्रशंसकों के सामने आखिरी मैच में जीत दर्ज करना चाहेगी लेकिन इसके लिए उसे अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि उसने अपने पिछले पांच में से चार मैच गंवाए हैं। टीम के लिए चौदह वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने 35 गेंद में शानदार शतक जड़कर दुर्लभ पारी खेली थी लेकिन रॉयल्स की टीम हर बार इस तरह की व्यक्तिगत प्रतिभा पर निर्भर नहीं रह सकती।

### गुजरात की मजबूत टीम से होगी दिल्ली की भिड़ंत

नई दिल्ली। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण अपने पिछले मैच के अचानक स्थगित होने का झटका झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम रविवार को यहां आईपीएल तालिका में शीर्ष पर चल रहे गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश गेंदबाजी की चिंताओं को दूर करने और फिर से एकजुट होने की होगी जिससे कि प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जीवंत रख सके। दिल्ली ने अपने पिछले पांच मैच में तीन गंवाए हैं और एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा। टूर्नामेंट फिर से शुरू किया जा रहा है लेकिन कई विदेशी खिलाड़ी अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए वापस नहीं आ रहे जिससे फ्रेंचाइजी को अपनी टीम में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। टीम को उस समय बड़ा झटका लगा जब शीर्ष तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने बाकी सत्र के लिए वापस नहीं लौटने का फैसला किया।

---

## बारिश के कारण आरसीबी और केकेआर का आईपीएल मैच रद्द



एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच लगातार बारिश के कारण रद्द हो गया जिससे दोनों टीमों को एक एक अंक मिले। आरसीबी इस तरह आईपीएल प्लेऑफ के एक कदम और करीब पहुंच गई है जबकि केकेआर दौड़ से बाहर हो गई है।

शाम छह बजे के आसपास शुरू हुई बारिश बंद नहीं हुई जिससे टॉस भी नहीं हो सका और अधिकारियों ने आखिरकार रात 10.24 बजे खेल रद्द करने का फैसला किया। आरसीबी के अब 12 मैच में 17 अंक हैं और बचे हुए दो मैच में से एक में जीत उनके लिए प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए काफी होगी। फिलहाल वे गुजरात टाइटन्स (16 अंक) से आगे तालिका में शीर्ष पर हैं। आरसीबी 23 मई को अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसके बाद 27 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच होगा। नाइट राइडर्स का खराब प्रदर्शन इस आईपीएल सत्र में बारिश के साथ ही खत्म हो गया। केकेआर के 13 मैचों में 11 अंक हैं और अगर वह हैदराबाद के खिलाफ अपना अंतिम लीग मैच जीतकर 15 अंक भी कर लेते हैं तो भी उनके लिए नॉकआउट में प्रवेश करना असंभव है।

### सिनर-अल्कारेज के बीच होगा खिताबी मुकाबला

*रोम। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने शुक्रवार रात को यहां टॉमी पॉल के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत कार्लोस अल्कारेज से होगी। सिनर ने दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल को सेमीफाइनल में 1-6, 6-0, 6-3 से हराया। वह 1976 में एड्रियानो पेनेटा के बाद रोम ट्रॉफी जीतने वाला इटली का पहला पुरुष खिलाड़ी बनने के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। इससे पहले अल्कारेज ने लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ 6-3, 7-6 की आसान जीत के साथ खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।*

---




### प्रज्ञानानंदा ने जीता सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट

बुकारेस्ट। भारत के आर प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के साथ रोमांचक टाइब्रेक प्लेआफ मुकाबला जीतकर सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट अपने नाम किया। जीत के बाद प्रज्ञानानंदा ने एक्स पर लिखा, 'अविश्वसनीय अनुभव। अभी अभी बुकारेस्ट में सुपरबेट शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट जीता। मेरी टीम और सहयोगियों को लगातार हौसलाअफजाई करने के लिए धन्यवाद।' प्रज्ञानानंदा, वाचियेर लाग्रेव और फिरोजा नौ दौर के बाद 5.5 अंक लेकर बराबरी पर थे जिससे विजेता का फैसला त्रिकोणीय टाइब्रेकर से हुआ। टाइब्रेकर में पहली दो बाजियां ड्रॉ रहने के बाद प्रज्ञानानंदा ने तीसरी बाजी और खिताब जीता। भारत के विश्व चैंपियन डी गुकेश चार अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे। अब ग्रैंड शतरंज टूर का अगला टूर्नामेंट सुपर युनाइटेड रैपिड और ब्लिट्ज एक जुलाई से क्रोएशिया में खेला जाएगा।

नीरज ने जताई खुशी

## मैं फिट... चोटमुक्त, और 90 मीटर से अधिक भाला फेंकने पर नजर




एजेंसी ▶▶| दोहा

राहत और खुशी के साथ-साथ थोड़ी निराशा भी महसूस कर रहे भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने कहा कि अब जबकि वह 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं तो वह और आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। उनका शरीर अब उन चोट से लगभग मुक्त हो गया है जो पिछले कुछ वर्षों से उन्हें परेशान कर रहीं थी।

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय नीरज ने तीसरे प्रयास में भाले को 90.23 मीटर तक पहुंचाया नीरज ने स्पर्धा के बाद कहा, 'मैं 90 मीटर के प्रयास से बहुत खुश हूं लेकिन यह असल में थोड़ा खट्टा-मीठा अनुभव है। लेकिन कोई बात नहीं मैं और मेरे कोच अब भी मेरे थ्रो के कुछ पहलुओं पर काम कर रहे हैं। हमने इस साल फरवरी में ही साथ काम करना शुरू किया था। मैं अब भी चीजें सीख रहा हूं।' जेलेजनी के नाम 98.48 मीटर तक भाला फेंकने का विश्व रिकॉर्ड है और वह आमतौर पर डाइमंड लीग में नहीं जाते लेकिन चेक गणराज्य का यह कोच चोपड़ा के साथ यहां आया था क्योंकि उन्हें लगा था कि इस प्रतियोगिता में 90 मीटर के आंकड़े को पार किया जा सकता है।

### अब ग्रोइन की समस्या नहीं

नीरज ने कहा, 'पिछले कुछ वर्षों से मुझे हमेशा ग्रोइन में कुछ महसूस होता था। इस वजह से मैं अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाया। इस साल मैं बहुत बेहतर महसूस कर रहा हूं। हम कुछ पहलुओं पर भी काम करेंगे और इसलिए मेरा मानना है कि मैं इस साल विश्व चैंपियनशिप से पहले की प्रतियोगिताओं में 90 मीटर से अधिक भाला फेंक सकता हूं।'

### अगला लक्ष्य भी 90 मीटर

विश्व चैंपियनशिप 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में आयोजित की जाएगी जिसमें हरियाणा के नीरज गत चैंपियन हैं। अब जब 90 मीटर का आंकड़ा पार हो गया है तो अपने अगले लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर नीरज ने कहा, 'मेरा अगला लक्ष्य 90 मीटर ही है। मुझे लगता है कि मैं और आगे फेंकने के लिए तैयार हूं। यह एक लंबे सत्र की शुरुआत है।' नीरज ने कहा कि यहां की परिस्थितियों ने उन्हें बड़े थ्रो करने में मदद की क्योंकि हवा चल रही थी।

### जूनियर निशानेबाज पहले विश्व कप के लिए तैयार



**नई दिल्ली।** भारत के 40 निशानेबाजों और सहयोगी स्टाफ का पहला जत्था जर्मनी के सुहल में जूनियर अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी कैलेंडर के पहले आईएसएसएफ विश्व कप के लिए शनिवार को रवाना होगा। प्रतिस्पर्धा 20 मई से शुरू होकर 26 मई को समाप्त होंगी। भारत पिछले साल तीन जूनियर आईएसएसएफ टूर्नामेंट में से दो में शीर्ष पर रहा था। इस साल भारत ने 57 निशानेबाजों का बड़ा दल उतारा है जिनके साथ 21 कोच और सहयोगी स्टाफ होंगे। अब 38 सदस्यों (28 निशानेबाज और 10 सहयोगी स्टाफ) का दूसरा जत्था रविवार को रवाना होगा।

### एस्टन विला और चेल्सी जीते चैंपियंस लीग क्वालीफाई करने की बढ़ी उम्मीद



**बर्मिंघम।** एस्टन विला और चेल्सी ने अपने घरेलू मुकाबलों में जीत दर्ज करके प्रीमियर लीग फुटबॉल में शीर्ष पांच में रहने और अगले साल होने वाली चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद बढ़ा दी। एस्टन विला ने एजरी कोन्सा और बोबाकार कामरा के गोल की मदद से टोटेनहैम हॉट्सपर को 2-0 से हराया जबकि चेल्सी ने मार्क सुसुरेला के दूसरे हाफ में दागे गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाईटेड को 1-0 से शिकस्त दी। इस जीत से चेल्सी की टीम 66 अंक के साथ चौथे जबकि एस्टन विला की टीम इतने ही अंकों के साथ खराब गोल अंतर के कारण पांचवें स्थान पर है। लीग विजेता लीवरपूल चैंपियन्स लीग के लिए क्वालीफाई कर चुका है। बाकी टीमें चार स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रही हैं।


HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

**मांग-सूचना**

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।

जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए।, यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.

उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए।. ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।

सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | **श्री चौहान बिहारी लाल,** खसरा 20(भाग), प.ह.नं.-107/49, मौजा गुढ़ियारी, शिवानंद नगर, नेताजी कन्हैया लाल वार्ड-8, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001.<br>**श्री चौहान बिहारी लाल,** वार्ड नंबर 21, कैलाश नगर, बीरगांव, रायपुर, सिन्हा किराना स्टोर के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन – 492001.<br>**श्री चौहान बिहारी लाल,** मां कुदरगढ़ी स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड, बजरंग मडालिक के पास, सरोरा, रायपुर – रायपुर – 492001<br>**श्रीमती चौहान लता,** खसरा 20(भाग), प.ह.नं.-107/49, मौजा गुढ़ियारी, शिवानंद नगर, नेताजी कन्हैया लाल वार्ड-8, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001.<br>**श्रीमती चौहान लता,** वार्ड नंबर 21, कैलाश नगर, बीरगांव, रायपुर, सिन्हा किराना स्टोर के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन – 492001. | ₹15,40,115/- as on 31-मार्च-25 | 05-मई.-2025 | समा भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति, खसरा 20 (भाग), प.ह.नं. -107/49, मौजा गुढ़ियारी, शिवानंद नगर, नेताजी कन्हैया लाल वार्ड-8, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001. |
| 2. | **श्री देवांगन डोमन लाल,** खसरा नया 595/64, पुराना 595/6(भाग), मकान नंबर 57, मौजा-रायपुरा, कुम्हार पारा, माधवराव सप्रे वार्ड-69, गणेश नगर, नि. दुर्गा मंदिर, रायपुर 492001.<br>**श्री देवांगन डोमन लाल,** ब्लॉक नंबर- ए, महादेव घाट रोड, केआरसी टॉवर के पीछे, रायपुरा, ओम हॉस्पिटल के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन – 492001<br>**श्री देवांगन डोमन लाल,** मेसर्स. डी एस सर्विस, ब्लॉक नंबर-ए, केआरसी टॉवर के पीछे, महादेव घाट रोड, रायपुरा, रायपुर – 492001.<br>**श्रीमती देवांगन अंजू,** खसरा नया 595/64, पुराना 595/6(भाग), मकान प.ह. 57, मौजा-रायपुरा, कुम्हार पारा, माधवराव सप्रे वार्ड-69, गणेश नगर, नि. दुर्गा मंदिर, रायपुर 492001.<br>**श्रीमती देवांगन अंजू,** ब्लॉक नंबर- ए, महादेव घाट रोड, केआरसी टॉवर के पीछे, रायपुरा, ओम अस्पताल के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन – 492001. | ₹38,39,960/- as on 31-मार्च-25 | 05-मई.-2025 | सभी भाग एवं आंशिक भाग युक्त मकान, जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट है (भूतल-850 वर्गफीट प्रथम तल- 1000 वर्गफीट) खसरा नया 595/64, पुराना 595/6 (भाग), मकान प.ह. 57, मौजा रायपुरा, कुंभार पारा, माधवराव सप्रे वार्ड-69, गणेश नगर, दुर्गा मंदिर के पास, रायपुर 492001. |
| 3. | **श्रीमती कुजूर ग्रेस,** यूनिट-के-26, क्लासिक सिटी, स.क्र., खसरा नं. 170/2, 171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3,179, 180, 182/7-8-13, 248/1-2; प.ह.नं. 23/11; ग्राम- परसुलीडीह, रायपुर 492001.<br>**श्रीमती कुजूर ग्रेस,** मकान नंबर 8, दर्रीडीह, मिशनपारा, गांव दर्रीडीह, बलरामपुर – अंबिकापुर, छ.ग. 497119.<br>**श्रीमती कुजूर ग्रेस,** शासकीय अस्पताल, अम्बिकापुर-बलरामपुर, कार्यालय-खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अंदुरा, बलरामपुर, अंबिकापुर – 497119.<br>**श्री कुजूर नीतीश,** यूनिट-के-26, क्लासिक सिटी, स.क्र., खसरा नं. 170/2, 171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3,179, 180, 182/7-8-13, 248/1-2; प.ह.नं. 23/11; ग्राम- परसुलीडीह, रायपुर 492001.<br>**श्री कुजूर नीतीश,** मकान नंबर 8, दर्रीडीह, मिशनपारा, गांव दर्रीडीह, बलरामपुर – अंबिकापुर, छ.ग. 497119. | ₹16,41,871/- as on 31-मार्च-25 | 05-मई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की भूमि युक्त संपत्ति जिसका क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट है, यूनिट-के-26, क्लासिक सिटी, स.क्र., खसरा नं. 170/2, 171/2-5, 172/1-3-4, 177/2, 178/3, 179, 180, 182/7-8-13, 248/1-2; प.ह.नं. 23/11; ग्राम-परसुलीडीह, रायपुर, छ.ग. 492001. |
| 4. | **श्री साहू मुकेन्द्र प्रसाद,** प्लॉट-जी-134, अरन्या सिटी ऑफ वुडलैंड, स.क्रमांक, 15000/1-2-3, ग्राम चटौद, प.ह.नं. 81/2, रायपुर 492001.<br>**श्री साहू मुकेन्द्र प्रसाद,** माँ जोयोटा किराना स्टोर के पास, आकाश गैस गोदाम रोड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर, गुढ़ियारी – रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001.<br>**श्री साहू मुकेन्द्र प्रसाद** मै. मुकेन्द्र प्रसाद साहू, पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर, गुढ़ियारी, आकाश गैस गोदाम रोड, रायपुर 492001.<br>**श्रीमती साहू नीतू,** प्लॉट-जी-134, अरन्या सिटी ऑफ वुडलैंड, स. क्रमांक, 15000/1-2-3, ग्राम चटौद, प.ह.नं. 81/2, रायपुर 492001.<br>**श्रीमती साहू नीतू,** दीनदयाल उपाध्याय नगर, गुढ़ियारी, ज्योति किराना स्टोर, फाफाडीह, गुढ़ियारी, रायपुर-छत्तीसगढ़, 492009. | ₹ 4,29,358/- as on 31-मार्च-25 | 02-मई-2025 | प्लॉट-जी-134, अरण्य सिटी ऑफ वुडलैंड, स.क्र., 15000/1-2-3, ग्राम चटौद, प.ह.नं. 81/2, रायपुर 492001. |
| 5. | **श्री नंदनी जयेश,** फ्लैट-510, फ्लोर-5, अविनाश आशियाना, ब्लॉक बी, क्रमांक खसरा नं. 4/2, 4/3, 6/1, 4/5, 4/11, 6/3, 4/6, 4/7, 6/4, प.ह.नं. 37, ग्राम-कोटा, रायपुर, छ.ग. 492001.<br>**श्री नंदनी जयेश,** मकान नंबर एल-26, अवनी विहार, दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर छत्तीसगढ़, 492001.<br>**श्री नंदनी जयेश,** दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेमरिया, सेमरिया, बलौदा बाजार रोड रायपुर, रायपुर छ.ग. – 492001.<br>**श्रीमती नंदनी सुचित्रा,** फ्लैट-510, फ्लोर-5, अविनाश आशियाना, ब्लॉक बी, क्रमांक खसरा नं. 4/2, 4/3, 6/1, 4/5, 4/11, 6/3, 4/6, 4/7, 6/4, प.ह.नं. 37, ग्राम-कोटा, रायपुर, छ.ग. 492001.<br>**श्रीमती नंदनी सुचित्रा,** मकान नंबर एल-26, अवनी विहार, दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001. | ₹12,28,047/- as on 31-मार्च-25 | 05-मई.-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की फ्लैट क्षेत्रफल- SBA: 505 वर्ग फीट (कारपेट एरिया : 363.25 वर्ग फीट + बालकनी एरिया : 25.33 वर्गफीट = 388.58 वर्ग फीट) फ्लैट-510, फ्लोर-5 अविनाश आशियाना, ब्लॉक बी, स.क्र., खसरा नं. 4/2, 4/3, 6/1, 4/5 4/11, 6/3, 4/6, 4/7, 6/4, प.ह.नं.37, ग्राम-कोटा, रायपुर 492001. |
| 6. | **श्री पोर्ते नरेन्द्र कुमार,** MIG-Duplex-348, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बोरसी, दुर्ग 491001.<br>**श्री पोर्ते नरेन्द्र कुमार,** एप्सडेली साल्यूशंस प्रायवेट लिमिटेड, एकता टावर, सर्कस ग्राउंड के पास, सुपेला, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई – 4490020. | ₹15,37,506/- as on 31-मार्च-25 | 05-मई-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग युक्त मकान क्षेत्रफल- 65.47 वर्ग मीटर (निर्मित क्षेत्र- 55.73 वर्ग मीटर, प्रथम तल- 13.20 वर्ग मीटर) एमआईजी-डुप्लेक्स-348, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, स.क्र., हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बोरसी, दुर्ग 491001. |
| 7. | **श्री सिंह सुशील कुमार,** प्लॉट नंबर 17, मकान 17, खसरा नं.-276/58, प.ह.नं. 19/22, कॉलोनी, शांति कुंज, मौजा रिसाली, वार्ड क्रमांक 63 रिसाली, भिलाई, दुर्ग छ.ग. 490009.<br>**श्री सिंह सुशील कुमार,** 6003 (आई), आर्मड वीकस्प, C/o. 56 Apo, पिन-906003, C/o. 56 Apo, कालूचक, C/o. 56 Apo, भारत 999056.<br>**श्री सिंह सुशील कुमार,** भारतीय सेना, 6003 1 Armd Wksp C/o 56 Apo, कालूचक, जम्मू – 180010.<br>**श्रीमती सिंह सुनीता,** प्लॉट नंबर 17, मकान 17, खसरा नं.-276/58, प.ह.नं. 19/22, कॉलोनी, शांति कुंज, मौजा रिसाली, वार्ड क्रमांक 63 रिसाली, भिलाई, दुर्ग छ.ग. 490009.<br>श्रीमती सिंह सुनीता, 7/बी, स्ट्रीट नंबर Av-A, सेक्टर नंबर 06, सिविक सेंटर- भिलाई, छत्तीसगढ़, पिन – 490006 – भारत। | ₹27,14,108/- as on 31-मार्च-25 | 05-मई.-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की संपत्ति प्लॉट नंबर 17, मकान 17, ख.नं.-276/58, प.ह.नं. 19/22, कॉलोनी, शांति कुंज, मौजा रिसाली, वार्ड क्रमांक 63, रिसाली, भिलाई, दुर्ग छ.ग. 490009. |
| 8. | **श्री साहू मिथलेश कुमार** (कानूनी वारिस और साथ ही सह-उधारकर्ता), श्री साहू टीकाराम के पुत्र (मृतक पश्चात्) एवं कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी और असाइन, प्लॉट, ए 23, अविनाश कैपिटल होम्स-2, एक्सटेंशन -2, स.क्र. 15042, ग्राम सड्डू, प.ह.नं. 44, रायपुर 492001.<br>**श्री साहू मिथलेश कुमार** (कानूनी वारिस और साथ ही सह-उधारकर्ता), श्री साहू टीकाराम के पुत्र (मृतक पश्चात्) एवं कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी और असाइन, 11 वार्ड 01, बालोद, भाटागांव, दुर्ग छ.ग. 491226.<br>**श्रीमती साहू शशिकला** (कानूनी वारिस और साथ ही सह-उधारकर्ता) श्री साहू टीकाराम की पत्नी श्री साहू टीकाराम के पुत्र (मृतक पश्चात्) एवं कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी और असाइन, 11 वार्ड 01, बालोद, भाटागांव, दुर्ग, छ.ग.491226.<br>**श्रीमती साहू शशिकला** (कानूनी वारिस और साथ ही सह-उधारकर्ता), श्री साहू टीकाराम के पत्नी (मृतक पश्चात्) एवं कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी और असाइन, प्लॉट-ए23, अविनाश कैपिटल होम्स-2, एक्सटेंशन-2, स.क्र. 15042, ग्राम सड्डू, प.ह.नं.44, रायपुर 492001.<br>**मिस/श्रीमती देवश्री साहू,** पुत्री श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) और कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) के असाइन, 11 वार्ड 01, बालोद, भाटागांव, दुर्ग, छ.ग.491226.<br>**मिस/श्रीमती देवश्री साहू,** पुत्री श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) और कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) के असाइन, प्लॉट-ए23, अविनाश कैपिटल होम्स-2, एक्सटेंशन-2, एस.नं. 15042, ग्राम सड्डू, प.ह.नं. 44, रायपुर 492001.<br>**मिस/श्रीमती। जयश्री साहू,** पुत्री श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) और कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी और असाइन, 11 वार्ड 01, बालोद, भाटागांव, दुर्ग, छ.ग. 491226.<br>**सुश्री/श्रीमती जयश्री साहू,** पुत्री श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) और कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) के उत्तराधिकारी और असाइन, प्लॉट-ए23, अविनाश कैपिटल होम्स-2, एक्सटेंशन-2, स.क्र. 15042, ग्राम सड्डू, प.ह.नं.44, रायपुर 492001.<br>**सुश्री/श्रीमती। मोनिका साहू,** पुत्री श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) और कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) के असाइन, 11 वार्ड 01, बालोद, भाटागांव, दुर्ग, छ.ग. 491226.<br>**मिस/श्रीमती मोनिका साहू,** पुत्री श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) और कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी और श्री साहू टीकाराम (मृतक पश्चात्) के असाइन, प्लॉट-ए 23, अविनाश कैपिटल होम्स -2, एक्सटेंशन -2, स.क्र. 15042, ग्राम सड्डू, प.ह.नं. 44, रायपुर 492001. | ₹11,82,704/- as on 31-मार्च-25 | 09-मई.-2025 | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की रिहायशी परिवर्तित भूमि क्षेत्रफल-798 वर्गफीट (74.13 वर्गमीटर), खसरा नंबर 15042/1 (भाग) प्लॉट-ए 23, अविनाश कैपिटल होम्स -2, एक्सटेंशन -2, स.क्र., 15042, ग्राम सड्डू प.ह. नंबर 44, कुशा भाऊ ठाकरे वार्ड-26, आरआईसी- रायपुर-1, तहसील और जिला-रायपुर, छ.ग. **चौहद्दी:-** (बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर: प्लॉट ए-22, दक्षिण: प्लॉट ए-24, पूर्व: बाउंड्री वॉल, पश्चिम: कॉलोनी रोड। |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।

उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, अम्बिकापुर
दिनांक : 18.05.2025
पंजीकृत पता- एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई-400020

कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

# MATS UNIVERSITY

MATS UNIVERSITY ready for life.......

NAAC GRADE A+ ACCREDITED UNIVERSITY

CHHATTISGARH'S FIRST AND ONLY PRIVATE UNIVERSITY ACCREDITED WITH AN A+ GRADE BY NAAC

SCAN FOR VIRTUAL TOUR OF MATS UNIVERSITY

## Where Potential Meets Purpose

### ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

FOR ONLINE ADMISSION VISIT : www.matsuniversity.ac.in

At MATS University, we don't just offer degrees - we empower dreams. Whether you're a high school graduate planning your future or professional looking to upskill, our Undergraduate and Postgraduate programmes are designed to elevate your potential.



### Diverse Academic Excellence : Over 50 Globally recognized programs

**School of Engineering**
- M.Tech.
- B.Tech.
- Diploma

Admission Help Line : 7389356989, 9109951182

**School of Management**
- M.B.A.
- B.B.A. (Hons.)

Admission Help Line : 9109913111

**School of Information Technology**
- M.C.A.
- M.Sc. (CS)
- P.G.D.C.A.
- B.Sc. Animation & Graphic Deisgning
- B.C.A.
- D.C.A.

Admission Help Line : 9109951181

**Law School**
- LL.M.
- B.A. LL.B.
- LL.B.

Admission Help Line : 9109997900

**School of Business Studies**
- M.Com.
- B.Com. (Hons.)

Admission Help Line : 7389376989

**School of Fashion Designing & Technology**
- M.Design (Fashion Design)
- B.Sc. (Hons.) (Fashion Design/ Interior Design)

Admission Help Line : 9109951183

**School of Physical Education**
- M.A. Yoga
- B.P.Ed.
- P.G.D.Y.Ed.

Admission Help Line : 9755199381

**School of Library & Information Science**
- M.Lib.I.Sc.
- B.Lib.I.Sc.

Admission Help Line : 9109991031

**School of Education**
- M.A. - Education
- B.Ed.

Admission Help Line : 9109951184

**School of Pharmacy**
- B.Pharmacy
- D.Pharmacy

Admission Help Line : 9755199381

**School of Sciences**
- M.Sc. Microbiology/ Chemistry/ Botany/ Zoology Mathematics/ Forensic Science
- B.Sc. Biotechnology/ Microbiology Forensic Science/ CBZ/ PCM
- PG Dip. in Forensic Science & Criminology

Admission Help Line : 9109991032

**School of Arts & Humanities**

**Department of Psychology**
- M.Sc. Psychology
- P.G.D.G.C.
- B.Sc. (Hons.) Psychology

Admission Help Line : 7471180268

**Department of Hindi**
- M.A.
- B.A. (Hons.)
- Diploma

Admission Help Line : 7880001773

**Department of English**
- M.A.
- B.A. (Hons.)

Admission Help Line : 9752942949

**Department of Social Work**
- B.S.W.
- M.S.W.

Admission Help Line : 9109994500

FOR DETAILS CALL : 1800 123 819999

**ADMISSION OFFICE** : RAIPUR CAMPUS, MATS TOWER, PANDRI, RAIPUR, CG, 492 004
**UNIVERSITY CAMPUS** : AARANG KHARORA HIGHWAY, AARANG, RAIPUR, CG, 493 441
**Tel :** 0771 4078995, 96, 98 **Mob:** 9109951184, 9755199381, 9109994500 **Email :** admissions@matsuniversity.ac.in


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com